दैनिक
# लोकमित्र
सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :111
प्रतापगढ़ | शनिवार, 22 फरवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# संभल हिंसा में चार्जशीट दाखिल

## ● 208 आरोपियों के खिलाफ 4175 पन्ने में है आरोपपत्र, पूरी घटना का विस्तार से जिक्र

### ▶▶ सांसद बर्क पर दर्ज मुकदमे में दाखिल नहीं हुई चार्जशीट



**संभल,एजेंसियॉं।** संभल जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हुई हिंसा में मामले में दर्ज मुकदमों में से छह में पुलिस ने बृहस्पतिवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने इन छह मुकदमों के 208 आरोपियों के खिलाफ 4175 पन्ने में आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें चार आरोपपत्रों में से चार संभल कोतवाली में दर्ज मुकदमों के और दो नखासा थाने में दर्ज केस के हैं।19 नवंबर 2024 को सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य कुमार की कोर्ट ने में संभल की जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा किया गया था।

इसी दिन न्यायालय ने रमेश सिंह राघव को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर दिया था और उन्होंने शाम को मस्जिद का सर्वे किया।इसके बाद 24 नवंबर की सुबह 7.30 बजे जब कोर्ट कमिश्नर डीएम और एसपी की मौजूदगी में मस्जिद का दोबारा सर्वे करने पहुंचे तो बवाल हो गया। हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी और काफी संख्या में पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। इसको लेकर बवाल में सात एफआईआर दर्ज हुई थीं।जिसमें पांच एफआईआर कोतवाली संभल और दो थाना नखासा में हुई थीं। बृहस्पतिवार को छह मुकदमों के विवेचकों ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना सिंह की कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया।बवाल को लेकर दर्ज मुकदमों में से एक में संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान को भी नामजद किया गया है।

सांसद के खिलाफ दर्ज मुकदमे में पुलिस ने बृहस्पतिवार को चार्जशीट दाखिल नहीं की है। पुलिस का कहना है सांसद ने इस मुकदमों को लेकर हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी। हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में पुलिस इस मुकदमे में कानूनविदों की राय ली रही है।

## किसान संगठनों की केंद्र के साथ छठे दौर की वार्ता चंडीगढ़ में

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब के खनौरी व शंभू बार्डर पर आंदोलन कर रहे किसान संगठनों की केंद्र सरकार के साथ शनिवार को चंडीगढ़ में वार्ता होगी। इस बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भाग लेंगे।केंद्र सरकार व किसान संगठनों के बीच यह छठे दौर की वार्ता होगी। इससे पहले पांचवें दौर की वार्ता बीती 14 फरवरी को चंडीगढ़ में हुई थी, जिसमें केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भाग लिया था। किसान संगठनों तथा केंद्र सरकार की तरफ से शुक्रवार को छठी बैठक का कार्यक्रम जारी कर दिया गया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज चौहान बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पंजाब सरकार की तरफ से इस बैठक में पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां भाग लेंगे।किसान संगठनों ने इस बैठक में शामिल होने का ऐलान करते हुए शुक्रवार का बैठक में रखे जाने वाले एजेंडों पर चर्चा की।

## भारत-पाकिस्तान फ्लैग मीटिंग में संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए




**जम्मू, (हि.स.)।** भारत और पाकिस्तान की सेनाओं ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में गोलीबारी की हालिया घटनाओं पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग पॉइंट क्षेत्र में फ्लैग मीटिंग की है। लगभग 75 मिनट तक चली बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। दोनों पक्ष सीमा पर शांति के व्यापक हित में संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए।भारत और पाकिस्तान ने आज जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से गोलीबारी और आईईडी हमले की कई हालिया घटनाओं के बाद तनाव कम करने के प्रयास में फ्लैग मीटिंग की। चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग पॉइंट क्षेत्र में हुई ब्रिगेड कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग में दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति बनाए रखने पर जोर दिया। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई बैठक लगभग 75 मिनट चली। सूत्रों ने बताया कि बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और दोनों पक्ष सीमा पर शांति के व्यापक हित में संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए।

दरअसल, 25 फरवरी, 2021 को दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम समझौते के नवीनीकरण के बाद हाल ही में जम्मू-कश्मीर सीमा पर कई बार उल्लंघन हुआ है।

इसी माह 11 तारीख को जम्मू क्षेत्र के अखनूर सेक्टर में संदिग्ध आतंकवादियों के इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) हमले में एक कैप्टन सहित दो भारतीय सेना के जवान बलिदान हुए और एक अन्य घायल हो गया था। इसी तरह 10 और 14 फरवरी को राजौरी और पुंछ जिलों में नियंत्रण रेखा के पार से छोटे हथियारों से गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में दो सैन्यकर्मी घायल हो गए। पिछले सप्ताह पुंछ में अलग-अलग बारूदी सुरंग विस्फोटों में दो और सैन्यकर्मी घायल हुए थे। हालांकि, जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की ओर से हुए नुकसान का तुरंत पता नहीं चल पाया है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि दुश्मन बलों को भी भारी नुकसान हुआ है।

## पटियाला में गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के दो गुर्गे गिरफ्तार, पांच पिस्तौल बरामद



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब पुलिस ने पटियाला में विदेशी गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के दो गुर्गों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहाली और राजपुरा में टारगेट किलिंग की प्लानिंग में जुटे हुए थे। आरोपितों से पुलिस ने 5 पिस्तौल व 15 कारतूस बरामद किए हैं।पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट डालकर ढिल्लों के गुर्गों की गिरफ्तारी की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपितों से पूछताछ में कई खुलासे होने की उम्मीद है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपित आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इनके पकड़े जाने से मोहाली और राजपुरा में टारगेट किलिंग से संबंधित दो पिछले मामलों का भी खुलासा हुआ है।डीजीपी के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अमृतसर जिले के गांव रोडाला निवासी मलकीत सिंह उर्फ मैक्स तथा फतेहगढ़ साहिब जिला निवासी संदीप सिंह उर्फ दीप के रूप में हुई हैं। आरोपितों के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। इनके अन्य राज्यों में गतिविधियों की भी जानकारी ली जा रही हैं, ताकि इनके अन्य केसों के बारे में पता चल सके।डीजीपी ने कहा कि पुलिस लगातार गैंगस्टरों पर कार्रवाई कर रही है। कल पुलिस ने अमृतसर के भिखीविंड से आतंकी लखबीर सिंह लांडा के गुर्गे को हथियारों समेत दबोचा था। वह भी काफी समय से इलाके में एक्टिव था। साथ ही बड़ी वारदातों को अंजाम देने की तैयारी में जुटा था।

## उपमुख्यमंत्री शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने में दो गिरफ्तार

**मुंबई,(हि.स.)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो आरोपितों को मुंबई पुलिस ने बुलढ़ाणा जिले के देवलगांव से गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों को लेकर शुक्रवार को मुंबई लेकर पहुंचेगी और यहां कोर्ट में पेश करेगी।मुंबई के अनुसार गुरुवार को मुंबई के गोरेगांव, मंत्रालय और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला था। इसके बाद मुंबई क्राइम ब्रांच पुलिस ने ईमेल भेजने वाले का पता लगाया। यह ईमेल बुलढाणा जिले के देउलगांव से भेजे का पता मुंबई पुलिस को चला। इसके बाद मुंबई पुलिस ने बुलढ़ाणा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए देवलगांव से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों संदिग्धों की पहचान मंगेश अच्युतराव वायल (35) और अभय गजानन शिंगणे (22) के रूप में की गई है।

# हमारे मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक

### ● चुनाव में यूएस फंडिंग वाले ट्रंप के बयान पर बोला विदेश मंत्रालय
### ● तुर्किये के राष्ट्रपति का बयान स्वीकार नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसियॉं।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई। यह बेहद परेशान करने वाली है। भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे पाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस बारे में कि क्या इस्क्रष्ट पर चर्चा हुई या नहीं। जब विदेश मंत्री ने मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी, तब यह मामला बांग्लादेश की ओर से विदेश मामलों की बैठक में उठाया गया था। दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां इस्क्रष्ट को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए।उन्होंने कहा कि भारत और चीन के विदेश मंत्रियों ने नवंबर में हुई पिछली बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की। विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन, कैलाश मानसरोवर यात्रा, उड़ान संपर्क और यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की गई।रूस-यूक्रेन संबंध को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री ने जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के विदेश मंत्री के साथ बैठक की। उन्होंने स्वाभाविक रूप से भारत-रूस द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की और उन्होंने यूक्रेन संघर्ष से संबंधित हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा की।

पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान अधिग्रहण पर उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान में उल्लेख किया गया है कि अमेरिकी पक्ष भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जारी करने की अपनी नीति की समीक्षा कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्नु-35 विमान का जिक्र किया था। हमारी ओर से अभी तक पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के लिए कोई औपचारिक अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है।ओडिशा के केआईआईटी में नेपाली छात्रा की मौत पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि नेपाली छात्रा की दुखद मौत से हम बहुत दुखी हैं। हम अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारत सरकार देश में सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती है। स्थिति के प्रकाश में आने के बाद से विदेश मंत्रालय ओडिशा सरकार और केआईआईटी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। हमने नेपाली अधिकारियों के साथ भी निकट संपर्क बनाए रखा है। कश्मीर पर तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन की टिप्पणियों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम भारत के लिए ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणियों को खारिज करते हैं।

हमने तुर्किये के राजदूत से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर इस तरह के अनुचित बयान अस्वीकार हैं। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। बेहतर होता कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल करने की पाकिस्तान की नीति, जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे बड़ा खतरा बनी हुई है, पर रोक लगाई जाती।

## मिर्जामुराद में यात्रियों से भरी क्रूजर खड़ी ट्रक से टकराई, छह यात्रियों की मौत

### ▶▶ सभी श्रद्धालु महाकुम्भ में स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे



**वाराणसी, (हि.स.)।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर के समीप वाराणसी–प्रयागराज राजमार्ग पर शुक्रवार को तेज रफ्तार श्रद्धालुओं से भरी क्रूजर वाहन खड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में क्रूजर पर सवार 06 यात्रियों की मौत हो गई। वहीं, 06 यात्री घायल हो गए।सूचना पाते ही डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार, एडीसीपी आकाश पटेल भी मौके पर पहुंच गए।अफसरों ने घायल यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाने के बाद शवों को कब्जे में ले लिया। सभी यात्री कर्नाटक से प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान के लिए जा रहे थे। क्रूजर की स्पीड इतनी तेज थी कि आगे बैठी एक एक महिला यात्री का सिर धड़ से अलग हो गया था। क्रूजर जीप में चालक समेत 15 लोग बैठे थे। एडीसीपी आकाश पटेल के अनुसार हादसे में पॉच लोगों की मौत हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रूपापुर हाइवे पर ट्रक खड़ा था। सुबह–सुबह वाराणसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार क्रूजर जीप ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि क्रूजर का अगला हिस्सा पूरा ट्रक से चिपक गया। क्रेन को बुला कर ट्रक और क्रूजर को अलग किया गया। माना जा रहा है कि ड्राइवर को नींद की झपकी आने से हृदय विदारक हादसा हो गया। पुलिस अफसरों के अनुसार दुर्घटना में कर्नाटक बीदर निवासी संतोष कुमार (50) और उनकी पत्नी सुनीता (45), लक्ष्मी (49), नीलम उर्फ लालवती (55) सहित एक अन्य की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।घायलों में कर्नाटक के विदुर निवासी खुशी (10), कविता (48), शिव साई (15),गणेश (14), सुलोचना (50), अनीता (50), सुजाता (32) है। घायलों को निकट के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। कर्नाटक पुलिस को भी दुर्घटना की जानकारी दे दी गई है।

## वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है भारत : मोदी



**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सोल लीडरशिप सम्मेलन के पहले संस्करण का उद्घाटन किया. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हर क्षेत्र में अच्छे नेताओं को विकसित करने की बहुत जरूरत है. उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, हमें हर क्षेत्र में इस गति को बढ़ाने के लिए विश्व स्तर के नेताओं की आवश्यकता है. इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे.इससे पहले पीएमओ की ओर से जारी जानकारी में बताया गया था कि भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य भाषण देंगे. 21 से 22 फरवरी तक चलने वाला दो दिवसीय सोल लीडरशिप सम्?मेलन एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा, जहां राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों के नेता अपनी प्रेरक जीवन यात्राएं साझा करेंगे और नेतृत्व से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करेंगे. सम्?मेलन सहयोग और विचार नेतृत्व के एक इकोसिस्?टम को बढ़ावा देगा, जिससे युवा दर्शकों को प्रेरित करने के लिए विफलताओं और सफलताओं दोनों से सीखने की सुविधा मिलेगी.स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप गुजरात में एक आगामी नेतृत्व संस्थान है जो जनता के सेवकों को जनहित में आगे बढ़ाने में सक्षम बनाएगा. इसका उद्देश्य औपचारिक प्रशिक्षण के माध्यम से भारत में राजनीतिक नेतृत्व के परिदृश्य को व्यापक बनाना और उन लोगों को शामिल करना है जो केवल वंशानुगत राजनीति से नहीं बल्कि सार्वजनिक सेवा के लिए योग्यता, प्रतिबद्धता और जुनून के माध्यम से आगे बढ़ते हैं.

## एडवोकेट अमेंडमेंट बिल के खिलाफ तेज हुआ वकीलों का प्रदर्शन




**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के विरोध में दिल्ली के सभी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में सोमवार से काम काज ठप है. पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में वकीलों ने शुक्रवार सुबह परिसर में इकट्ठा होकर एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 का विरोध जताया.

इस दौरान वकीलों ने अमेंडमेंट बिल 2025 का पुतला जलाकर जमकर नारेबाजी की. जानकारी के मुताबिक तीस हजारी और रोहिणी कोर्ट के वकीलों ने अपनी नाराजगी जताने के लिए प्रदर्शन किया.वकीलों ने बताया कि एडवोकेट एक्ट में अमेंडमेंट कर कुछ एक्ट को चेंज किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि 35ए को चेंज किया जा रहा है, जिसमें किसी भी तरीके के हड़ताल या काम बंद करने पर रोक लगाई जा रही है.

जो भी ऐसा करेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि अमेंडमेंट में यह भी प्रावधान है कि केंद्र सरकार बार काउंसिल ऑफ इंडिया को कोई भी डायरेक्शन दे सकता है, जिसे मानना बार काउंसिल ऑफ इंडिया को जरूरी होगा. इसका मतलब साफ है वकील सरकार के अधीन होकर चलेंगे. वकील किसी सरकार के कर्मचारी नहीं है, यह एक आजाद पेशा है. आजादी से पहले भी वकील आजाद थे और आगे भी आजाद रहेंगे.उन्होंने यह भी कहा कि एडवोकेट एक्ट में अमेंडमेंट की कोई जरूरत नहीं थी. अगर सरकार इस पर अड़ी रही तो वह लोग लंबी लड़ाई के लिए तैयार है.

वकीलों को लड़ाने और तोड़ने की कोशिश की जा रही है. क्लाइंट को भी अधिकार दिया जा रहा है कि वह वकील पर मुकदमा दर्ज कर सकता है. ऐसे में वकील अपने ही मुकदमे लड़ते रहेंगे. जब तक इस अमेंडमेंट को वापस नहीं लिया जाता, तब तक उनका हड़ताल जारी रहेगी.

## राजधानी के पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के निजी स्टाफ की सेवाएं की खत्म

### ● सीएम रेखा गुप्ता का एक्शन शुरू




**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पद संभालते ही एक्शन मोड में आ गई हैं. उन्होंने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लिया. सीएम रेखा गुप्ता ने राजधानी की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और मंत्रियों के निजी स्टाफ की सेवाओं को समाप्त कर दिया. यही नहीं नई सरकार ने पूर्व सरकारों द्वारा जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को दूसरे विभागों में नियुक्ति किया था, उनको भी तत्काल अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने का आदेश दिया है.सरकारी आदेश में कहा गया है कि, सीएम और मंत्रियों के कार्यालयों में डायवर्टेड क्षमता में तैनात विभिन्न विभागों, संगठनों, निगमों, बोर्डों, अस्पतालों आदि के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से कर्तव्यों से मुक्त माना जाएगा और वे तत्काल प्रभाव से अपने संबंधित विभागों, बोर्डों, स्वायत्त निकायों, निगमों, अस्पतालों आदि को रिपोर्ट करेंगे.आदेश में आगे कहा गया है कि, सीएम और मंत्रियों के कार्यालय जीएडी को नए प्रस्ताव सौंपेंगे. हालांकि, दानिक्स, डीएसएस और स्टेनो कैडर के नियमित कर्मचारी अपना काम करना जारी रखेंगे. नव-शपथ ग्रहण करने वाले मुख्यमंत्री, मंत्री अगले आदेश तक अपने-अपने कार्यालयों में रहेंगे.बताया जा रहा है कि पुरानी सरकारों ने कई अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर दूसरे बोर्ड कारपोरेशन में भेज दिया था. इससे पहले पूर्व सरकार की ओर से सभी विभागों से कांट्रैक्ट और व्यक्तिगत स्टाफ की जानकारी मांगी गई थी.

अब उनको मूल विभाग में लौटने को कहा गया है. बता दें कि सीएम रेखा गुप्ता शुक्रवार दोपहर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जेपी धनखड़ से मुलाकात करेंगी. इसके बाद वहीं शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगी.बता दें कि रेखा गुप्ता ने 20 फरवरी (गुरुवार) को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली.

## न्यायिक आयोग ने दाखिल की हाथरस भगदड़ मामले की रिपोर्ट, भोले बाबा को दी क्लीन चिट

**हाथरस,(आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के हाथसर में पिछले साल भोले बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ मामले की न्यायिक जांच पूरी हो गई है. इसके साथ ही आयोग ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है. गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में इस जांच रिपोर्ट को रखा गया.

कैबिनेट ने भी इस रिपोर्ट को सदन में रखने की मंजूरी दे दी है. ऐसा माना जा रहा है कि बजट सत्र में इस जांच रिपोर्ट को सदन में पेश किया जा सकता है.सूत्रों की मानें तो, न्यायिक आयोग की इस रिपोर्ट में साकार नारायण विश्व हरि %भोले बाबा% को क्लीन चिट दे दी गई है. वहीं इस घटना में षड्यंत्र के पहलू पर स्थिति साफ नहीं है. बता दें कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हाथरस में हुई घटना की जांच के लिए पिछले साल ही 3 जुलाई को तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया गया था.बता दें कि 2 जुलाई 2024 को हाथरस जिले के फुलरई-मुगलगढ़ी गांव में साकार नारायण विश्व हरि %भोले बाबा% के सत्संग का आयोजन हुआ था. सत्संग खत्म होने के बाद जब भोले बाबा कार्यक्रम स्थल से जाने लगे तभी वहां भगदड़ मच गई.



इस घटना में 121 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई लोग घायल भी हुए हैं. घटना के बाद सीएम योगी खुद हाथरस पहुंचे थे और घायलों से मुलाकात की थी. साथ ही घटनास्थल का भी दौरा किया था. इस घटना की जांच के लिए सीएम योगी के निर्देश पर तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया गया था. जिसने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी.हाथरस भगदड़ मामले की जांच करने के लिए बनाए गए न्यायिक आयोग में तीन लोग शामिल थे. इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव (द्वितीय) की अध्यक्षता में गठित न्यायिक जांच आयोग में पूर्व आइएएस हेमन्त राव और पूर्व आइपीएस भवेश कुमार सिंह को शामिल किया गया था.



## महाकुम्भ में थमने का नाम नहीं ले रहा जनसैलाब अब तक 58.03 करोड़ श्रद्धालु लगा चुके आस्था की डुबकी

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाने के लिए महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं का जनसैलाब निरन्तर उमड़ रहा है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र हर-हर गंगे के जयकारों से गूंज रहा है। प्रयागराज में अब तक 58.03 करोड़ श्रद्धालु पावन त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर चुके हैं। शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक 68.09 लाख श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं।प्रयागराज महाकुम्भ में अब केवल महाशिवरात्रि का पर्व स्नान शेष है। अमृत स्नान और मुख्य पर्व स्नान बीतने के बाद भी आस्था का जनसागर त्रिवेणी तट पर उमड़ रहा है। महाकुम्भ में आने के बाद हर श्रद्धालु पग-पग पर एक नई ऊर्जा और विश्वास का अनुभव कर रहा है। महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता से अभिभूत होकर युवा अपने विचार भी सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं।माउंट आबू से महाकुम्भ आये उदित ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि यहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। लखनऊ से अपने आठ साथियों के साथ महाकुम्भ आये सुभाष अग्रवाल ने मेला क्षेत्र के खोया-पाया केन्द्र की तारीफ की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नागवासुकी के पास गंगा स्नान के बाद हमारे साथी श्री निवास अग्रवाल जिनकी उम्र 70 वर्ष थी बिछुड़ गये थे। खोया-पाया केन्द्र की सहायता से वह दो घंटे के अंदर ही हमें मिल गए।

## चूल्हे की चिंगारी से लगी आग गृहस्थी खाक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ।** थाना अंतर्गत सरवाडीह गांव में बीती रात चूल्हे की चिंगारी से दिव्यांग के छप्पर नुमा मकान में आग लग गई। आधी रात में जब राम जियावन पुत्र स्वर्गीय भुल्लर खा पीकर बच्चों के साथ सो गया, तो आधी रात के बाद छप्पर नुमा मकान से धुआं उठता देख पड़ोसियों ने शोर मचाया। जब तक ग्रामीण जुट कर आग बुझाते तब तक उक्त दिव्यांग की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। बता दें कि रामजियावन पति पत्नी दोनों दिव्यांग हैं, किसी प्रकार परिवार का गुजारा करते थे। पूरी गृहस्थी जल जाने से दिव्यांगों के गुजारे का सहारा खत्म हो गया।

गांव वालों ने लेखपाल एवं विकासखंड को सूचना दे दी है। तहसील में बंदी के कारण राजस्व विभाग तथा प्रशासनिक अफसरों को सूचना नहीं दी जा सकी ।



# महाकुम्भ दिखा रहा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः और वसुधैव कुटुम्बकम की राहः कलिंग मोयोंग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** गंगा, यमुना और अन्तः सलिला सरस्वती के संगम से सुशोभित प्रयागराज की पावन भूमि पर महाकुम्भ के इस महासंयोग में उगते सूरज की भूमि अरुणाचल प्रदेश ने भी डुबकी लगाई है। चीन, म्यांमार, भूटान और असम एवं नगालैंड से सटे अरुणाचल प्रदेश उगते सूरज की तरह विश्वभर में सनातन की लौ फैलाएगा। यह बातें अरुणाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष कलिंग मोयोंग ने कही। प्रयागराज महाकुम्भ में हिन्दुस्थान समाचार% से विशेष बातचीत में कलिंग मोयोंग ने कहा कि सनातन धर्म की अखंड ज्योति केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में अपनी उजास फैला रही है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोयोंग ने कहा कि भारतभूमि कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक है। इसकी इस एकता की सुदृढ़ता में प्रादेशिक संस्कृतियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। भिन्न-भिन्न भाषाओं और बोलियों के ताने-बाने से बुनी हुई प्रादेशिक संस्कृति का धरातल एक ही है। इसे हम विविधता में एकरुपता या अनेकता में एकता की संज्ञा देते हैं। यही चेतना भारतीय संस्कृति की अस्मिता है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ दुनिया के लिए सौभाग्य है, जो सर्वे सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः और वसुधैव कुटुमबकम की राह दिखा रहा है। हिन्दुत्व की यह सनातन परंपरा विश्व फलक पर अपने गहरे प्रभाव से आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का नेतृत्व कर रही है। उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व का प्रभाव न केवल भारत में, बल्कि विश्व स्तर पर देखा जा रहा है। वैश्विक परिदृश्य में हिन्दुत्व एक महत्वपूर्ण विचारधारा के रूप में उभर रहा है, जो







शांति, सहिष्णुता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में सहायक है।

कलिंग मोयोंग पत्नी केन्द्रिख एटे मोयोंग, प्रदेश महासचिव तादर निग्लर आदि के साथ संगम स्नान करने महाकुम्भ आए थे। संगम स्नान के बाद उन्होंने गोवर्धन मठ पुरी पीठ शिविर पहुंचकर अनुष्ठान में भाग लिया और शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कलिंग मोयोंग ने बातचीत के दौरान अरुणाचल प्रदेश की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में स्नान और हवन करने के बाद एक अद्भुत अनुभव हुआ। माहौल अत्यंत सकारात्मक है और राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रबंध उत्कृष्ट हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसके लिए धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व का प्रभाव अरुणाचल प्रदेश में भी स्पष्ट रूप से दिख रहा है। प्रदेश में सनातन संस्कृति और धार्मिक एकता को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवंतु सुखिनः ... जैसे विचारों को सशक्त करने की जरूरत है। महाकुम्भ में मिली सुविधाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसे प्रदेशवासियों को भी बताया जाएगा ताकि वे भी इस आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकें।

अरुणाचल में विकास की नई लहर मोयोंग ने केंद्र सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में असाधारण विकास हुआ है। मोदी सरकार के आने के बाद से राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है। विशेष रूप से चीन सीमा से सटे क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे का तेजी से विस्तार हो रहा है। जहां पहले सड़कें नहीं थीं, वहां अब संपूर्ण टाउनशिप विकसित हो रही हैं।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही सरकार मोयोंग ने बताया कि धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में भी अरुणाचल सरकार तेजी से कार्य कर रही है। प्रसिद्ध परशुराम कुंड का नया स्वरूप तैयार किया जा रहा है जिससे यह एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित होगा। केंद्र सरकार ने इस परियोजना को विशेष बजट प्रदान किया है और आने वाले वर्षों में यहां तक रेल सेवा शुरू करने की योजना भी बनाई गई है। यह परियोजना धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में सहायक होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में भाजपा का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। आगामी पंचायतीराज और मुंशी पार्टी चुनावों में भी भाजपा का परचम लहराने की उम्मीद है। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा की पकड़ मजबूत हो रही है और आने वाले दिनों में इसे और अधिक सशक्त किया जाएगा।

सीमा सुरक्षा को लेकर अरुणाचल सरकार सतर्क अरुणाचल प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मोयोंग ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में बांग्लादेशियों के लिए कोई जगह नहीं है। राज्य सरकार सीमा सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और किसी भी अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही है। अरुणाचल प्रदेश में हिंदुत्व और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से हो रहा है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश में अभूतपूर्व प्रगति देखी जा रही है। मोयोंग ने कहा कि पहले अरुणाचल को दिल्ली जाना पड़ता था, लेकिन अब दिल्ली खुद अरुणाचल आ रही है। यह परिवर्तन प्रदेश की प्रगति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

## अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में हाईकोर्ट में वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार, अदालतों में नहीं हुआ काम

### जजों की लगातार कम हो रही संख्या भी था बहिष्कार का कारण

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने जजों की लगातार कम हो रही संख्या और प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में शुक्रवार को न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया।

कार्य बहिष्कार का गुरुवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया था। हाईकोर्ट में वकीलों के कार्य बहिष्कार के चलते अदालतों में न्यायिक कार्य नहीं हुआ। न्यायाधीश सुबह अपनी-अपनी अदालतों में बैठे परन्तु वकीलों के कार्य बहिष्कार के चलते कोर्ट से उठकर अपने-अपने चैंबर्स में चले गए। प्रदेश के सुदूर इलाके से आए वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उनके केसों की हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी।

हाईकोर्ट के वकीलों का कहना है कि प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल पूरी तरह से अव्यवहारिक है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की बैठक में इस सम्बंध में भी विचार किया गया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में वर्ष 2007 में तय किए गए मानक के अनुसार 160 की संख्या के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान समय में आधे से भी कम संख्या में न्यायमूर्ति कार्य कर रहे हैं। इनमें प्रयागराज स्थित प्रधान पीठ में 55 और लखनऊ खंडपीठ में 23 न्यायाधीश कार्यरत हैं।



प्रधान पीठ में अब तक जजों की संख्या कभी भी पूर्णरूपेण नहीं भरी गई। लखनऊ खंडपीठ में जजों की संख्या पूरी है। जबकि 17 वर्ष बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में लम्बित वादों की संख्या के आधार पर जजों की संख्या का पुनः मानक तय करके रिक्त स्थानों पर नियुक्ति की जानी चाहिए।जजों की संख्या कम होने के कारण नए मुकदमों का लगातार लम्बित रहना और कई-कई माह तक उनकी सुनवाई न होने के कारण जनता में न्यायालय का प्रभाव कम हो रहा है जिसका सीधा असर न्याय पालिका की स्वतंत्रता पर पड़ रहा है। इन परिस्थितियों में रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति की जानी चाहिए और पदों की संख्या में भी वृद्धि की जाए जिससे हाईकोर्ट एक बार पुनः अपनी पूरी ताकत के साथ त्वरित न्याय कर सके।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में सम्पन्न हुई बैठक में महासचिव विक्रांत पांडेय के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश खरे, उपाध्यक्ष अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी, सुभाष चंद्र यादव, नीरज त्रिपाठी व नीलम शुक्ला, संयुक्त सचिव सुमित श्रीवास्तव, अभिजीत पांडेय, पुनीत शुक्ल व आंचल ओझा, कोषाध्यक्ष रणविजय सिंह, गवर्निंग काउंसिल सदस्य किरन सिंह, अभिषेक मिश्र, अवधेश मिश्र, अभिषेक तिवारी, सच्चिदानंद यादव, राजेश शुक्ल एवं सर्वेश्वर लाल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में यूपी बार कौंसिल ने भी शुक्रवार को बांह पर काली पट्टी बांध कर कर विरोध प्रदर्शन करने और 25 फरवरी को प्रदेशव्यापी न्यायिक कार्य से विरत रहने का आह्वान किया है।

## अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया-** स्थानीय थाना क्षेत्र के तुलापुर निवासी महेन्द्र कुमार पुत्र भागीरथी के घर में 13 फरवरी को रात्रि में अज्ञात चोरों ने पक्की दीवाल में सेंध काटकर घर में घुसकर बक्से में रखा चांदी सोने के आभूषण व भैंस बेचकर रखा 40 हजार रुपय नगद उठा ले गये थे । बहरिया थाने में महेन्द्र ने लिखित तहरीर दिया था । तहरीर के आधार पर बहरिया पुलिस ने बुधवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुये जांच शुरु कर दी।

## भोजपुरी, अवधी, ब्रज एवं बुंदेलखंडी मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल

### विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने पर कुलपति ने किया स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ऐतिहासिक पहल करते हुए एम ए हिंदी के संशोधित पाठ्यक्रम में भोजपुरी, अवधी, ब्रज एवं बुंदेलखंडी भाषाओं के साहित्य को शामिल करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश सत्र जुलाई 2025 में यह संशोधित पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध रहेगा। विश्वविद्यालय स्थानीय भाषाओं के विकास के लिए पिछले 6 माह से लगातार कार्य कर रहा है।

कुलपति ने उत्तर प्रदेश राज्य की स्थानीय बोलियों भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह एक स्वागत योग्य कदम है। इससे भाषाई विविधता को बढ़ावा मिलेगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक समावेशी बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि



उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है जिसने विधानसभा में बहुभाषी संवाद की सुविधा प्रारंभ की है।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन में एक अग्रणी कदम है। उत्तर प्रदेश का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के आलोक में इन चारों भाषाओं अवधी, भोजपुरी, ब्रज एवं बुंदेलखंडी को अपने पाठ्यक्रम में शामिल कर मातृभाषा में शिक्षा देने के संकल्प को साकार करने की ओर अग्रसर है।

प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय आगामी 20 एवं 21 मार्च 2025 को साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी के विकास में भोजपुरी, अवधी, ब्रज एवं बुंदेलखंडी भाषा के योगदान पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कर रहा है। जिसमें देश के विभिन्न भाषा विशेषज्ञ विचार - मंथन करेंगे और स्थानीय भाषा एवं बोलियों के विकास को आगे बढ़ाने में मुक्त विश्वविद्यालय एक नया मानक स्थापित करेगा। विश्वविद्यालय का कार्य क्षेत्र संपूर्ण उत्तर प्रदेश होने से विश्वविद्यालय की पहुंच अवध, ब्रज, पूर्वांचल तथा बुंदेलखंड के क्षेत्रों तक आसानी से उपलब्ध है।

**स्थानीय बोलियों के विकास को राष्ट्रीय संगोष्ठी 20-21 मार्च को**

अपनी इसी पहुंच के कारण मुक्त विश्वविद्यालय ने स्थानीय भाषा बोलियों के विकास का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। प्रदेश सरकार ने इन बोलियों के विकास पर जो रुचि प्रदर्शित की है उससे विश्वविद्यालय को भी संबल प्रदान हुआ है।

## करदाताओं की समस्याओं का तत्काल हो निराकरण - रवि अग्रवाल

### केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन ने आयकर जागरूकता शिविर का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड नई दिल्ली के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने महाकुंभ नगर, सेक्टर 24 में लगाए गए आयकर जागरूकता शिविर का निरीक्षण किया और आयकर विभाग द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने करदाता जागरुकता के सम्बन्ध में किये जा रहे प्रयासों के सम्बन्ध में अधिकारियों से जानकारी भी ली। श्री अग्रवाल 21 फरवरी को जब अरैल स्थित शिविर एवं आयकर भवन पहुंचे तो इलाहाबाद की मुख्य आयकर आयुक्त मोना मोहंती एवं प्रधान आयकर आयुक्त मानस मेहरोत्रा ने बुके देकर स्वागत किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि करदाता देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं, हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि करदाताओं की कर संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाये। करदाताओं को अपनी आय की सही गणना करते हुए सही -सही कर अदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाये। संगम स्नान करने के बाद रवि अग्रवाल ने कहा कि प्रयागराज उनका अपना शहर है, उनका बचपन यहीं बीता और शिक्षा दीक्षा भी यहीं हुई। इसलिए आज पवित्र संगम में डुबकी लगाकर अत्यंत खुशी की अनुभूति हो रही है। इस अवसर पर आयकर विभाग में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम की देख रेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आयकर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। इसी प्रकार अरैल स्थित शिविर भी में रक्तदान की व्यवस्था की गई जिसमें कुछ विभागीय कर्मचारियों के साथ साथ कुछ श्रद्धालुओं ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदानियों को चेयरमैन ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में शिव कुमार राय, श्रीमती कविता मीणा, अरूप मुखर्जी, योगेश्वर राय, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, ओम प्रकाश वीरमानी, पुरुषोत्तम नंदन सोनकर आदि मौजूद रहे।

## महाकुम्भ : समाज और संस्कृति के मूल्यों को समझने का अद्वितीय अवसर- स्वामी चिदानंद

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती, डॉ. साध्वी भगवती सरस्वती और अन्य विशिष्ट विभूतियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी विभूतियों ने महाकुम्भ के महत्व और उसकी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धारा पर विचार व्यक्त किए।सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि महाकुम्भ एक ऐसा वैश्विक धार्मिक आयोजन है, जिसका महत्व केवल भारत में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक रूप से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है।इस सम्मेलन का उद्देश्य महाकुम्भ के विभिन्न पहलुओं पर शोध कार्य एवं विश्लेषण प्रस्तुत करना है, ताकि महाकुम्भ की महत्ता को और उत्कृष्ट रूप से समझा जा सके।

महाकुम्भ, जो एक प्राचीन और आध्यात्मिक धरोहर है, आज भी



श्रद्धालुओं को शुद्धता, ध्यान, साधना और आत्मिक शांति की ओर बढ़ाने का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महाकुम्भ के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धारा पर गहन विचार विमर्श करना है। साथ ही शोधकर्ताओं, विद्वानों और छात्रों को एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करना है, जहां वे महाकुम्भ के विविध पहलुओं पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

**महाकुम्भ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, जीवन की यह एक दिव्य यात्रा है**

स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि महाकुम्भ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में ध्यान, साधना और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने वाली एक दिव्य यात्रा है। युवा पीढ़ी को अपने भीतर की आध्यात्मिक शक्ति को पहचानते हुए सनातन संस्कृति से जुड़ने का एक अवसर प्रदान करता है ताकि वे अपने जीवन को सही दिशा दे सकें।

**सनातन धर्म की गहरी धारा को व्यक्त करता है महाकुम्भ**

डॉ. साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि महाकुम्भ हमारे सनातन धर्म की गहरी धारा को व्यक्त करता है। युवा वर्ग को इस अद्भुत अवसर का सदुपयोग करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिये एक-दूसरे को प्रेरित करें ताकि वे न केवल अपनी आत्मा को शुद्ध करें, बल्कि समाज को भी ऊँचा उठाएं।

यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रधानाचार्य, डॉ. देवेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से हम महाकुम्भ की महत्वपूर्ण धरोहर को संरक्षित करने और इसे भविष्य की पीढ़ी के साथ साझा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## यूरिया न मिलने से दर-दर भटक रहे किसान

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** ढेड़ माह गेहूं की बोआई बीत जाने के बावजूद अभी तक समितियों में खेतों में यूरिया खाद डालने के लिए किसानों को आवश्यकता होती है । नहीं मिलने पर अन्नदाताओं को दर - दर भटक रहे हैं । समितियों में यूरिया अनुपलब्धता के चलते मजबूरन किसानों को महंगे दामों में खुले बाजार से खरीदना पड़ रहा है ।

क्षेत्र के पूरादत्तू , लेड़ियारी आसपास के क्षेत्र में साधन सहकारी समितियां स्थापित है लेकिन खाद के अभाव में किसान परेशान नजर दिख रहे हैं । इस बाबत में आशुतोष कुमार द्विवेदी, विजय कुमार भुर्तिया, शशि तिवारी, तेज बहादुर सिंह, मदन प्रताप सिंह, सुशील सिंह, राजेन्द्र प्रसाद केशरी, लवकुश दुबे , शंकर दयाल तिवारी, विनोद कुमार दुबे , संजय केशरी आदि किसानों का कहना है कि इन समितियों में पिछले तीन माह से डीएपी , यूरिया का टोटा है । किसानों का कहना है कि गेहूं की बोआई से पहले डीएपी , यूरिया की आवश्यकता होती है । ऐसे समय पर अधिकांश समितियों में डीएपी नदारद हैं । अलबत्ता अभी जिन उर्वरकों की जरूरत नहीं है । वह खाद सभी समितियों में उपलब्ध नही होने से ऊंचे दामों में खरीद करना मजबूरी है । बाजार से कम कीमत में मिलने की लालच में किसान समितियों की परिक्रमा कर रहे हैं । लेकिन यहां यूरिया की कोई सुनवाई न होने से मजबूरन खुले बाज़ार में खरीदना पड़ रहा है । किसानों का कहना है जब - जब खेती किसानी का समय होता है । तब समितियों से सिर्फ़ मायूसी ही मिलती है । चाहे रबी की बोआई हो चाहे खरीब के समय रोपाई के समय समितियों में खाद नदारद रहता है । इस संबंध में समिति के सचिव अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि डीएपी और यूरिया के लिए विभाग को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद अभी तक उपलब्ध नहीं है । साधन सहकारी समिति लेड़ियारी के अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि महाकुंभ होने के कारण कोई वाहन नहीं आ रहा है। जिससे खाद का अभाव बना हुआ है। अभी इसके लिए दस दिन तक समय लग सकता है। पूरादत्तू समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार द्विवेदी का कहना है कि क्षेत्र में सैकड़ों गांव के किसान खाद के लिए आते है । जबकि इस समय किसानों का डिमांड ज्यादा मांग है । समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि विभाग के अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के बारे मे कई बार अवगत कराया गया है । वहीं दो माह पूर्व जिला कृषि अधिकारी दो दिन में भेजने का आश्वासन दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं भेजा गया है

# दबंग भाइयों ने मामूली विवाद में किया बम से हमला,चार घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के सेंवथा गांव के समीप शुक्रवार दोपहर दबंग भाइयों ने मामूली विवाद को लेकर बम से हमला कर दिया। जान बचाकर लोगों ने घर में घुसकर अपनी जान बचाई।हमले में महिला समेत चार लोग घायल हो गये। आक्राशित ग्रामीणों ने पुरखास-तिल्हापुर मोड़ मार्ग को जाम कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने के आश्वासन पर लोगों का गुस्सा शांत हुआ। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सेंवथा गांव निवासी राजेश यादव पुत्र खुद्दी लाल शादी-विवाह समारोह में दाल पीसने का काम करता है। गुरुवार की शाम वह नेवादा स्थित एक गेस्ट हाउस में दाल पीसने की मशीन लेकर जा रहा था। इसी दौरान गांव के बाहर ईंट भट्ठे के समीप रास्ते में ओवरटेक को लेकर पड़ोसी गांव फरीदपुर निवासी बाइक सवार दबंग भाई गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। शुक्रवार सुबह राजेश यादव अपनी मां रमावती और दो साथियों के साथ दबंग भाइयों के घर उलाहना देने के लिए गए। आरोप है कि दबंग भाई परिजनों के साथ मिलकर गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने राजेश कुमार,मां रमावती, साथियों मोहित और नीरज पर बम से हमला कर दिया। राजेश के अनुसार दबंगों ने चार बम से उनपर हमला किया। जिसमें तीन बम फट गये जबकि एक बम मिस हो गया। लोगों ने घर में घुसकर अपनी जान बचाई। मामले की जानकारी मिलने के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने तिल्हापुर मोड़-पुरखास मार्ग जाम कर दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची लोधौर चौकी और पिपरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। लगभग आधा घंटा के बाद जाम समाप्त हो सका। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर शिवचरन राम का कहना है कि जाम खुलवा दिया गया है। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जाम के झाम से जूझता सरइयां चौराहा, नहीं रहते कोई सुरक्षा कर्मी

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के सरइयां चौराहा इन दिनों जाम के झाम से जूझता नजर आ रहा है आपको बतादें कि महिला पुल शुरू होने के बाद महाकुंभ स्नान करने के जाने वाले गुजरात,महाराष्ट्र,मध्य प्रदेश ,कर्नाटक,समेत दक्षिण भारत के चारपहिया वाहनों का आना जाना कनैली से बकोढा नहर रोड होते हुए सरइयां चौराहा सेवढ़ा होते हुए प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए आने जाने के फर्राटे मरते चार पहिया वाहनों आना जाना लगा रहता है स्थानीय दुकानदारों समेत लोगों का कहना है कि स्थानीय थाना सराय अकिल द्वारा रोड ब्रेकर रख दिया गया लेकिन किसी भी सिपाही की ड्यूटी सरइयां चौराहा पर नहीं रहती जिससे जाम लग जाता है जिससे लोगों को जाम हटवाना पड़ता जिससे महाकुंभ जाने और आने वालों तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो इस प्रकार से फर्राटे भरते वाहनों से दुर्घटनाएं बढ़ने की संभावना बनी रहती है।

# पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक सुभाष व उपनिरीक्षक रणविजय सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित आरोपी रहमान निवासी बाकरगंज थाना पश्चिम शरीरा को पश्चिम शरीरा के चांदेराई

### डीपी एक्ट के वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर डीपी एक्ट से सम्बन्धित वांछित सुग्गी लाल निवासी उजहिनी आइमा थाना संदीपनघाट को फकीराबाद चौराहेके पास से गिरफ्तार किया गया।

### आठ वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक गौरव त्रिवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी आल्हा सरोज, विजय कुमार निवासीगण अन्धावा थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस निवासी सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा 03 वारण्टी मसुरियादीन, बुल्ला पासी, अर्जुन पासी निवासी गण भोजपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया। थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक धीरेन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी सुरेश कुमार निवासी

कृष्णाडोली थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक रणजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी नाथिया देवी निवासी रघुनाथपुर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी पप्पू निवासी वार्ड नं0 03 अझुवा थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया।

# महाकुंभ से स्नान कर कर्नाटक के तीर्थयात्रियों से भरी फॉर्स गाड़ी पलटी



**विजिया चौराहा, (कौशाम्बी)।** महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे कर्नाटक के तीर्थयात्री सराय अकिल थाना क्षेत्र के टिकरा पनारा गोपालपुर गांव के समीप सुबह 3 बजे दुर्घटना ग्रस्त हो गई प्रत्यक्ष दर्शियों से ड्राइवर ने बताया कि थोड़ा आंख बंद होते ही गाड़ी कब पांच फुट गड्ढे में जा पलटी जैसे ही पलटने की चीख पुकार मची तो आस पास रहने वाले नसीम ने बताया कि 13 लोग सवार थे आगे का शीशा टूट गया था सभी को बाहर निकाला गया जिसमें एक महिला के हाथ में गंभीर चोट लगी बाकी को मामूली छोटे थी नसीम ने 108 एम्बुलेंस और 100 डायल को सूचना दिया जिसमें एम्बुलेंस से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल इलाज के लिए भेजे दिया गया खबर लिखे जाने तक गाड़ी उसी स्थान पड़ पलटी पड़ी है।दुर्घटना में जन हानि नहीं हुई।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन रैली निकाल कर ग्रामीणों को किया गया जागरूक






**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, (कौशाम्बी)।** डाक्टर ए.एच. रिजवी डिग्री कालेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन वृहद रूप से अगियोना ग्राम में स्वच्छता अभियान एवं रैली निकालकर ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कैप्टन अबू तलहा अंसारी के कुशल निर्देशन में पहले मन्दिर परिसर में स्वच्छता चलाकर परिसर की साफसफाई की गई।जिसमें गुलाम मोहिउद्दीन, मो0 आफताब, तस्कीन फातिमा, समृद्धि, दिक्षा, शिखा, आदि ने बढ़ चढ़ कर अपना श्रम दान किया इसके बाद रैली निकालकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा शौचालय का प्रयोग घर में ही करने के लिए प्रेरित किया और खुले में शौच करने से अनेक प्रकार की बीमारियों व पर्यवरण को दूषित होने से रोका जा सकता है। इस अवसर पर महाविधालय के शिक्षक सुनील अग्रहरी, गुलनाज नकवी व प्राथमिक विद्यालय अगियोना की प्रधानाअध्यापिका प्रेमलता सिंह, फरहत नसीर, इत्यादि शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कैप्टन अबू तलहा अंसारी ने स्वच्छता की सपथ दिलाई। जिसमें इरशाद, अमन, मो. अयान , समर जहरा, नुसरत फातिमा, अकांक्षा, इत्यादि स्वयं सेवक- सेविकाओं ने बढ़ चढ़ के प्रतिभाग किया।

# पुलिस अधीक्षक ने डायवर्जन प्वाइंट कैम्प का लिया जायजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** महाकुम्भ 2025 के अवसर पर यातायात सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के साथ थाना कोखराज अंतर्गत बरीपुर व सकाढा तिराहा डायवर्जन प्वाइंट पर कैंप करके श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की लगातार मॉनिटरिंग करते हुए यातायात व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं। यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित कराई जा रही है। यातायात व्यवस्था की निगरानी लगातार ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी की जा रही है। जनपद में श्रद्धालुओं का आवागमन सुव्यवस्थित रूप से हो रहा है। प्रमुख मार्गों पर क्षेत्राधिकारी गण व अन्य कर्मचारीगण ड्यूटी पर मुस्तैद हैं।

# चेयरमैन के भाई को सरेराह कार सवार दबंगों ने पीटा

**● जानकारी पर पहुंचे समर्थकों ने किया हंगामा, लगा जाम**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बबी।** सैनी कोतवाली के सिराथू कस्बे में तहसील से बाइक से लौट रहे चेयरमैन सिराथू राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव के छोटे भाई ज्ञान प्रकाश पुत्र स्व श्री राम को कार सवार दबंगों ने सरेराह मारपीट कर जख्मी कर दिया, मामले की जानकारी होने पर पहुंचे समर्थकों ने आरोपियों को पकड़ने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद संत मलूक दास रेलवे ओवर ब्रिज पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझा कर लगे जाम को हटवाते हुए यातायात बहाल कराया है। और पीड़ित की तहरीर पर कार्यवाही में जुट गई है।

सिराथू कस्बे के गुलहरिया पुर वार्ड नं पांच निवासी ज्ञान प्रकाश उर्फ छोटे पुत्र स्व श्रीराम ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार की दोपहर लगभग सिराथू तहसील से बाइक से सिराथू जा रहा था , इस दौरान ओवरब्रिज पर पीछे से आ रही चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया जिसमें वह किसी तरह बचकर आगे बढ़ा तो कार चालक ने ओवरटेक कर गाली गलौच करने लगे और कार में सवार अन्य लोगों ने चेयरमैनी में पैसा कमाने की बात कहते हुए 25 हजार माह का हफ्ता मांगने लगे , विरोध करने पर आधा दर्जन के करीब दबंग जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए । पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की कार्यवाही में जुट गई है ।

## कुम्भ में कुम्भ-महिमा पर हुआ वैचारिक मंथन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा सर्वसिद्धिप्रदरू कुम्भरू , विषय पर कला कुम्भ, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश', सेक्टर 7, कुम्भ क्षेत्र, प्रयागराज में व्याख्यान का आयोजन हुआ। इसके संयोजक डॉ आरुणेय मिश्र, प्रभारी संस्कृत विभाग,ईसीसी, एवं सह संयोजिका डॉ अंशु सिंह थी। मुख्य वक्ता प्रो. राजेंद्र त्रिपाठी, आचार्य, संस्कृत-विभाग,इलाहाबाद डिग्री कॉलेज ने अपने व्याख्यान में बताया प्रयागराज माहात्म्य पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कुंभ की सभी स्नानों का ,दान इत्यादि का महत्त्व बताया। सरस्वत वक्ता, डॉ प्रमा द्विवेदी संस्कृत-विभाग जगत तारण गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज, डॉ सन्त प्रकाश तिवारी संस्कृत-विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज व डॉ भरत कुमार संस्कृत-विभाग डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, प्रयागराज रहे।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना सैनी पुलिस महिला बीट उपनिरीक्षक द्वारा ग्राम कमासिन में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया ।



महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6) राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# बेरूआ में हुए उपचुनाव में रामगोपाल रहें विजई, समर्थकों में हर्ष



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत बेरुआ में ग्राम प्रधान के निधन के बाद रिक्त पड़ी ग्राम प्रधान के पद का उप चुनाव हुआ सम्पन्न रामगोपाल (भिखारी) ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रंजीत कुमार को 168 मतो से हराकर चुनाव को जीता ग्रामवासियों ने नवागत ग्राम प्रधान का फूल माला पहनाकर एवं लड्डू बांटकर खुशी मनाया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहियाध्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 87 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में छः गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 01, थाना करारी से 02, थाना पिपरी से 03) कुल 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ऋण सम्बन्धी योजनाओं से आमजन को किया जाये लाभान्वित- नगर अध्यक्ष



**● कौशाम्बी में बन्धन बैंक का फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर नगर अध्यक्ष ने किया उद्घाटन**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नगर अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी ने किया उद्घाटन आज मंझनपुर में बन्धन बैंक का फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया गया, इस मौके पर नगर अध्यक्ष ने बैंक के ब्रॉच मैनेजर से वार्ता कर बैंक में कार्मिकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर आम जनमानस को किस प्रकार से लाभान्वित किया जायेगा के, स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित ऋण सम्बन्धी योजनाओं के तहत पात्र लोगों का चयन कर उन्हें रोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाये, जिससे कि वह नये-नये रोजगार सृजित कर आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर होते हुए इससे लाभान्वित हो सके और पात्र व्यक्तियों के ऋण सम्बन्धी पत्रावलियों समय से निस्तारण किया जाये। इस मौके पर बैंक के ब्रांच मैनेजर ने जानकारी देते हुए बताया कि बन्धन बैंक भारत में 2015 से संचालित है, जिसमें निम्न से लेकर उच्च श्रेणी तक की सुविधा उपलब्ध है, इस बैंक द्वारा सरकारी लोन, प्राईवेट लोन के साथ ही बिजनेश व हाउसिंग लोन की सुविधा आसानी से लोगों को प्रदान करने के साथ ही सभी प्रकार के इन्श्योरेंश सम्बन्धित कार्य भी कराया जायेगा। बन्धन बैंक के उद्घाटन के अवसर पर ब्रांच मैनेजर अतुल कुमार मिश्रा, असिटेंट ब्रांच हेड श्री मोहम्मद यासीन, डिप्टी मैनेजर श्री अखिलेश पाठक, सेल्स ऑफिसर प्रदीप कुमार, डिप्टी मैनेजर आशुतोष मल्लिक सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## संजीवनी हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल कस्बे के करन चौराहे पर संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती व संजीवनी हॉस्पिटल करन चौराहा सराय अकिल के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 11 बजे से शाम 03 बजे तक संचालित होगा, जिसमें मरीजों को विशेष चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।संजीवनी हॉस्पिटल के प्रबंधन ने जानकारी दी कि शिविर के दौरान ओपीडी पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, पैथोलॉजी जांच व ऑपरेशन की फीस पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों की जांच करेगी और जरूरी परामर्श देगी। संजीवनी हॉस्पिटल की डायरेक्टर डा. मनीषा चौधरी, मैनेजर संजय पाल और ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, (कौशाम्बी)।** विकास खण्ड कौशाम्बी के बेरौचा ग्राम पंचायत के मजरा कैलाशपुर में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ। इस दौरान विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ बेदी पूजन किया गया। कैलाशपुर कथा प्रांगण से प्रारंभ हुई कलश यात्रा महिला उपरहार गांव होते हुए यमुना नदी तक गई, जहां से महिलाएं पवित्र जल लेकर यज्ञ मंडप पहुंचीं। वहां विधिवत पूजन के बाद कलश यात्रा का समापन हुआ। कथा व्यास निर्भय नाथ त्रिपाठी (व्याकरण आचार्य) ने बताया कि दोपहर 2रू30 बजे से संध्या 06 बजे तक प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से साप्ताहिक ज्ञान महायज्ञ में सम्मिलित होकर कथा श्रवण करने व पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की। कथा व्यास ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में धार्मिक और नैतिक मूल्य लोगों की जिंदगी से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में समाज को धर्म और धर्मग्रंथों की ओर लौटने की आवश्यकता है। इसके लिए लोगों में जागरूकता लाने और धार्मिक एवं संस्कृत मूल्यों को सहेजने की जरूरत है। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य यजमान त्रिभुवन प्रसाद मिश्र एवं उर्मिला देवी सहित बोदे मिश्रा, आनंदी प्रसाद मिश्रा, पप्पू दुबे, गोली मिश्रा, कृष्ण प्रसाद मिश्रा, वेद प्रकाश मिश्रा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।श्रीमद् भागवत कथा के इस आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

## मायके के लिए निकली दो बच्चों की माँ लापता

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के नारियवां मजरे सांभरपुर की रहने वाली सीता देवी पत्नी रामलाल सरोज की बेटी आरती सरोज 25 वर्ष पत्नी मुकेश सरोज अपने दो बच्चों रूद्र सरोज 5वर्ष रुद्रांश सरोज 4 वर्ष के साथ अपनी ससुराल कसहर मजरे तिलहर जेठवारा से 12 फरवरी को अपने मायके के लिए निकली लेकिन घर नहीं पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी ज़ब वह न तों मायके पहुंची और न ही ससुराल तों स्वजनों ने 21 फरवरी को पुलिस से शिकायत करके कार्यवाही की मांग की है।मामले को लेकर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत मिली है तथा जाँच की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लीलापुर थानान्तर्गत डीहमेंहदी डिहवा निवासी बीस वर्षीय रवीन्द्र गौतम पुत्र छोटेलाल गौतम गुरूवार की रात करीब आठ बजे घर से पैदल बाबूगंज बाजार सामान लेने गया था। वहां से वापस घर लौटते समय गांव समीप अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल की शिनाख्त कर परिवार के लोगों को सूचना दी और घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज भेजवाया। यहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। एसओ अरूण सिंह का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## चार पर मारपीट का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने मारपीट व धमकी को लेकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चमरूपुर शुक्लान गांव निवासी संतराम पुत्र रामसुख ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बारह फरवरी की रात करीब आठ बजे गांव के विनोद पुत्र शिवशरण, रजितराम पुत्र विजयपाल, धर्मवीर पुत्र प्यारेलाल व विशाल पुत्र दिनेश उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। आरोप है कि पीड़ित के मना करने पर आरोपियों ने उसे व उसकी मां को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी भी दी। एसओ अरूण सिंह का कहना है कि जांच के बाद चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ट्रैक्टर व बाइक में जोरदार टक्कर, दो घायल

**पट्टी प्रतापगढ़।** शहर से घर वापस आ रहे बैंक कर्मी को सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। इसमें दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को पट्टी सीएचसी लेकर आई, जहां पर सभी का इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के विरौवती गांव के रहने वाले संजय कुमार 25 वर्ष, एवं बाइक पर पीछे की सीट पर बैठे संदीप 40 वर्ष जिला मुख्यालय से रानीगंज होते हुए घर जा रहे थे। अभी यह लोग गडौरी खुर्द गांव के समय पहुंचे थे कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों से सूचना पाकर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी लेकर आई। जहां पर दोनों का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी होने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

## पाक्सो एक्ट के मामले वांछित युवक के घर पुलिस ने कराई मुनादी

**पट्टी प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत नरवारी गांव निवासी आरोपी नीरज गौतम पुत्र मन्ता गौतम पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहा है। शुक्रवार को दिन में 3ः30 बजे के आसपास पट्टी कोतवाल आलोक कुमार अपनी टीम के साथ नरवारी गांव पहुंचे और न्यायालय के आदेश पर मुनादी की कार्यवाही कभी। यदि आरोपी एक माह के अंदर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं किया तो बीएनएस की धारा 85 के तहद कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

## जिला कारागार में बंदियों को महाकुम्भ स्नान कराया गया

**प्रतापगढ़।** पवित्र तीर्थराज प्रयागराज में 144 वर्षीय महाकुंभ स्नान से वंचित कारगारों में निरुद्ध बंदियों को पवित्र संगम के जल से स्नान कराने के उद्देश्य से उ0प्र0 शासन की मंशानुरूप कारागार मंत्री एवं पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक कारागार के निर्देशानुसार आज प्रदेश की समस्त कारागारों में महाकुंभ स्नान का आयोजन किया गया। इसी अनुक्रम में जिला कारागार प्रतापगढ़ में भी बंदियों को महाकुंभ स्नान कराया गया। इसके लिए त्रिवेणी संगम के पवित्र जल को जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण के साथ कलशों में संचित कर, कलश के पवित्र जल को कारागार में निर्मित स्नान की टंकियों में मिश्रित करके बंदियों को स्नान कराया गया। स्नान के दौरान बंदियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बंदियों ने गंगा मैया, यमुना मैया, सरस्वती मैया के जयघोष के साथ स्नान किया तथा संगम के पवित्र जल का आचमन किया।

## युवक को पीटने पर पांच के खिलाफ केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोंसाई का पुरवा धना टिकरियां गांव निवासी प्रदीप पटेल ने पुलिस को तहरीर दी। विगत 17 फरवरी को शाम करीब सात बजे सुभाष ने अपनी दुकान के पास बुलाया। जहां पहले से बैठे लोगों ने लाठी डंडे से हमलाकर दिया।शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित प्रदीप पटेल की तहरीर पर पुलिस ने उत्कर्ष, उज्ज्वल, सुभाष को नामजद करते हुए दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## हाईवे पर खड़ी मैजिक में टवेरा कार ने मारी टक्कर




**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** देल्हूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रयागराज अयोध्या हाईवे के रतीपुर गांव में चाय पीने के लिए रुके श्रद्धालुओं की मैजिक डाला वाहन संख्या बीआर 38 जी 62 66 में प्रयागराज से स्नान कर अयोध्या जा रहे दर्शनार्थियों से भरी टवेरा गाड़ी टकरा गई । जानकारी के अनुसार ललन यादव बिहार प्रांत के अरिबिया जिले के फारबिसगंज घोलबज्जा निवासी चालक ललन कुमार यादव उम्र 26 वर्ष बलराम गुप्ता उम्र 48 वर्ष पत्नी गुंजा देवी उम्र 42 वर्ष दो पुत्र राज गुप्ता उम्र 12 वर्ष तथा युवराज गुप्ता तथा भतीजे छोटू गुप्ता के साथ गंगा स्नान के बाद अयोध्या धाम दर्शन को जा रहे थे। रास्ते में रतीपुर गांव में मैजिक हाईवे के किनारे खड़ी करके चाय पीने लगे । इस दौरान प्रयागराज की तरफ से श्रद्धालुओं से भरी टवेरा गाड़ी संख्या की एम 34 45 ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद मैजिक डाला वहां सड़क किनारे खड़े दूसरे वाहन से टकराकर खड़ी हो गयी। गनीमत रही कि इस टक्कर में दोनों गाड़ियों के श्रद्धालुओं को हल्की फुल्की चोंटे आई । सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाकर क्षतिग्रस्त गाड़ियों को हाईवे से हटाकर किनारे पर किया।

# अधिवक्ता संशोधन विधेयक के खिलाफ सड़क पर उतरे वकील, जमकर किया विरोध प्रदर्शन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्र सरकार के प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक के विरोध को लेकर शुक्रवार को यहां वकील सड़क संघर्ष पर उतरे दिखे। अधिवक्ताओं ने न्यायिक कामकाज का बहिष्कार कर तहसील परिसर में इस विधेयक को वापस लेने की हुंकार भरी। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकांत निराला की अगुवाई में सैकडो वकीलों का जत्था नारेबाजी करते सड़क पर आ पहुंचा। तहसील गेट से सीओ कार्यालय तक वकीलों ने विधेयक की वापसी को लेकर जोरदार नारेबाजी की। इसके चलते नेशनल हाइवे पर करीब आधे घंटे तक तहसील क्षेत्र में जाम की स्थिति बन गयी।

आम सभा को संबोधित करते हुए रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि यह विधेयक वकीलों को गरीब वादकारी के साथ अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने पर प्रतिबंधित करेगा। उन्होनें कहा कि प्रस्तावित मसौदे में अधिवक्ताओं की एकता व अखण्डता को खण्डित करने तथा दमन करने की बू आ रही है। सभा का संचालन उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी व संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल ने किया। पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, अनिल त्रिपाठी महेश, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, संतोष पाण्डेय, टीपी यादव, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, राजेश तिवारी ने भी इस विधेयक को अधिवक्ताओं की निजता पर सामूहिक हमला कहा। इस मौके पर लाल विनोद प्रताप सिंह, शिवरंजन यादव, लाल अंकित सिंह, विपिन शुक्ल, सिंटू मिश्र, धीरेन्द्र मिश्र, अखिलेश द्विवेदी, शेष तिवारी, सुमित त्रिपाठी, राकेश पाण्डेय, संदीप त्रिपाठी, केके शुक्ला, अनूप पाण्डेय, आदि अधिवक्ता रहे।

## अधिवक्ताओं ने संशोधन बिल पर जताया विरोध,जलाई प्रतियां



**प्रतापगढ़।** आज 21फरवरी को बार कार्उसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 पर अपना विरोध जताते हुए अधिवक्ता संशोधन बिल की प्रतियां भी जलाई। बैठक में अधिवक्ता समाज की जो आवाज दबाने की योजना इस संशोधन बिल में की जा रही है उसका सभी ने विरोध किया तथा जिलाधिकारी को अपना विरोध करते हुए ज्ञापन दिया। इस दौरान ऑल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, जूनियर बार महामंत्री विवेक त्रिपाठी जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह दीपू मिश्रा प्रदीप सिंह विद्यासागर शुक्ला विवेक त्रिपाठी उत्तम सिंह शक्ति सिंह अमित सिंह दीपक त्रिपाठी आसिफ सिद्दीकी उत्सव भूषण कमलेश गौतम दुर्गेश उपाध्याय कौशलेश दुबे श्रीराम द्विवेदी हरीश शुक्ला आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला युवती का शव, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में घर में युवती का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस शव को पीएम के लिए भेजकर घटना की जांच कर रही है। लालगंज कोतवाली के पूरे कुंदन ढ़िगवस गांव की बीस वर्षीय सुमन देवी पत्नी स्व. नन्हेंलाल पटेल का शव गुरूवार की शाम घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला। मृतका के चाचा लालता प्रसाद पटेल ने भतीजी की मौत की सूचना पुलिस को दी। परिजन काफी देर से युवती को घर में न देख खोजबीन शुरू की तो कमरे में उसे फंदे से लटकता देख लोग चीख पड़े। चीखपुकार सुनकर गांव के लोगों की भीड़ जुट गयी। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। युवती की मौत के कारण को लेकर कोई कुछ नहीं बोल रहा है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि मृतका के चाचा की सूचना पर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा के साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्तरदायित्व के प्रति सजग रहें युवा-प्रो. राजकुमार

### ▶▶ एचएन बहुगुणा पीजी कालेज के एनएसएस शिविर का हुआ समारोहपूर्वक शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित एचएन बहुगुणा पीजी कालेज में शुक्रवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा मिश्रा एवं प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र तथा प्रो. डॉ. राजकुमार पाण्डेय ने बतौर अतिथि मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया। एनएसएस की शिविरार्थी छात्राओं आकांक्षा, शिवानी, सोनम, अंजलि, नीलम, समरीन ने मां सरस्वती की वंदना तथा स्वागत गान व स्वच्छता जागरण गीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजकुमार पाण्डेय ने शिविरार्थी छात्र छात्राओं से सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्तरदायित्व का बोध करते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठता का आहवान किया। विशिष्ट अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पूर्व उप निदेशक डा. पुरूषोश्रम शुक्ला ने शिविरार्थियों को स्वास्थ्य एवं शारीरिक श्रम के समन्वय से रूबरू कराया। अध्यक्षता करते हुए प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा मिश्रा ने छात्राओं की हौसला आफजाई की। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने देश के विकसित आयामों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि शिक्षा की सार्थकता सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्परता में निहित हुआ करती है। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र मिश्र व उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार तथा इं. सिद्धार्थ त्रिपाठी रहे। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सीमा त्रिपाठी ने शिविर की कार्यवृत्त पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन प्रो. डॉ. ऋचासुकुमार ने किया। उदघाटन सत्र का संचालन शिविरार्थी आदर्श पाण्डेय ने किया। इस मौके पर दिनेश त्रिपाठी, डॉ. निशान्त पाण्डेय, डॉ. वाचस्पति मिश्र, डॉ. श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ. शिवकुमार यादव, डॉ. दीपेन्द्र विश्वकर्मा, दिनेश सिंह आदि रहे।

## प्रधान के उपचुनाव में रामलखन बनें ग्राम प्रधान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर शुक्रवार को विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ परिसर में मतगणना सम्पन्न हुई। ब्लाक क्षेत्र के हरनाहर ग्राम पंचायत में प्रधान पद के रिक्त हुए पद पर उपचुनाव में रामलखन सरोज, प्रभावती तथा सविता देवी चुनाव मैदान में थी। मतगणना में रामलखन को कुल तीन सौ चौरासी मत तथा प्रतिद्वंदी प्रभावती को कुल तीन सौ ग्यारह मत हासिल हुये। रामलखन को तिहत्तर मतों से विजयी घोषित किया गया। वहीं सविता देवी को पैंसठ मतों से ही संतोष करना पड़ा। आरओ मनीष मिश्र ने प्रधान पद के विजेता रामलखन सरोज को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इधर रामलखन सरोज को विजय मिलने पर समर्थकों ने उन्हें फूल माला पहनाकर खुशी जतायी। चुनाव प्रक्रिया की देखरेख में प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार भी मौजूद रहे। निर्वाचित प्रधान की जीत को लेकर अधिवक्ता शिवाकांत उपाध्याय ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन के सहयोग के प्रति ग्रामीणों की ओर से आभार जताया।

## संदिग्ध दशा में युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में युवक की मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। लालगंज कोतवाली के रायपुर भगदरा निवासी चालीस वर्षीय विजय यादव पुत्र छेदी लाल यादव कार्यक्रमों में भोजन बनाने का काम करता था। वह गुरूवार की सुबह घर से बिना किसी को कुछ बताये निकला था। देर शाम करीब पांच बजे कुछ ग्रामीणों ने अचेतावस्था में उसे गांव समीप खेत में पड़े देखा तो परिवार के लोगों को सूचना दी। सूचना पर परिजन उसे इलाज के लिए लेकर ट्रामा सेण्टर आये। यहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। मौत के कारण को लेकर परिजन जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जता रहे हैं। वहीं चिकित्सकों ने झुलसने से मौत की आशंका जतायी है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट से ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी सिडको के निर्माण कार्यो को अविलम्ब पूर्ण कराया जाये-मुख्य विकास अधिकारी

**● मुख्य विकास अधिकारी ने यूपी सिडको के निर्माण कार्यो की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा यू0पी0 सिड्को के निर्माण कार्यो की समीक्षा विकास भवन के सीडीओ कक्ष में की गयी। बैठक में अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत जनपद के 41 विद्यालयों के सापेक्ष 36 विद्यालयों का उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजा गया है जिसमें 29 विद्यालयों का सत्यापन हो चुका है, 07 विद्यालयों का सत्यापन अवशेष है, 04 विद्यालयों का कार्य प्रगति पर है एवं 01 राजकीय बालिका इटर कालेज मानिकपुर की भूमि पर विवाद के कारण कार्य अवरूद्ध है। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इण्टर कालेज महेवामलकिया के निर्माण सम्बन्ध में बताया गया कि रूपये 110.48 लाख स्वीकृति के सापेक्ष रूपये 55.24 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है जिसका शत् प्रतिशत व्यय किया जा चुका है, द्वितीय किस्त कार्यदायी संस्था को नही प्राप्त है जिस पर सीडीओ ने अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि द्वितीय किस्त प्राप्त होने के उपरान्त कार्य को अविलम्ब पूर्ण करायें। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवर हरदो पट्टी के निर्माण के सम्बन्ध में बताया गया कि रूपये 74.06 लाख स्वीकृति के सापेक्ष रूपये 37.03 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है, कार्य पर भूमि विलम्ब से उपलब्ध होने के कारण 25 प्रतिशत प्रगति हुई है जिस पर निर्देशित किया गया कि अविलम्ब उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष कार्य पूर्ण करायें। राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में बताया गया कि रूपये 56.40 लाख स्वीकृति के सापेक्ष रूपये 28.20 लाख की धनराशि अवमुक्त हुई है, अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष स्वच्छ पेयजल, भौतिक सत्यापन एवं जीव विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कार्य प्रस्तावित था जिस पर मात्र बोरिंग के कार्य हेतु रूपये 1.50 लाख का व्यय किया जा चुका है, शेष निर्माण कार्य, निष्प्रयोज्य भवन के ध्वस्तीकरण के उपरान्त कराया जाना था, जिस पर अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि स्वयं स्थलीय सत्यापन कर ध्वस्तीकरण के उपरान्त निर्माण कार्य प्रारम्भ करायें। इसी प्रकार प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांपा मधुपुर, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लरू, राजकीय इण्टर कालेज शेखूपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज मानिकपुर के निर्माण कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

पूर्वान्चल विकास निधि (जिलांश) के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सामान्य मद में 49 कार्य एवं एसपीपी मद में 24 कार्य है जिसके सापेक्ष सामान्य मद में 46 कार्य पूर्ण, 03 कार्य अपूर्ण है। इसी प्रकार एससीपी मद में 24 कार्यो के सापेक्ष 23 कार्य तथा 01 कार्य अपूर्ण है। सीडीओ ने अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि पूर्वान्चल विकास निधि के अन्तर्गत सामान्य एवं एसपीपी मदों में अवशेष कार्यो को प्राथमिकता पर पूर्ण करायें। विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के सम्बन्ध में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के 13 कार्य स्वीकृत है जिसके सापेक्ष 10 कार्य पूर्ण है, 02 कार्यो में स्थल परिवर्तन किया गया है, टेण्डर प्रक्रिया की कार्यवाही प्रचलित है, शेष 01 कार्य प्रगति पर है जिस पर निर्देशित किया गया कि शीघ्र कार्य पूर्ण कराकर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित करायें। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत गैप फिलिंग का कार्य (प्रथम चरण) एवं प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत गैप फिलिंग का कार्य (द्वितीय चरण) की समीक्षा कर सीडीओ ने अधिशासी अभियन्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। समीक्षा बैठक हेतु अधिशासी अभियन्ता द्वारा उपलब्ध करायी गयी बुकलेट में भौतिक, वित्तीय प्रगति, कार्य पूर्ण करने की लक्षित तिथि एवं विलम्ब के कारण का स्पष्ट अंकन नही किया गया है जिस पर अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी से समन्वय कर सीएम डैशबोर्ड की भांति बुकलेट तैयार कराकर अविलम्ब प्रस्तुत करें। बैठक में यूपी सिडको के अधिशासी अभियन्ता सुरेन्द्र कटियार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अवर अभियन्ता शिव शंकर यादव उपस्थित रहे।

# एकता महोत्सव को लेकर एसडीएम व एएसपी ने तैयारियों का लिया जायजा, दिये निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर होने वाले राष्ट्रीय एकता महोत्सव को लेकर शुक्रवार को एसडीएम व जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी ने तथा सीओ ने तैयारियों का अवलोकन किया। बाबा धाम स्थित निरीक्षण गृह में एसडीएम नैनसी सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में पचीस से सत्ताईस फरवरी तक आयोजित होने वाले महोत्सव की तैयारी को लेकर बिंदुवार समीक्षा हुई। प्रशासनिक अधिकारियों तथा आयोजन समिति व मंदिर व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में धाम में साफ सफाई व सुरक्षा एवं जनसुविधाओं से जुड़े कार्यो को एसडीएम ने समयबद्ध पूर्ण कराए जाने को कहा। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने मेले में सुरक्षा बिंदुओं के एहतियाती प्रबन्धों को चुस्त दुरूस्त बनाए रखने के कड़े निर्देश दिये। उन्होने बताया कि एहतियातन मेला क्षेत्र को पूरे महोत्सव के दौरान सीसी कैमरे की निगरानी में रखा जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर ने बताया कि महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के दिन मंदिर परिसर से लेकर पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त किये गये हैं। वहीं बैठक में अस्थायी स्वास्थ्य केन्द्र, सई नदी पर नाव व गोताखोर की तैनाती, लालगंज सांगीपुर वाया घुइसरनाथ मार्ग की पटरियों को दुरूस्त कराये जाने, पेयजल आपूर्ति के साथ प्रकाश व्यवस्था के बिंदुओं पर विचारविमर्श हुआ। बैठक में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने आयोजन समिति की ओर से तैयारियों की जानकारियां दी। मंदिर के महन्त मयंकभाल गिरि ने दर्शन व जलाभिषेक को लेकर मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का विवरण रखा। बैठक के बाद एसडीएम व सीओ ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर तैयारियों के बाबत प्रबन्धों की रूपरेखा पर चर्चा की। इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार, सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र, रामलोचन त्रिपाठी, रामबोध शुक्ल, फूलचंद्र पाण्डेय, विपिन तिवारी, धर्मेन्द्र मिश्र, अवर अभियंता शुभम त्रिपाठी, आदि रहे।

संक्षिप्त खबरें

## अज्ञात वाहन में पीछे से भिड़ी श्रद्धालुओं की कार, तीन जख्मी

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे के नजदीक नेशनल हाईवे पर प्रयागराज महाकुंभ से गाजियाबाद जा रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन में पीछे से भीड़ गई हादसे में कार सवार तीन श्रद्धालु जख्मी हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।बताया जाता है कि गाजियाबाद के विजय नगर थाना के विजय नगर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र किशोरी लाल अपने साथियों संग कार से प्रयागराज महाकुम्भ स्नान के लिए गए थे , कार सवार श्रद्धालु संगम से स्नान कर वापस गाजियाबाद के लिए लौट रहे थे, बीती रात कार जैसे ही सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे के नजदीक पहुंची तभी कार अनियंत्रित होकर आगे जा रहे अज्ञात वाहन में भीड़ गई हादसे में कार सवार गाजियाबाद के विजय नगर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र किशोरी लाल , दिल्ली के गोकुलपुरी थाना के गंगा बिहार गोकुलपुरी निवासी सुरेश चंद्र पुत्र स्व कांति प्रसाद गुप्ता, हापुड़ के पिलखुवा थाना क्षेत्र के शाहपुर भगत निवासी नितिन पुत्र मनोज सिंह राणा जख्मी हो गए। आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। और क्षतिग्रस्त कार को हाईवे से किनारे कर यातायात बहाल कराया।

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना वर्ष 2024-25 के लिए 28 फरवरी 2025 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य द्वारा अवगत कराया गया कि मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न परियोजनाओं में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 28 फरवरी 2025 तक आवेदन कर सकतें है। जनपद के इच्छुक किसानों व मत्स्य पालक मत्स्य विभाग की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन के सम्बन्ध में अधिक जानकारी मत्स्य विभाग की वेबसाइट एवं किसी भी कार्य दिवस पर मत्स्य विभाग के कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, विकास भवन, मंझनपुर, कौषाम्बी के कमरा नं0 76 एवं 77 में सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## भरवारी में ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को लगाया 20 हजार की चपत

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के गौरा निवासी एक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को बृहस्पतिवार की दोपहर शातिर ने 20 हजार रुपया की चपत लगा दिया। दूसरे के खाते में रकम ट्रांसफर कराने के बाद वह भाग निकला। पीड़ित की तहरीर लेकर पुलिस जांच कर रही है।नगर के वॉर्ड 16 देहदानी डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर के गौरा निवासी राहुल शर्मा पुत्र चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि उसने मोहल्ले में ही पंजाब नेशनल बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र खोल रखा है। पीड़ित की मानें तो बृहस्पतिवार की दोपहर स्कूटी से एक अनजान युवक उसकी दुकान पर आया,उसने फोन पर किसी अन्य से बात कराई। बात करने वाले ने अपना क्यूआर कोड व्हाट्सएप पर भेजा और 20 हजार रुपया डालने के लिए कहा। स्कूटी से आए युवक ने कहा कि वह नकद रुपया दे रहा है। पीड़ित के मुताबिक रकम ट्रांसफर होने के बाद स्कूटी से आया युवक नकदी दिए बिना भाग निकला। उसकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद है। जिस खाते में रकम भेजी गई, उसका विवरण भी है। इस संबंध में कोखराज थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य ने बताता कि जांच कराई जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए मुकेश सिंह कुशवाहा



**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री नीतियों से प्रभावित होकर अनिल मौर्य मंडल अध्यक्ष सदर मंडल गंगा पट्टी के नेतृत्व में पुराने बहुजन समाज पार्टी के समर्थक मुकेश सिंह कुशवाहा चिरैया नाला टिकरी उपरहार प्रयागराज अपने समर्थकों के साथ पार्टी में समर्पण भाव के साथ पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पार्टी का जनाधार बढ़ाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जितेंद्र सिंह मंडल महामंत्री, शांति भूषण मिश्रा सोशल मीडिया संयोजक, विवेक चौधरी, शुभम कुशवाहा, लवकुश कुशवाहा,कमलेश कुशवाहा, राज किशोर, शिवम,दीपक राहुल प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहें।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के सिराथू रेलवे स्टेशन के नजदीक एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पाया गया , शव मिलने की खबर पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के सिराथू रेलवे स्टेशन के नजदीक शुक्रवार की शाम खंभा नंबर 881/18 डाउन लाइन पर लगभग 30 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव पाया गया , शव मिलने की खबर पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है , पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## साली के साथ हो रहे छेड़छाड़ का विरोध करने पर जीजा का सर फोड़ा



**करारी, (कौशाम्बी)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की सुबह गांव के ही शोहदे एक युवती को छेड़ रहे थे।जब इसका विरोध युवती के जीजा ने किया तो उसको जमकर पीट दिए।मारपीट से युवक के सर में गंभीर चोटें आई हैं।शुक्रवार को कुनबे के साथ थाना पहुंचकर पीड़ित ने शिकायत करके न्याय की गुहार लगाई है। करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की सुबह गांव के ही रहने वाले शेरू,मैय्यू व बिल्ला एक युवती को छेड़ रहे थे।छेड़छाड़ का विरोध जब युवती के बहनोई इलियास ने किया तो उक्त दबंगों के साथ मिलकर गांव की ही रहने वाली जालसा पत्नी अंसार ने इलियास के घर में चढ़ाई कर दिए।लाठी डंडों से जीजा और साली को जमकर पीट दिए।मारपीट से इलियास के सर में गंभीर चोटें आई हैं।शुक्रवार को पीड़ित युवक कुनबे के साथ करारी थाना पहुंचकर शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले की जांच पड़ताल में पुलिस जुट गई है।

# टेढ़ीमोड़ से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान की पैदल यात्रा प्रयागराज महाकुंभ के लिए निकाली



लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील के टेढ़ीमोड़ चौराहे से प्रयागराज महाकुम्भ के लिए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को पैदल यात्रा निकाली गई। यात्रा में नवयुवको सहित गणमान्य लोगो ने भाग लिया। यात्रा की टोली धीरे धीरे सैकड़ों की संख्या में तब्दील लोगों को नशा मुक्ति जागरूकता का संदेश देते कुंभनगरी प्रयागराज पहुंचकर स्नान करेंगे। यात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर व साथ मे रहे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजीव मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया गया। इसे दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने कहा कि लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होना चाहिए और नशा मुक्ति से बचने के लिए लोगो को प्रेरित करना चाहिए। इस तरह के अभियान से लोगों में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित होंगे। नशा मुक्ति अभियान में समूह के तौर पर काम करने से लोगों को एक दूसरे पर भरोसा करने और सहयोग करने का मौका मिलता है। नशा मुक्ति यात्रा शुजातपुर बम्हरौली के रामकिशन पहलवान ने अपने साथियों के साथ निकाला है, जिसमे क्षेत्र के सैकड़ो लोगो ने रैली को सफल बनाने के लिए शामिल हुये है। यात्रा में टेढ़ीमोड़, शहजादपुर, पल्टीपुर , कल्यानपुर , ककोढा , कसिया, मूरतगंज के लोग मौजूद रहे ।

यात्रा में रामकिशन पहलवान के साथ सूरज मिश्रा, शुभम मिश्रा ,मनोज जायसवाल, मोहित दुबे, जितेंद्र पाल, रंजीत यादव, नितिन केसरवानी, अभिलेश गुप्ता,शशिकांत पांडेय, रवि गौतम आदि मौजूद रहें।

## डीजे पर डांस को लेकर भिड़े बाराती व घराती, आधा दर्जन चोटहिल

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के स्थानीय कस्बा के पचासा गांव में गुरुवार की शाम सदर कोतवाली के एक गांव से बारात आई थी जहां बारातियों ने नाश्ता पानी के बाद अगवानी लेकर वधू पक्ष के घर डीजे के डांस पर जा रहे थे , बारात जैसे ही वधु पक्ष के घर के पास पहुंची तभी कुछ घराती भी डांस करने लगे , बारातियों ने इस बात का विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच आपसी कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी , इस दौरान मौके पर अफरा तफरी मच गई , इस मारपीट में लगभग आधा दर्जन के करीब बाराती व घराती जख्मी बताए जा रहे है। जिसके बाद दूल्हे ने शादी से इंकार कर दिया। मामले की जानकारी सैनी पुलिस को मिली तो पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शादी संपन्न कराई।बताया जाता है कि सैनी के पचासा गांव निवासी चंदा पुत्र रतई की बेटी नेहा की शादी मंझनपुर के बडनपुर कादीपुर इचौली का मजरा ढेकवापर निवासी लक्ष्मन के पुत्र नरेश कुमार के साथ तय हुई थी , गुरुवार की शाम नरेश की बारात पचासा गांव पहुंची तो वधू पक्ष की ओर से बारातियों के स्वागत व नाश्ता पानी के बाद अगवानी लगी जिसमें बाराती डीजे की धुन पर डांस करते हुए जा रहे थे , बीती रात बारात वधू पक्ष के घर के पास पहुंची तो कुछ घराती घुसकर डांस करने लगे , इस बात का विरोध बारातियों ने किया तो दोनों पक्षों के बीच आपसी कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी जिसमें वधु पक्ष से विजय सिंह पुत्र बब्बू , आदिल पटेल , बंबइया पुत्र विकास व रामचंद्र पुत्र बंजारा चोटहिल हो गए। मारपीट के दौरान बाराती मौके से फरार हो गए। जिसके बाद दूल्हे ने शादी से इंकार कर दिया तो वधु पक्ष मान मनौव्वल करने लगे पूरी रात मान मनौव्वल के बाद वधु पक्ष ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शुक्रवार की सुबह शादी संपन्न कराई। वहीं दोनों पक्षों ने पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है।

## ट्रक की टक्कर से स्कार्पियो सवार इटावा के पांच श्रद्धालु जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के कनवार बॉर्डर के समीप शुक्रवार की सुबह इटावा से प्रयागराज महाकुंभ जा रहे स्कॉर्पियो सवार को बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दिया हादसे में कार सवार पांच श्रद्धालु जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया है। तीन की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज मंझनपुर के लिए भेजा है।

इटावा जनपद के सिविल लाइन थाना अंतर्गत विजयपुर मोहल्ला निवासी राजेश कुमार पुत्र स्व जीवन लाल 50 वर्ष अपने रिश्तेदार व पड़ोसियों के साथ प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे थे। शुक्रवार की सुबह सात बजे के करीब कनवार बॉर्डर के समीप पीछे से बेकाबू ट्रक स्कॉर्पियो को टक्कर मारते हुए निकल गई। हादसे में राजेश , शिव सिंह पुत्र राम सिंह 35 वर्ष , अंजू पत्नी सोनू 40 वर्ष , धर्मेंद्र पुत्र सियाराम 25 वर्ष व हरियाणा के जनपद के फरीदाबाद बल्लभ थाना अंतर्गत भोजपुर गांव के प्रशांत पांडेय पुत्र अनिल पांडेय 28 वर्ष जख्मी हो गए , हादसा देख स्थानीय लोगों ने जानकारी पुलिस को दी। इस दौरान पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने अंजू ,शिव सिंह, धर्मेंद्र की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज भेजा है।

### बाइको की भिडंत में दो जख्मी

कौशाम्बी। पंइसा थाना के धाता सिराथू मार्ग पर अनेठा मोड़ के समीप आमने-सामने से आ रही बाइको की भिड़ंत में दो जख्मी हो गए। स्थानीयलोगों ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया है। फतेहपुर जनपद के हथगांव थाना अंतर्गत कचरी निवासी आरिफ पुत्र इमाम अली साथी मंझनपुर कोतवाली के देवखरपुर गांव निवासी अनीश पुत्र हबीब के साथ शुक्रवार की दोपहर मोगरी कडा गांव से बारात में शामिल होकर
वापस सैनी लौट रहे थे जैसे ही अनेठा मोड़ के समीप पहुंचे सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

## शिक्षक के साथ अभद्रता को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने सीओ को दिया ज्ञापन



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के बघेलापुर में तैनात शिक्षक के साथ उपनिरीक्षक द्वारा अभद्रता करने पर नाराज प्राथमिक शिक्षक संघ ,क्षेत्राधिकारी कार्यालय सिराथू में पहुंचकर उपनिरीक्षक पर कार्यवाही हेतु क्षेत्राधिकारी सिराथू को ज्ञापन दिया है।

उप्र प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ईश्वर शरण सिंह ने शुक्रवार को सीओ सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा को ज्ञापन देकर बताया कि विकास खंड सिराथू के बघेलापुर में तैनात शिक्षक रामू सिंह बुधवार की सुबह अपनी शिक्षिका पत्नी को छोड़कर अपने विद्यालय जा रहा था । रामू सिंह का आरोप है इस दौरान महाकुंभ मेला हेतु कोखराज थाना के चाकवन चौराहे के चेक पोस्ट पर तैनात उपनिरीक्षक ने उसको रोक लिया , शिक्षक द्वारा विद्यालय जाने हेतु निवेदन किया गया तो उपनिरीक्षक अभद्रता व धक्का मुक्की करते हुए मोबाइल छीन लिया । शिक्षक ने मामले की जानकारी एक्स पर पुलिस प्रशासन को दी । कार्यवाही न होने पर नाराज प्राथमिक शिक्षक संघ ने शुक्रवार को सीओ सिराथू को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है । इस दौरान ईश्वर शरण के साथ पीड़ित शिक्षक रामू सिंह , शालिनी सिंह , संतोष शर्मा , भीम प्रकाश सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहें।

## नकदी व जेवरात लेकर किशोरी फरार, चार लोगों के विरुद्ध केस

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी घर से नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गई, किशोरी की मां ने खोजबीन के बाद अनहोनी की आशंका जताते हुए चार लोगों पर नाबालिक बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध लिखापढ़ी कर कार्यवाही में जुट गई है।कोखराज थाना क्षेत्र के असदुल्लापुर रोही निवासी एक महिला ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 17 फरवरी को घर से तीस हजार की नकदी व सोने चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गई , पीड़िता ने खोजबीन के बाद अनहोनी की आशंका जताते हुए गंभीरा निवासी दीपक , रवि सहित चार लोगों पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

# अपर जिलाधिकारी ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

● बिना फिटनेस का कोई भी प्राइवेट डग्गामार वाहन सड़क पर न चलने पाये-अपर जिलाधिकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड द्वारा उदयन सभागार में महाकुम्भ-2025 के सम्बन्ध में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित किया कि जहॉ-जहॉ पर भी डायवर्जन किया गया है, वहॉ पर रिफ्लेक्टर, साइनेज बोर्ड अवश्य लगवाये जायें। उन्होंने ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित किया कि जनपदीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लॉन तैयार किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्हांने कहा कि राम वनगमन मार्ग में जहॉ-जहॉ पर भी डायवर्जन किया गया है, वहॉ पर रिफ्लेक्टरध्साइनेज बोर्ड अवश्य लगवाये जायें। उन्हांने कहा कि सड़कों में जहॉ कहीं पर गड्ढे हैं, उन्हें चिहिन्त कर 02 दिवस के अन्दर ठीक करवाने के निर्देश अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को दियें। उन्हांने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रोड किनारें स्थित शराब की दुकानों को शासन द्वारा निर्धारित सयम-सीमा के अन्दर ही खोलाध्बन्द किया जाय। उन्होंने रोड किनारे स्थित स्कूलों के पास संकेतक बोर्ड लगवाये जाने के निर्देश सम्बन्धित को दियें।

अपर जिलाधिकारी ने ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित किया कि बिना फिटनेस का कोई भी प्राइवेट डग्गामार वाहन सड़क पर न चलने पाये। उन्होंने कहा कि बिना फिटनेस के स्कूली वाहन कदापि संचालित न होने पायें, नहीं तो कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान चलाकर नशें की हालत में गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्हांने कहा कि टैम्पूध्ऑटो चिन्हित आटो स्टैण्ड में ही खड़ी किये जाय, जिससे जाम की स्थिति पैदा न हों। उन्होंने ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित किया कि जनपदीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लॉन तैयार किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि ओवरलोड गाड़ियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर ओवरलोडिंग को रोका जाय। उन्होने कहा कि जनपद में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर समुचित कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर ए0आ0टी0ओ0 श्री तारकेश्वर मल्ल एवं अधिशासी अभियन्ता पी0डब्ल्यू0डी0 हरवंश सिंह, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## युवक ने खेत गई महिला से किया दुराचार का प्रयास

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की दोपहर खेत की तरफ गई एक महिला से वहां मौजूद युवक ने दुराचार का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़िता ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

क्षेत्र के एक गांव की महिला के मुताबिक गुरुवार की दोपहर वह मवेशियों के लिए चारा लेने खेत की तरफ गई थी। वहां पर पहले से मौजूद एक युवक उसे गेंहू के खेत में घसीट ले गया और उसके साथ दुराचार का प्रयास करने लगा। आरोप है कि युवक ने जबरन उसका ब्लाउज फाड़ दिया। महिला के शोर मचाने पर लोगों को आता देख युवक ने महिला की पिटाई कर दी। साथ ही किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

## तीन युवक किशोरी को भगा ले गए, गैंगरेप और हत्या की आशंका

लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र की एक किशोरी को नकदी, गहने के साथ प्रेमी युवक अपने तीन अन्य रिश्तेदारों संग मिलकर घर से भगा ले गया। खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लगने पर उसकी मां ने गैंगरेप व हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवकों के साथ किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

कोखराज थाना क्षेत्र की पीड़ित महिला ने बताया कि उसकी 16 साल की बेटी का रिश्तेदारी के युवक से प्रेम संबंध था। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने दोनों के मिलने-जुलने पर पहरा लगा दिया। किशोरी का मोबाइल भी छीन लिया। आरोप है कि 17 फरवरी को प्रेमी युवक अपने तीन अन्य रिश्तेदारों की मदद से किशोरी को घर से भगा ले गया। किशोरी अपने साथ आधा किलो चांदी के गहने, सोनू की एक अंगूठी तथा 30 हजार रुपया नकद भी ले गई है। परिवार वालों ने पहले अपने स्तर से खोजबीन की। इसके बाद पीड़ित मां ने बृहस्पतिवार को पुलिस को तहरीर दिया।

इस संबंध में कोखराज थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपी दीपक ,रवि निवासी गंभीरा थाना मंझनपुर, इसी थाना क्षेत्र के नारा निवासी नरेश का लड़का व मुख्य आरोपी दीपक के भांजे के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

## लेखपाल और प्रधान की मिलीभगत से दबंग कर रहा तालाब पर निर्माण, शिकायत

**चायल, (कौशाम्बी)।** स्थानीय विकास खंड के रामनगर मजरा जलालपुर शाना गांव में लेखपाल और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से दबंग तालाब पर कब्जा कर मकान का निर्माण कर रहा है। विरोध करने पर दबंग गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।चरवा थाने के रामनगर मजरा जलालपुर शाना गांव की निर्मला देवी और मनीषा देवी आदि ने बताया कि गांव स्थित संख्या 412 गुड़िया तालाब में ग्रामीण अपने मवेशियों को पानी पिलाते और नहलाते हैं। आरोप है कि गांव का ही एक दबंग हल्का लेखपाल और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से तालाब की जमीन को मिट्टी से पाटकर मकान का निर्माण कर रहा है। ग्रामीणों के विरोध करने पर दबंग गाली गलौच कर मारपीट करने की धमकी दे रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल और ग्राम प्रधान दबंग से मोटी रकम लेकर तालाब की जमीन पर मकान का निर्माण करा रहे हैं। शुक्रवार को ग्रामीणों ने मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। एसडीएम योगेश कुमार गौड़ ने तहसीलदार पुष्पेंद्र गौतम को शिकायत की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## मकनपुर वारी व मो पुर वारी में आयोजित की गई चौपाल

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के मकनपुरवारी व मोहम्मदपुर वारी गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई की गई। जिसमें ग्रामीणों ने पेयजल, जल निकासी , प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, पेंशन न मिलने की समस्या बताते हुए निराकरण की मांग की। विकास खंड सिराथू के मोहम्मदपुर वारी गांव में जेई एमआई रामचंद की मौजूदगी में ग्राम चौपाल में उर्मिला देवी, वीरेन्द्र कुमार, चुन्नी देवी, रंजना, संगीता केसरवानी आदि लोगों ने बताया बरसात में कच्चा घर गिर जाने के बाद आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया है। ऐसे में पन्नी डालकर परिवार को गुजरा करना पड़ रहा है। आवासीय योजना को लेकर ग्राम विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया प्रधानमंत्री आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है जिसके तहत गांव में खुली बैठक कराकर सूची तैयार की जाएगी और सत्यापन कर पात्रों को योजना का लाभ मिलेगा। दिनेश कुमार, बच्चा लाल ने बताया जल निकासी के लिए नाली का निर्माण न होने से मोहल्ले में समस्या बनी हुई है। बैजनाथ व पिंटू ने बताया सामुदायिक शौचालय नियमित रूप से नहीं खुलता है । जिससे लोगों को दिक्कतें होती हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान अर्चना देवी, रोजगार सेवक शशि प्रकाश पाल सहित अन्य लोगों मौजूद रहे। मकनपुर वारी ग्राम पंचायत में एडीओ आईएसबी ने जनसुनवाई की जिसमें लोगों ने प्रधानमंत्री आवास की मांग करते हुए गांव की साफ सफाई कई बस्तियों में नाली निर्माण कराने को कहा जिस पर अधिकारियों ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया । इस मौके पर ग्राम प्रधान सरिता राज चौरसिया , पंचायत अधिकारी प्रदीप कुमार सरोज सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इसी तरह विकास खंड कड़ा के अलीपुर जीता व बारा हवेली खालसा में आयोजित ग्राम चौपाल में प्रधान व सचिव ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिए।

## ग्राम प्रधान को पैमाइश के बाद भी दबंग नहीं करने दे रहा मकान का निर्माण

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के सिरियावां कला गांव में ग्राम प्रधान के सरकारी पैमाइश कराने के बावजूद एक दबंग मकान का निर्माण नहीं करने दे रहा है। मकान बनाने पर वह उसे जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। चरवा क्षेत्र के सिरियावां कला गांव निवासी मो.साजिद पुत्र मोहम्मद कासिम ग्राम प्रधान हैं। उनके अनुसार उन्होंने अपने आराजी संख्या 321 की सरकारी पैमाइश कराकर पत्थरगढ़ी करा लिया था। अब वह इस जमीन पर मकान का निर्माण कराने जा रहे हैं। आरोप है कि पड़ोसी उनको मकान का निर्माण नहीं करने दे रहा है। मकान बनाने पर वह उनको जान से मारने की धमकी दे रहा है। लोगों के समझाने पर भी उसपर कोई असर नहीं पड़ रहता है।

## सम्पादकीय

# कांग्रेस संगठन में बदलाव

देश की सबसे पुरानी पार्टी में ताजा बदलाव हवा के ताजा झोंके की तरह है। कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक बदलाव शुरू कर दिए हैं। 3 दिन पहले पार्टी ने 2 राज्यों के महासचिव और 9 के लिए प्रभारियों नियुक्त की है। खास बात है कि इस फैसले पर राहुल गांधी की छाप खास नजर आ रही है।बानगी के तौर पर युवाओं को मौका देने के साथ ही ओबीसी और अल्पसंख्यक समाज के नेताओं को भी तरजीह दी गई है। दरअसल, कांग्रेस फिलवक्त अपने सबसे चुनौतीपूर्ण और मुश्किल दौर में है। जब से पार्टी ने केंद्र की सत्ता गंवाई है उसके बाद से ही उसे खुद को साबित करने के लिए जूझना पड़ रहा है। कई अजीज और पार्टी की वर्षो से खिदमत करने वाले निष्ठुरता के साथ %हाथ' को झटकते हुए धुर विरोधी सोच वाली पार्टी के खेवनहार बन गए।गौर करने वाली यह है कि किसी भी पार्टी के लिए सत्ता गंवाना उतना कष्टप्रद नहीं रहता जितना वफादार कार्यकर्ताओं का साथ छोड़ जाना। बहरहाल, कांग्रेस ने अनुभवी और परखे हुए नेताओं को जिम्मेदारी देने के साथ-साथ युवा चेहरों को खास तवज्जो दी है। साथ ही राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के एजेंडे को धार देने के लिए कांग्रेस के संगठन में भी सामाजिक न्याय की कवायद शुरू कर दी है।राहुल 2024 में संपन्न लोक सभा चुनाव के समय से ही सामाजिक न्याय की वकालत और इसे धार देने की कोशिश में जी-जान से जुड़े दिखते हैं। खासकर जाति जनगणना की मांग और पिछड़ों व दलितों की हिस्सेदारी को लेकर वो काफी मुखर रहे हैं। संगठन में बदलाव भी उनकी इसी सोच को परिलक्षित करता दिखता है। पार्टी संगठन में जिन 11 लोगों की नियुक्त हुई है, उसमें चार ओबीसी, दो दलित, एक आदिवासी और एक अल्पसंख्यक समाज से हैं, तीन सवर्ण वर्ग से हैं, जिनमें रजनी पाटिल, मीनाक्षी नटराजन और कृष्ण अल्लावरु हैं।साफ है कि राहुल अपनी सामाजिक न्याय की लड़ाई को विस्तार देने की जुगत में संजीदगी से लगे हैं। यह सब इस मायने में सही माना जाएगा कि नेता जो कहता है, उसे करता भी है। अभी तक कांग्रेस की राजनीति सवर्ण, दलित और अल्पसंख्यक समाज पर केंद्रित थी, जिसे भाजपा ने बेहद सफाई से अपने पाले में कर दिया। संगठन में बदलाव के बहाने अगर पार्टी के आत्मविश्वास में इजाफा होगा तो यह आने वाले दिनों में निस्संदेह सुकूनपरक होगा।

# दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से ज्यादा है उत्तरप्रदेश के बजट का साइज

**अशोक भाटिया**

उत्तरप्रदेश की सरकार ने हाल ही में अपना बजट पेश किया है। इस बजट का साइज दुनिया के कई देशों की जीडीपी से ज्यादा देखने को मिलती है। वहीं अगर उत्तरप्रदेश की जीडीपी की बात करें तो ये दुनिया की 50 सबसे बड़ी इकोनॉमीज की लिस्ट में शामिल हो सकता है। देश में आबादी के लिहाज से सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश, इस मामले में दुनिया के कई बड़े देशों को चुनौती देता है। रूस और तुर्की की आबादी के बराबर उत्तर प्रदेश की आबादी है। गुरुवार को यहां की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य का बजट पेश किया। वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए जो बजट पेश हुआ है, उसकी रकम जानकार आप हैरान जाएंगे। क्योंकि इसका साइज दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से ज्यादा है।बजट में उत्तर प्रदेश की जीडीपी का जो अनुमान लगाया गया है, वो पुर्तगाल के बराबर और हंगरी की जीडीपी से ज्यादा है। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि आखिर दुनिया के मानचित्र पर उत्तर प्रदेश की क्या अहमियत है। आइए आपको बताते हैं कि आखिर भारत के सबसे बड़े राज्य ने कितना बड़ा बजट पेश किया है। इस बजट के मुकाबले में दुनिया के वो देश कौन से हैं, जिनकी जीडीपी भी उतनी नहीं है।उत्तरप्रदेश के बजट का साइज डॉलर के हिसाब से देखें तो 93 अरब डॉलर से ज्यादा देखने को मिल रहा है। खास बात तो ये है कि इतनी वैल्यू तो देश के 100 से ज्यादा देशों की भी नहीं है। पनामा से लेकर मकाऊ तक एक लंबी लिस्ट है, जिनकी जीडीपी उत्तर प्रदेश के सालाना बजट से भी कम है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार साल 2025 में पनामा की जीडीपी 91.739 बिलियन डॉलर रह सकती है। जबकि तुर्कमेनिस्तान 83.883 बिलियन डॉलर, उरुग्वे 82.605 बिलियन डॉलर, सर्बिया 82.605 बिलियन डॉलर, बेलारूस 73.129 बिलियन डॉलर, मयांमार 64.284 बिलियन डॉलर और मकाऊ की जीडीपी 55.587 बिलियन डॉलर है। दुनिया में ऐसे 100 से ज्यादा देशों लिस्ट है, जिनकी जीडीपी उत्तरप्रदेश के बजट से कम है।बजट में उत्तरप्रदेश के वित्त मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की जीडीपी वित्त वर्ष 2025 में 27.51 लाख करोड़ रुपए यानी 317.5 बिलियन डॉलर रहने का अनुमान है। इसका मतलब है कि उत्तरप्रदेश की इकोनॉमी का साइज यूरोप के बड़े देशों में शुमार और दुनिया की 47वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी पुर्तगाल के बराबर आकर खड़ी हो गई। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार साल 2025 में पुर्तगाल की इकोनॉमी 319 बिलियन डॉलर रहने का अनुमान है। अगर साल 2024 के जीडीपी के साइज की बात करें तो पुर्तगाल की इकोनॉमी 282.54 बिलियन डॉलर देखने को मिली थी। ऐसे में दोनों इकोनॉमी का साइज लगभग बराबर ही देखने को मिल रहा है। हंगरी की जीडीपी का अनुमानित साइज 312 बिलियन डॉलर, पेरू 294 बिलियन डॉलर, ईराक, ग्रीस, न्यूजीलैंड कतर आदि कई देश ऐसे हैं, जिनकी इकोनॉमी उत्तर प्रदेश की जीडीपी से भी है।पाकिस्तान के बजट से भी बड़ा है उत्तरप्रदेश का बजट का बजट -उत्तर प्रदेश सरकार का 2024-25 का बजट □7.36 लाख करोड़ का था, जो पाकिस्तान के केंद्रीय बजट से बड़ा है। पाकिस्तान ने 2024-25 के लिए अपना बजट 18.9 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये (क्पत्र) घोषित किया था। जब इसे भारतीय रुपये में बदला जाए (1 ढ्ढहृक्र ≈ 3।35 क्पत्र), तो पाकिस्तान का बजट लगभग □5.65 लाख करोड़ होता है, जो उत्तरप्रदेश के बजट से □1.71 लाख करोड़ कम है।जनसंख्या के हिसाब से देखें तो उत्तरप्रदेश (925 करोड़) और पाकिस्तान (924 करोड़) की आबादी लगभग समान है, फिर भी उत्तरप्रदेश का बजट बड़ा है।विकास और व्यय को देखें तो उत्तरप्रदेश का बजट सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने पर केंद्रित है, जबकि पाकिस्तान का बजट कर्ज़ चुकाने और रक्षा खर्च में ज्यादा जाता है।राजकोषीय स्थिति यह है कि पाकिस्तान का आधे से ज्यादा बजट त्रृण और ब्याज चुकाने में चला जाता है, जबकि उत्तरप्रदेश में खर्च का बड़ा हिस्सा विकास कार्यों में लगाया जाता है।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपए का बजट पेश किया, जिसमें आरएंडडी और आईटी पर फोकस किया गया है।

आगामी वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित बजट में 28,478.34 करोड़ रुपए की नई योजनाएं शामिल की गयी हैं। विधानसभा में बजट पेश करने से पहले इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इसे मंजूरी दी गई थी। वित्त मंत्री ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि यह 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। वित्त वर्ष 2025 में प्रदेश का बजट 7,36,437 करोड़ रुपए था। खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को 1000 अरब की इकोनॉमी बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है।खास बात तो ये है कि उत्तरप्रदेश का बजट देश के कुल बजट का करीब 16 फीसदी है। इस बार देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कुल बजट 50.65 लाख करोड़ रुपए का पेश किया था। वहीं उत्तरप्रदेश का बजट 8.08 लाख करोड़ रुपए का है। इसका मतलब है कि देश का बजट उत्तरप्रदेश के बजट से 6 गुना से भी ज्यादा बड़ा है।

देश के सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य की बात करें तो प्रदेश का एक दिन का बजट 2,216 करोड़ रुपए है। इसका मतलब है कि उत्तरप्रदेश हर रोज 2,216 करोड़ रुपए खर्च करेगा। वहीं हर घंटे उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के डेवलपमेंट के लिए 92 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करेगी।रोज़मर्रा के खर्चों को देखें, तो उत्तरप्रदेश का एक दिन का बजट 2,216 करोड़ रुपये है, और हर घंटे उत्तरप्रदेश सरकार करीब 92 करोड़ रुपये राज्य के विकास के लिए खर्च करती है।

यह बजट देश के कुल बजट का लगभग 16 प्रतिशत है। देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल 50।65 लाख करोड़ रुपये का केंद्रीय बजट पेश किया था, वहीं उत्तरप्रदेश का बजट 8।08 लाख करोड़ रुपये का है, यानी उत्तरप्रदेश का बजट देश के कुल बजट का करीब छह गुना छोटा है, लेकिन फिर भी यह एक बड़ी राशि है।उत्तर प्रदेश का यह बजट न केवल राज्य की विकास यात्रा को दर्शाता है, बल्कि यह उसकी वैश्विक आर्थिक भूमिका को भी सशक्त बनाता है। प्रदेश की जीडीपी अब उन देशों की सूची में शामिल हो गई है जिनकी इकोनॉमी विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण मानी जाती है। उत्तरप्रदेश के विकास में यह बजट एक मील का पत्थर साबित हो सकता है, जो राज्य को अगले कुछ वर्षों में एक मजबूत आर्थिक शक्ति बना सकता है।इस बजट के जरिए उत्तरप्रदेश सरकार का स्पष्ट उद्देश्य राज्य के औद्योगिक और आर्थिक क्षेत्र में बदलाव लाना, रोजगार के अवसर बढ़ाना, और किसानों की आय में सुधार करना है। ऐसे में आने वाले वर्षों में उत्तरप्रदेश की आर्थिक प्रगति के और भी प्रभावशाली आंकड़े सामने आ सकते हैं।इसमें राज्य सरकार ने 4 नए एक्सप्रेस वे को लेकर बड़ा ऐलान किया है, जिस पर 1500 करोड़ से ज्ेयादा का खर्च होगा। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के लिए 11।50 करोड़ रुपये दिए गए हैं। किसानों को मुफ्त सिंचाई के लिए 1300 करोड़ रुपये जारी किए किए गए हैं। लखनऊ में,ढ्ढ सिटी बनाने के साथ ही बांके बिहार कॉरिडोर के लिए 150 करोड़ का ऐलान किया गया है।बजट में पूंजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है।-बजट में अवस्थापना विकास हेतु 22 प्रतिशत, शिक्षा हेतु 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं हेतु 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों हेतु 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये हैं।

बजट में शोध एवं विकास तथा सूचना प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान दिया है।-विधान सभा को आधुनिक आईटी सिस्टम्स से लैस करने के लिये बजट में विशेष रूप से व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। यह प्रक्रिया आगे भी चलती रहेगी।मुख्यमंत्री योगी आदिते यनाथ सरकार द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।-राज्य सरकार द्वारा 10 सेक्टर यथा-कृषि एवं संवर्गीय सेवाएं, अवस्थापना, उद्योग, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, पर्यटन, नगर विकास, वित्तीय सेवायें, ऊर्जा, पूंजी निवेश आदि चिन्हित करते हुये सेक्टरवार कार्ययोजना तैयार की गई है।-प्रदेश के प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटीलैब तथा स्मार्ट क्लासेज की स्थापना।-राजकीय पॉलीटेक्निकों में स्मार्ट क्लासेज तथा पूर्णतया डिजिटल लाईब्रेरी की स्थापना की योजना प्रस्तावित।-आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स को बढ़ावा देने हेतु सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की स्थापना प्रस्तावित की गई। शिक्षा और कौशल विकास पर कितना खर्च के बारे में बात करें तो उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए □1,00,335 करोड़ का आवंटन किया था, जो कुल बजट का 13.6ह्व है ।स्वास्थ्य और परिवार कल्याण- स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए □25,711 करोड़ का बजट राज्य सरकार ने प्रस्तावित किया है । योगी सरकार की तरफ से लाये गए बजट में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए □38,964 करोड़ का आवंटन किया गया ।. बुनियादी ढांचा और परिवहन के लिए सड़कों, पुलों और एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए □43,274 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है । गंगा एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और मेट्रो के लिए बजट प्रस्तावित किए गए थे. ऊर्जा और बिजली आपूर्ति- ऊर्जा क्षेत्र के लिए □45,832 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है । ग्रामीण इलाकों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य सरकार ने रखा था । महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण के लिए □12,000 करोड़ का प्रावधान योगी सरकार ने किया है **।वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# आशीर्वचन या आत्म-प्रवंचना- क्या है सर्वे भवन्तु सुखिन: का सच



**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

हमारे जीवन का सबसे बड़ा रहस्य और गहरा विरोधाभास यह है कि हम हर सत्य को जानते हैं, उसे समझते हैं, फिर भी उसे अपनाने से हिचकते हैं। यह मानव स्वभाव की वह विचित्रता है, जो हमें आत्ममंथन की ओर ले जाती है। हम यह भली-भाँति पहचानते हैं कि प्रकाश के साथ अंधेरा और जीवन के साथ मृत्यु का चोली-दामन का साथ है। सुख की अनुभूति तभी संपूर्ण होती है, जब हमने दुख की आँच को झेला हो। लेकिन जब शुभकामनाओं का मौका आता है, तो हमारे मुँह से एक ही वाक्य निकलता है–÷सदा सुखी रहो!÷ यह शब्द हमारे होंठों पर ऐसे जम गए हैं, जैसे कोई स्वचालित जाप, जिसे हम बिना सोचे दोहराते हैं।क्या यह महज औपचारिकता है? क्या यह हमारी संस्कृति और संस्कारों का हिस्सा बन चुका है, या फिर यह हमारी मानसिक कमजोरी और कायरता का प्रतीक है? हम यह क्यों नहीं कहते कि ÷जीवन की हर चुनौती से लड़ने की शक्ति मिले÷? शायद इसलिए कि यह सुनने में उतना मधुर नहीं। हमें मीठे शब्दों की आदत पड़ गई है–कड़वा सच न कहना चाहते हैं, न सुनना। यह विडंबना हमारे जीवन की पहचान बन गई है- हम जानते हैं कि दुख के बिना सुख फीका है, फिर भी एक ऐसी दुनिया की कल्पना करते हैं, जहाँ केवल सुख हो–बिना कांटों, बिना ठोकरों के।यह कितना असंगत और स्वप्निल विचार है! क्या कोई नदी यह माँग सकती है कि उसका प्रवाह कभी चट्टानों से न टकराए? क्या सूरज यह चाह सकता है कि उसकी किरणों को कभी बादल न ढँकें? जीवन की प्रकृति भी ऐसी ही है–बाधाएँ, संघर्ष और दुख इसके मूल तत्व हैं, जैसे सिक्के के दो पहलू। जो कहता है कि उसने दुख को कभी छुआ नहीं, वह या तो सच को छिपा रहा है, या जीवन की गहराई से कोसों दूर है। सुख तब तक बेस्वाद है, जब तक वह दुख की छाया से रंग न ले। यदि हर कदम पर सब कुछ सहज होता, तो जीवन का वह अनमोल सौंदर्य कहाँ उभरता? संघर्ष वह अग्नि है, जो हमारे भीतर की अशुद्धियों को जलाकर हमें निखारती है।हमारी संस्कृति में ÷सर्वे भवन्तु सुखिन:÷ की गूँज है–सब सुखी हों, सबका भला हो। यह एक आदर्श भावना है।

लेकिन क्या यह सचमुच संभव है? यदि ऐसा होता, तो दुनिया में इतना दर्द, इतनी असमानता क्यों होती? शायद यह मंत्र भी हमारे लिए एक मानसिक तसल्ली का जरिया बन गया है–एक ऐसा भ्रम, जिसे दोहराकर हम खुद को सब ठीक होने का आश्वासन देते हैं। ÷सदा सुखी रहो÷ एक मधुर झूठ है, जिसे हमने सच मान लिया। हम जानते हैं कि यह असंभव है, फिर भी इसे कहने से खुद को रोक नहीं पाते। यह हमारी चेतना का वह अंतर्द्वंद्व है, जहाँ सत्य को पहचानते हुए भी हम उसे गले लगाने से कतराते हैं।हम यह क्यों नहीं कहते कि ÷हर तूफान को झेलने का हौसला मिले÷? या ÷तुम्हारा मन इतना मजबूत हो कि कोई आँधी उसे डिगा न सके÷? इसलिए नहीं, क्योंकि इन शब्दों में वह मिठास नहीं जो ÷सदा सुखी रहो÷ में बसती है। हमें सुनहरे भ्रम की चाहत है।

हम अपने शब्दों से एक काल्पनिक संसार बुनते हैं, जहाँ सब सुखद है। लेकिन यह आत्म-प्रवंचना से अधिक कुछ नहीं। सच तो यह है कि जीवन की राह कांटों से भरी है, और जो उन्हें अनदेखा करता है, वह वास्तविकता से मुँह फेरता है।इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि हम अपने ही बुने भ्रमजाल में इतने उलझ गए कि सच को भूल बैठे। हम अपने बच्चों से कहते हैं–

÷हमेशा खुश रहो!÷

लेकिन यह नहीं बताते कि अगर कभी दुख आए, तो उसे कैसे झेलना है। हम उन्हें इतना कोमल बना देते हैं कि हल्की-सी ठेस भी उन्हें चूर कर देती है। यह ÷सदा सुखी रहो÷ की लत हमें कमजोर बना रही है। हम चुनौतियों से भागने के रास्ते खोजते हैं, यह मानकर कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन यह खुद को छलने का तरीका है।

यदि हमें सच्ची शुभकामना देनी है, तो हमें अपने शब्दों में बदलाव लाना होगा। हमें मिठास के साथ साहस का रंग घोलना होगा। हमें कहना चाहिए–÷सुख-दुख दोनों आएँ, पर तुम अटल रहो!÷ या ÷हर कठिनाई तुम्हें और सशक्त बनाए, तुम्हारा विश्वास कभी न डगमगाए!÷ ये शुभकामनाएँ इसलिए सच्ची हैं, क्योंकि ये जीवन की हकीकत को स्वीकार करती हैं। किसी को यह कहना कि ÷तुम्हें कभी दुख न हो÷ उतना ही व्यर्थ है, जितना सूरज से कहना कि ÷तुम कभी डूबो मत।जीवन की धूप और छाँव को अपनाना ही सच्ची समझदारी है। जो यह जान लेता है कि सुख और दुख दोनों अनिवार्य हैं, वही जीवन को उसकी पूर्णता में जी सकता है। उसे सुख की अतृप्त तलाश में भटकना नहीं पड़ता, क्योंकि वह समझ जाता है कि सुख दुख की गोद में ही खिलता है। सुख और दुख एक ही ताने-बाने के धागे हैं–एक के बिना दूसरा अधूरा है। जो इस शाश्वत सत्य को आत्मसात कर लेता है, वही जीवन की असली समृद्धि को पा सकता है।जब आप अगली बार किसी को आशीर्वाद देने के लिए अपने शब्दों का अमृत उठाएं, तो क्षण भर को ठिठक जाएं और गहराई से सोचें–क्या आप उसे मधुर मिथ्या की क्षणभंगुर माला पहनाना चाहते हैं, या जीवन के कठोर पर अनमोल सत्य का आलोक दिखाना चाहते हैं? सच्चा आशीर्वचन वह नहीं जो केवल होंठों पर मुस्कान बिखेरे, बल्कि वह है जो हृदय को हिम्मत और आत्मा को अडिगता से भर दे। वह जो उसे स्वप्नों के झूठे पर्दे में न बांधे, बल्कि साहस और विवेक की ज्योति से सजग रखे। क्योंकि जीवन का सर्वोच्च सौंदर्य उसकी निखालिस परिपूर्णता में समाया है–उसके सुख के सुनहरे पलों में, उसके दुख के सघन सायों में, और इन दोनों को गले लगाने की उस असीम सामर्थ्य में, जो मनुष्य को साधारण से असाधारण बनाती है।

## समसामयिक

# काशी तमिल संगमम संस्कृतियों के अभूतपूर्व संगम

देश दुनिया में अभी प्रयागराज में संगम तट पर चल रहे महाकुंभ को लेकर भारतीय संस्कृति की चर्चा हो रही है। तीन नदियों के संगम में करोड़ों सनातनी आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह क्रम जारी है।26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन तक यह सिलसिला देखने को मिलेगा। इसी बीच काशी में गंगा तट पर काशी तमिल संगमम 3.0 चल रहा है। अपने तीसरे संस्करण में यह 24 फरवरी तक सनातनियों के लिए आत्मीय संबंध को नया आयाम देगा। काशी के पवित्र घाटों पर आयोजित काशी तमिल संगमम 3.0 वास्तव में गंगा और गोदावरी के मिलन जैसा अनुभव कराता है। गंगा घाटों पर जब तमिलनाडु और दक्षिण भारत के श्रद्धालु पहुंचते हैं तो यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि संस्कृतियों के अभूतपूर्व संगम का उत्सव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 इस भावनात्मक और सांस्कृतिक एकता का सजीव उदाहरण है, जहां दक्षिण और उत्तर भारत की परंपराएं एक-दूसरे में समाहित होती नजर आती हैं।भारत की दो प्राचीन और समृद्ध सभ्यताओं का आत्मीय संगम है। गंगा के किनारे लोग एक-दूसरे को 'वणक्कम काशी' कहकर संबोधित करते हैं, तो यह अनूठा और भावनात्मक अनुभव बन जाता है। काशी तमिल संगमम 3.0 न केवल उत्तर और दक्षिण भारत के बीच संस्कृति सेतु का कार्य कर रहा है बल्कि यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को भी साकार कर रहा है। यह संगमम 3.0 भारतीय परंपराओं, संस्कृतियों और जीवन मूल्यों का उत्सव है, जो विविधताओं के बीच राष्ट्रवाद की भावना को और प्रबल करता है। यह उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। जब तमिलनाडु से यात्री वाराणसी रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं, तो उनका स्वागत 'हर हर महादेव' के जयघोष से किया जाता है। ढोल-नगाड़ों की थाप, स्वस्तिवाचन और पुष्पवष्रा से हर यात्री स्वयं को विशिष्ट अनुभव करता है। कांचीपुरम, जिसे संक्षेप में कांची कहा जाता है, तमिलनाडु का महत्त्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है। यह क्षेत्र हिन्दू धर्म के प्राचीन तीर्थ स्थलों में से है, यहां कई ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं। कांची पलार नदी के किनारे बसी है, न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है बल्कि अपनी रेशमी साड़ियों के लिए भी प्रसिद्ध है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ब्रह्मा ने यहां देवी के दर्शन हेतु तपस्या की थी। कांची को मोक्षदायिनी सप्त पुरियों में स्थान प्राप्त है, जिनमें अयोध्या, मथुरा, द्वारका, हरिद्वार, काशी, उज्जैन और कांची शामिल हैं। यह नगरी हरिहरात्मक पुरी के रूप में प्रसिद्ध है, जहां शिवकांची और विष्णुकांची नामक दो भागों में विभिन्न मंदिर स्थित हैं। तमिलनाडु के लोग के लिए काशी केवल तीर्थ नहीं, बल्कि आध्यात्मिक आकषर्ण का केंद्र है। भगवान विनाथ, मां गंगा और देवी विशालाक्षी सदियों से तमिल भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती रही हैं। आदि शंकराचार्य के काशी आगमन और उनके द्वारा अद्वैत वेदांत के प्रचार के बाद, तमिल संतों का काशी से लगाव और गहरा हो गया। काशी केवल शहर नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। बाबा विनाथ, काल भैरव, मां अन्नपूर्णा, देवी विशालाक्षी, आंध्र के मल्लिकार्जुन और तेलंगाना के भगवान राजराजेर जैसे तीर्थस्थल भारत की सांस्कृतिक पहचान को परिपूर्ण बनाते हैं। इस पवित्र नगरी ने अनेक संतों और महात्माओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की है, जिसका प्रभाव आज भी तमिल समाज में देखा जा सकता है। काशी का तेलुगु संस्कृति से भी गहरा नाता है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु काशी आते हैं। तेलुगु संतों और आचार्यों ने भी इस नगरी को विशेष रूप से गौरवान्वित किया है। तेलुगु संत तेलंगस्वामी, जिनका जन्म विजयनगरम में हुआ था, को स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस ने काशी का 'जीवंत शिव' कहा था। इसके अलावा, जिद्दू कृष्णमूर्ति और अन्य महान संतों को आज भी श्रद्धा के साथ याद किया जाता है।काशी और तेलुगु संस्कृति का संबंध साहित्य और आध्यात्मिक परंपराओं में भी स्पष्ट रूप से झलकता है। आंध्र प्रदेश के वेमुलावाड़ा तीर्थ को 'दक्षिण का काशी' कहा जाता है, यहां की मंदिर परंपराओं में 'काशी दारम' (विशेष काला सूत्र) का प्रचलन आज भी है। इसी प्रकार, तेलुगु साहित्य में 'काशीखंडम' जैसे ग्रंथ काशी की महिमा का बखान करते हैं। समय के साथ काशी में भी व्यापक बदलाव हुए हैं। बाबा विनाथ धाम का पुनरुद्धार, गंगा घाटों का नवीनीकरण और बेहतर परिवहन सुविधाओं ने काशी यात्रा को और सुगम बना दिया है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। विरोधी आज आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं ऐसा कोई मौका ही न दें। आपकी प्रतिभा मान-सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है। आपको कुछ ऐसे काम दिए जायेंगे, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर लेंगे। |
| वृष | आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें तोड़कर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे। आज सरकारी काम या कोर्ट संबंधित कामों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। |
| मिथुन | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज कार्यस्थल पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने-जुलने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपने विचारों में किसी भी प्रकार का बदलाव सोच-समझकर करें। पिछली बातों से मिली सीख को आज ध्यान में रखेंगे। |
| कर्क | आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजरअंदाज न करें। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में बितेगा, आप उसके साथ बाहर जा सकते है जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी। |
| सिंह | आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फायदा दे सकते हैं। आज के दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है, उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। |
| कन्या | आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आप पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे। |
| तुला | आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी काम को लेकर बॉस आपको सलाह देंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। आज महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नये मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे। |
| वश्चिक | आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा । सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है । इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिये अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है। स्वास्थ्य को लेकर आज आप सतर्क रहेंगे। |
| धनु | आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। |
| मकर | आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनायेंगे, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। आज आपके व्यव्हार में सकारात्मक बदलाव आयेगा, जिससे जीवनसाथी बेहद प्रसन्न रहेंगे। |
| कुम्भ | आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी, जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उलझन में रहेगा, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है, इससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के साथ बाहर डीनर पर जा सकते हो। |
| मीन | आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जायेगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने के लिए समय बेहतर है। ऑफिसियल यात्रा का कार्यक्रम बन सकता हैं। |

# भूमि संरक्षण की संचालित योजनाओं से कृषकों को किया जा रहा है लाभान्वित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम व द्वितीय ने बताया है कि जनपद में भूमि संरक्षण की दो इकाईयों क्रमशः भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती प्रथम एवं भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय द्वारा संचालित 04 योजनाओं पं0 दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, खेत तालाब योजना, वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना व वर्षा जल संचयन हेतु क्षेत्र विकास योजना (आरएडी) के माध्यम से कृषकों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होने बताया है कि उन्होने बताया है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना जनपद में वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक के लिये स्वीकृत है। इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 600 हेक्टेयर बीहड़ एवं बंजर तथा 200 हेक्टेयर जल भराव क्षेत्र उपचार हेतु भूमि सुधार के लक्ष्य आवंटित है जिसमें ऊँची नीची जमीनों को कृषि योग्य बनाने के लिये चयन किया जाता है। वित्तीय वर्ष में जनपद में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष 600 हेक्टेयर की पूर्ति कर ली गयी है, इस योजना का सिद्धान्त गांव का पानी गांव में और खेत का पानी खेत में के आधार पर उपचारित किया जाता है ताकि वर्षा जल को खेत में रोककर नमी संरक्षित करते हुये, अकृष्य भूमि को उपजाऊ बनाया जा सके।

उन्होने बताया है कि खेत तालाब योजना जनपद में वर्षा जल संचयन हेतु शासन से स्वीकृत है जिसमें दोनो इकाईयों को 52 खेत तालाब का लक्ष्य निर्धारित है, इस योजना का लाभ उठाने के लिये जिन किसान भाईयों के पास निजी भूमि है एवं जहां सिंचाई के साधन नही है, वह किसान भाई विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण करते हुये योजना का लाभ उठा सकते है। योजना में दो तरह के किसानों को लाभ दिया जाना है जिसमें पहले वह कृषक होगे जिन्हें अपना तालाब खोदवा कर स्प्रिंकलल सेट स्थापित कराना अनिवार्य होगा एवं स्प्रिंकलर सेट उद्यान विभाग से 90 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त होगा तथा दूसरे उन किसानों का चयन किया जाना है जिन्होनें पूर्व में उद्यान विभाग से स्प्रिंक्लर सेट स्थापित करा रखा है। योजना में कृषक को विभागीय गाइडलाइन के अनुसार कार्य पूर्ण करने के उपरान्त 50 प्रतिशत अनुदान की दर से कुल रूपये 52500 डीबीटी के माध्यम से दो किस्तों में कृषकों के खाते में देय होगा। अभी तक जनपद में 18 तालाब निर्माण हेतु कृषकों का पंजीकरण उपरान्त सत्यापन किया जा चुका है तथा लक्ष्य के सापेक्ष 34 लाभार्थियों का चयन किया जाना शेष है तथा 8 लाभार्थियों को तालाब निर्माण की प्रथम किस्त सीधे उनके खाते में भेजी जा चुकी है शेष लाभार्थियों के पक्का कार्य पूर्ण होने एवं सत्यापन के उपरान्त भेज दी जायेगी।

उन्होने बताया है कि वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जनपद में परती भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग द्वारा डब्ल्यू0डी0स0 1 मंगरौरा एवं डब्ल्यू0डी0स0 2 आसपुर देवसरा के नाम से संचालित है। यह योजना 2021-22 से 2025-26 तक के लिये स्वीकृत है। योजनान्तर्गत जनपद की वह बेकार कृषि भूमि जिस पर किसी भी प्रकार का वानस्पतिक वृद्धि नही हो रही है। वहां पर वर्षा जल एकत्र कर वानस्पतिक वृद्धि करते हुये कृषि को उपजाऊ बनाकर एवं कृषकों की आमदनी दोगुनी करते हुये आर्थिक स्थिति में सुधार करना एवं जीवन स्तर उठाना मुख्य उद्देश्य है। योजनान्तर्गत अभी तक लगभग 35 प्रतिशत धनराशि व्यय कर ली गयी है एवं शेष पर कार्य प्रगति पर है।

उन्होने बताया है कि वर्षा जल संचयन हेतु क्षेत्र विकास योजना (आरएडी) योजनान्तर्गत जनपद में तीन परियोजनायें क्रमशः रतनपुर महेशपुर, छछामऊ एवं कंधई संचालित है जिनमें कृषक चयन कर लिया गया है एवं अगले वित्तीय वर्ष के लिये योजना का चयन करते हुये निदेशालय को प्रेषित की जा चुकी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य उनकी कृषि आमदनी में सुधार करना है तथा लाभार्थी कृषक को सरकार द्वारा 30 हजार रूपये का अनुदान प्रति परिवार दिया जा रहा है जिसमें बीज, पेड़ एवं लाइब स्टॉक, वर्मी कम्पोस्ट एवं मधु मक्खीपालन के पांचो कम्पोनेन्ट का लाभ लेने पर कृषकों को अनुदान दिया जाता है।

# जनपद के कृषक बन्धु फार्मर रजिस्ट्री का कार्य जनसेवा केन्द्र से शीघ्र कराये-जिलाधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जनपद के कृषक बंधुओ से अपील करते हुये कहा कि जनपद के समस्त कृषक बंधु अपने भूलेख का फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अपने नजदीकी सहज जनसेवा केन्द्र से शीघ्र कराले, जिससे उन्हे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पी0एम0किसान) योजना की अगली किश्त प्राप्त करने में बिलम्ब न हो। फार्मर रजिस्ट्री हेतु कृषक को अपना आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाइल नम्बर तथा खतौनी की प्रति लेकर स्वयं अथवा किसी भी सहज जनसेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन कराना है। फार्मर रजिस्ट्री से संबधित कृषक की समस्त भूमि का विवरण एक जगह पर अंकित हो जायेगा, जिससे कृषको को सरकार की समस्त लाभकारी योजनाओ यथा, किसान क्रेडिट कार्ड (के0सी0सी0), फसल बीमा, कृषि उपज विक्रय, पी0एम0किसान योजना एवं अन्य संबधित योजनाओ का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सकेगा और कृषको को बार-बार भूलेख संबधी विवरण योजनाओ के लाभ हेतु प्रस्तुत नही करना पडेगा। जिलाधिकारी ने फार्म रजिस्ट्री कार्य को संपादित करने हेतु जनपद के समस्त सहज जनसेवा केन्द्र संचालको को निर्देशित किया है कि फार्म रजिस्ट्री का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अपने क्षेत्र के समस्त कृषको का फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करे, जिसकी दैनिक प्रगति समीक्षा जिला प्रबन्धक सहज जनसेवा केन्द्र के माध्यम से की जायेगी। कम प्रगति तथा उक्त कार्य को संपादित न करने वाले सहज जनसेवा केन्द्र संचालको का पंजीकरण निरस्त कर केन्द्र संचालन अवरूद्व कर दिया जायेगा। उन्होने जनपद के समस्त कृषक बंधुओ से अनुरोध किया है कि तत्काल अपने भूलेख का फार्मर रजिस्ट्री कराने का कष्ट करे, जिससे उन्हे पी0एम0किसान योजना की अगली किश्त प्राप्त करने में बिलम्ब न हो। किसान भाई उक्त कार्य अपने विकास खण्ड में स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर जाकर तथा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी से उक्त अभिलेखों के साथ सम्पर्क स्थापित कर भी कर सकते है। किसी भी प्रकार की असुविधा की दशा में कृषि भवन प्रतापगढ. में स्थापित किसान सहायता कक्ष में जानकारी प्राप्त करे। फार्मर रजिस्ट्री का कार्य वेबसाइट पर ीजजचेरू्ध्ध्नचतिणंहतपेजंबाण्हवअण पदध्ंितउमत.तमहपेजतल.नचध्रुध् पर कर सकते है।

## अश्लील फोटो वायरल करने एवं जानलेवा धमकी देने पर केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा को गांव के ही एक युवक ने रास्ते में रोककर फोटो वीडियो बना लिया। उसे वायरल करने, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा।छात्रा ने परिजनों को बताया तो परिजन युवक के घर उलाहना देने गए। जिससे खुन्नस खाए युवक ने छात्रा के पिता को पीट दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपित ऋषभ शर्मा, उसकी मां, सचिन, ऋषि निवासी नेवाजी का पुरवा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## सेवानिवृत्ति पोस्टमास्टर का निधन पर शोक-संवेदना

**रखहा प्रतापगढ़।** पोस्ट ऑफिस माधवगंज महुली के सराय गनई क्षेत्र के सेवानिवृत पोस्ट मास्टर शिव प्रसाद सिंह का 76 वर्ष की अवस्था में गुरुवार को दोपहर करीब 2:00 बजे निधन हो गया । उनके निधन पर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों तथा अन्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

बाबा बेलखरनाथ धाम के सराय गनई के पूर्व प्रधान प्रशांत सिंह उर्फ बबलू सिंह के पिता शिव प्रसाद सिंह पोस्ट मास्टर के पद से रिटायर हो गये थे तथा वह घर पर ही रह रहे थे । करीब सात महीने से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनका निधन गुरुवार को करीब 2:00 बजे हो गया। शुक्रवार को श्रृंगवेरपुर घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। निधन की सूचना मिलने पर बाबा बेलखरनाथ क्षेत्र के ग्राम प्रधान सुधाकर सिंह, खभोर के प्रधान बबलू सिंह, पूर्व प्रधान रिंकू सिंह, पत्रकार संतोष सिंह, पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह, प्रधान डी के सरोज, अरुण सिंह, राजू सिंह, सोनू सिंह आदि लोगों ने शोक व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से लाइनमैन जख्मी

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात अंतर्गत लखनऊ वाराणसी हाईवे पर भुपियामऊ पावर हाउस से निकल रहे लाइनमैन सचिन पटेल उम्र 20 वर्ष पुत्र दयाराम पटेल और उनके साथी अनुज जैसे ही निकले भुपियामऊ की तरफ से जा रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर लगने के बाद लाइनमैन लहूलुहान होकर तड़पने लगा। आनन फानन में पहुंचे सहकर्मियों ने निजी वाहन से लाइनमैन एंव उनके साथी अनुज को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां पर दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है ।

# खेल प्रतियोगिताओं में काजल,प्रतिष्ठा,अनुराग एवं कुस्माकर अव्वल

**● पीबीपीजी कॉलेज सिटी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कॉलेज सिटी में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। प्राचार्य प्रो. अमित श्रीवास्तव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। महिला और पुरुष वर्ग के खेल में छात्र - छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लंबी कूद में काजल वर्मा प्रथम,रेनिका यादव द्वितीय,आकांक्षा सिंह तृतीय रही। ऊंची कूद में प्रतिष्ठा सिंह प्रथम,आस्था सिंह द्वितीय व अनुष्का सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक में काजल वर्मा प्रथम,खुशी सिंह द्वितीय,सबीना बानो तृतीय रही। गोला फेंक में आस्था सिंह प्रथम, तनु यादव द्वितीय जबकि काजल वर्मा तृतीय रही। पुरुष वर्ग के लंबी कूद में अब्दुल्ला प्रथम, गुलशन सरोज द्वितीय, महेश सरोज तृतीय रहे।

ऊंची कूद में कुस्माकर शुक्ल प्रथम,अनुराग यादव द्वितीय व मो.अयान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक में मो.नदीम प्रथम,अमित सरोज द्वितीय, आदित्य तिवारी तृतीय रहे। गोला फेंक में आदित्य तिवारी प्रथम, अमित सरोज द्वितीय, आकाश सरोज तृतीय रहे। भाला फेंक में शादाब प्रथम,गुलशन द्वितीय जबकि अमित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में रश्मि सिंह, डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव, डॉ. भावना सिंह,डॉ.रेनू सिंह,डॉ. प्रीति,डॉ वंदना सिंह जबकि पुरुष वर्ग में डॉ. देवेश सिंह,डॉ.भूपाल सिंह,अजय सिंह,डॉ. जितेंद्र सैनी,डॉ.शिव प्रताप सिंह,डॉ. नीरज त्रिपाठी, अरविंद सिंह, रवि प्रकाश सिंह,अजय मिश्र निर्णायक रहे। क्रीड़ा सचिव प्रो.उपेंद्र कुमार सिंह ने प्रतियोगिता के उद्देश्य एवं नियमों की जानकारी दी। संचालन अजीत प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो.ब्रम्हानंद प्रताप सिंह,प्रो.रामराज,डॉ. राजीव कुमार सिंह,डॉ. वर्षा जायसवाल, डॉ.सीपी पांडेय,डॉ. केके सिंह, दिनेश कुमार,डॉ. नीरज पांडेय आदि मौजूद रहे।

## 50 हजार का इनामियां अंतर्राज्यीय अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 50 हजार रूपये का इनामिया अंतर्राज्यीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से 2 अदद पीली धातु की चौन बरामद की गई।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, प्रतापगढ़ श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिव नारायण बैस के कुशल पर्वेक्षण में थाना कातवाली नगर प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में दिनांक 20.02.2025 को उ0नि0 अनूप कुमार यादव मय हमराह का0 रंजीत यादव, कां0 सुधीर कुमार, कां0 राम विलाश यादव द्वारा मु0अ0सं0 628ध्2024 धारा 304 बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ में वाँछित 50 हजार रूपये का इनामियां अंतर्राज्यीय अभियुक्त गुलाम उर्फ काकड़ी उर्फ अब्बास अली पुत्र सरवर अली निवासी अमन कालोनी ईरानी डेरा थाना निशातपुरा जनपद भोपाल मध्य प्रदेश उम्र लगभग 56 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दिनांक 20.02.2025 को इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मुखबिर की सूचना के आधार पर थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के रामलीला मैदान से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से उक्त अभियोग से सम्बन्धित पीली धातु के 02 अदद चौन, बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार अभियोग उपरोक्त में 112 ठछै की बढ़ोत्तरी की गई।पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज रेंज प्रयागराज महोदय द्वारा शातिर अभियुक्त गुलाम उर्फ काकड़ी उर्फ अब्बास अली पुत्र सरवर अली उपरोक्त की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था ।

# टीवी गुरमत क्विज शो में आज रविंदर कौर एवं जस्मीन कौर देंगी सवालों का जवाब

**लोकमित्र ब्यूरो**




**प्रतापगढ़।** आओ बनिए गुरसिख प्यारा टीवी गुरमत क्विज शो, जो हर रविवार को सुबह 10: 30 बजे चढ़दी कला टाइम टीवी पर प्रसारित होता है। इसमें सिख इतिहास, सिखों के उपलब्धियां , गुरबाणी की जानकारी देने वाला विश्व का प्रसिद्ध टीवी शो जिसने अभी 10 साल पूरे किए है तथा यूट्यूब पर लगभग 550 एपिसोड उपलब्ध है। सीजन 35 के तीसरे एपिसोड में छत्तीसगढ़ रायपुर की दो प्रतिभागी रविंदर कौर ( स्वीटी भाटिया ) पत्नीसरदार जतिन्दर सिंह भाटिया जो पिछले हफ्ते कुछ सवालों के सही जवाब दे चुकी है। समय समाप्ति होने पर इस रविवार को पुनः टीवी शो में प्रश्नों के उत्तर देंगी।अब देखना है कि स्वीटी भाटिया जी की मेहनत क्या रंग लाती है। आओ बनिए गुरसिख प्यारा का ताजपहन पाती है या नहीं। वैसे भाटिया जी टाइटल के काफी नज़दीक हैं। दूसरी प्रतिभागी रायपुर गोबिंद नगर पंडरी की बेटी जसवीन कौर सलूजा पुत्री सरदार मंजीत सिंह सलूजा भी 23 फरवरी के इसी प्रोग्राम में शामिल हो कर अपने ज्ञान का हुनर और सवालों के जवाब देती नजर आएंगी। इनका चयन होने पर सिक्ख समाज व परिवार में खुशी का माहौल है, दोनों प्रतिभागी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। गुरमत ज्ञान मिशन द्वारा 08 सितंबर 2024 को लिखित परीक्षा/ऑडिशंस में चयनित हुई थी। जिनको इस शो में आने का अवसर प्राप्त हुआ जो कल 23 फरवरी रविवार को अपने हुनर और सवालों के जवाब देती हुई टीवी शो में नजर आएगी। रविंदर कौर, एवं बेटी जसवीन कौर जी को तैयारी कराने में,क्लककटीम का व रायपुर की शहीद भाई तारु सिंह फाउन्डेशन संस्था का भरपूर सहयोग रहा। बताया कि रविंदर कौर( स्वीटी भाटिया) जी का पंक्षियों के प्रति बहुत मोह है , भविष्य में इनका सपना पंक्षियों के लिए बर्ड टावर बनाने का है। रविंदर कौर व जसवीन कौर एवं इनके परिवार ने,क्लककटीम का, सरोज कौर, ममता कौर भाई तारु सिंह फाउंडेशन, गुरमत ज्ञान मिशन प्रतापगढ़ के मंजीत सिंह गोबिंद जी का आभार व्यक्त किया।गुरमत ज्ञान मिशन प्रतापगढ़ के मंजीत सिंह गोबिंद ने आओ बनिए गुरसिख प्यारा पंजाबी गुरमत टीवी शो के लिए प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, बस्ती लखनऊ, सुल्तानपुर, गोंडा, गोरखपुर उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के अलावा छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान आदि प्रदेशों व शहरों में टीवी शो के लिए प्रतिभागियों का चयन करके इस शो में पहुंचने का कार्य करते हैं। निकट समय में इंदौर भोपाल, नागपुर में भी इसी तरह की परीक्षा होनी है।

## सखी संइया तो खूब कमात हैं, पर महंगाई डायन खाए जात है....

**प्रतापगढ।** सखी संइया तो खूब कमात हैं, पर महंगाई डायन खाए जात है....। रानीगंज विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ आरके वर्मा ने महंगाई पर यह मुद्दा शुक्रवार को विधानसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि किसान टमाटर पैदा करता है तो उसे ▢3 किलो में बेचता है। उधर कालाबाजारी करने वाले बड़े व्यापारी उसे ▢50 से ▢100 बेचतें हैं। जबकि हीरा, सोने, चांदी पर जीएसटी 3त्न है। गरीबों के इस्तेमाल होने वाली दवाइयों पर 18त्न, किताबों पर 18त्न, कलम पर 28त्न, मोटरसाइकिल पर 28त्न जीएसटी लागू है। जब राज्य सरकार से अपनी जीएसटी का हिस्सा कम करने के लिए प्रश्न किया तो सरकार इस प्रश्न के जवाब से मुकर गई। महंगाई से किसानों, नवयुवकों, बेरोजगारों में त्राहि त्राहि मची हुई है।

# पशुपालकों/कृषकों को निःशुल्क चारा बीज का होगा वितरण, योजना का उठाये लाभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 प्रदीप कुमार ने बताया है कि ''अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जायद मौसम हेतु प्रमाणित ज्वार चारा बीज 3.00 किग्रा0 ज्वार (0.1 हेक्टेयर क्षेत्रफल हेतु) स्थायी/अस्थायी गौआश्रय स्थलों/लाभार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है जिसके फलस्वरूप निर्धारित क्षेत्रफल 10 हेक्टेयर हेतु 100 स्थायी/अस्थायी स्थल/लाभार्थियों को वितरित करने हेतु प्रमाणित ज्वार बीज की मात्रा कुल 3 कुन्तल जनपद को प्राप्त कराया गया है।

उन्होने अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु लाभार्थियों के चयन के मापदण्ड के सम्बन्ध में बताया है कि लाभार्थी कम से कम 02 दुधारू पशु पालता हो तथा चारा उत्पादन हेतु इच्छुक हो। योजनान्तर्गत लघु/सीमान्त कृषकों/पशुपालकों को चयन में वरीयता दी जायेगी। न्यूनतम 0.1 हेक्टेयर एवं अधिकतम 0.5 हेक्टेयर भूमि पर चारा उत्पादन हेतु इच्छुक लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। लाभार्थी के पास सिंचाई की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध हो जिससे चारा फसल की सिंचाई आसानी से की जा सके। लाभार्थी के पास चारा उत्पादन हेतु भूमि हो,

जिसका सत्यापन खसरा/खतौनी से कर लिया जाये। इस योजना में गतवर्ष/पूर्व में लाभान्वित किये गये लाभार्थियो को पुनः लाभान्वित नहीं किया जायेगा। जनपदों के स्थाई/अस्थाई गोआश्रय स्थलों जहां चारागाह की सिंचित भूमि जो गौराश्रय से टैग्ड हो को प्राथमिकता दी जाये। पात्र लाभार्थियों का चयन पशुपालन विभाग द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा। लाभार्थियों का चयन करते समय यह प्रयास किया जाये कि जिस प्लाट में चारा फसल बोई जानी है वह सड़क/चकरोड के आस-पास हो अर्थात् जहां पर वह सरलता से प्रदर्शित हो तथा अधिक से अधिक कृषक/पशुपालक अवलोकन कर चारा उत्पादन हेतु प्रोत्साहित हो सके। पीसीडीएफ के अन्तर्गत संचालित क्रियाशील दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को वो सदस्य जो दुग्ध समिति को एक वर्ष से अधिक समय से दुग्ध आपूर्ति कर रहे हो को भी प्राथमिकता दी जायेगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों एवं महिलाओं की उपलब्धता की दशा में भागीदारी सुनिश्चित की जाये।

# एकीकृत पेंशन स्कीम के विरोध मे उतरा अटेवा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पेंशन बचाओ मंच की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता देवेंद्रपति तिवारी तथा संचालन धर्मेंद्र बहादुर सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष धर्मेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने जो पेंशन बहाली का आंदोलन चला रहे है।उनके साथ जनपद का प्रत्येक कर्मचारी साथ खडा है।बैठक को संबोधित करते हुए देवेन्द्रपति जी ने कहा कि हमें पुरानी पेंशन के लिए अधिक संख्याबल के साथ शासन को बात मानने को मजबूर करने की जरूरत है। रामयश सरोज संरक्षक ने कहा कि सरकार 1 अप्रैल से एकीकृत पेंशन योजना जबरन लागू करने जा रही है।इसके विरोध मे अटेवा दिल्ली चलने की तैयारी कर रहा है। उमेश चन्द्र तिवारी कोषाध्यक्ष ने कहा कि अटेवा एक ऐसा मंच है जो एकमात्र मुद्दे के लिए संघर्ष कर रहा है।

इसके लिए जिला नेतृत्व का जो भी निर्देश होगा आसपुर देवसरा सदैव साथ चलेगा। बृजलाल पटेल ने कहा कि अटेवा के बैनर तले संगठन दिन प्रतिदिन मजबूत हो रहा है और प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है । महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती गीता सरोज ने कहा कि संगठन के लिए निरंतरता आवश्यक है। ए आर पी विनोद कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के उद्बोधन पर हम लोग सदैव कार्य करते रहेंगे। बैठक में पंचायती राज कर्मचारी के ब्लाक अध्यक्ष कमलेश कुमार एवं संगठन मंत्री श्यामलाल ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान आशीष मिश्र,मनीष तिवारी,राजेश सरोज, कौशलेंद्रमानी तिवारी,प्रकाश नारायण चौरसिया,अरुण कुमार मिश्र,अमित कुमार यादव,धर्म देव वर्मा,बृजलाल पटेल,शिव प्रसाद वर्मा,नीलम विश्वकर्मा, इंदिरा यादव, पी बबीता,प्रभा रानी, धर्मेन्द्र कुमार, शंभुनाथ, सत्यनारायण यादव तथा भारी संख्या में कर्मचारी और शिक्षकगण उपस्थिति रहे !

## विकास भवन में ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान टूलकिट वितरण का कार्यक्रम 22 फरवरी को

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य के करकमलों द्वारा एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार विकास भवन में दिनांक 22 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे किया जायेगा।

## 30 जून से पूर्व अपने परिवार के सदस्यों ई-केवाईसी अवश्य कराय

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने बताया है कि अपर आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग लखनऊ के द्वारा ई-केवाईसी अभियान की निर्धारित समयावधि को अग्रिम 03 माह हेतु विस्तारित कर दिया गया है। उन्होने जनपद के समस्त कार्डधारकों/लाभार्थियों को सूचित किया है कि अपने परिवार के सदस्यों की ई-केवाईसी 30 जून 2025 से पूर्व ई-पास मशीन के माध्यम से अवश्य करा लें।

# वृद्धाश्रम के वृद्धजन भी आज मां गंगा की गोद में लगाएंगे डुबकी

**● वृद्धजनों के लिए श्रवण कुमार की भूमिका निभा रहे रोशन लाल- अपर जिला जज**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** वृद्धाश्रम महुली में निवासरत वृद्ध दादा दादी को महाकुंभ में स्नान करने के लिए आज सुबह बस को हरी झंडी दिखाते हुए अपर जिला जज सुमित पवार जी ने कहा की वृद्धजनों की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। इन वृद्धजनों के लिए समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य श्रवण कुमार की भूमिका निभा रहे हैं। आज कुंभ स्नान का जो अवसर वृद्धजनों को मिल रहा है उसके लिए सभी वृद्धाश्रम परिवार के लिए बहुत ही सुखद दिन है जो सबको यह मौका मिल रहा है।एलायंस क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया और कहा कि काफी दिनों से दादा-दादी को गंगा स्नान की रूपरेखा बनाई जा रही थी। वह जाकर अब महाकुंभ में साकार हुई। इसे सफलता पहुंचाने में वृद्ध दादा दादी के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता गोकुल नाथ श्रीवास्तव ने बस देकर की। सभी दादा-दादी को सम्मानित करके रास्ते भर की पूरी व्यवस्था भी की गई है।वरिष्ठ भाजपा नेता गोकुल नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि आज हमें भी इस नेक काम में शामिल होने का गंगा मैया ने सौभाग्य दिया है। आगे भी रोशनलाल उमरवैश्य के साथ मिलकर वृद्ध दादा दादी को तीर्थ यात्रा कराई जाती रहेगी। वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सभी वृद्धजन आज पूरे विश्व की शांति के लिए डुबकी लगाकर गंगा मैया से प्रार्थना करेंगे। इस अवसर पर सभासद दीपक कुमार,जय राम, शिव बाबू, आशिक अली, लालता प्रसाद, शिवचंद्र शुक्ला, रामबोद, राम बहादुर मौर्य, शीला, ललिता, प्रभु देवी, गोमती देवी, राम गरीब, धर्मेंद्र, पंकज, अमित, आदर्श, सुनील कुमार आदि वृद्धाश्रम परिवार के वृद्धजन उपस्थित रहे।

## गश खाकर गिरी वृद्धा, रेफर

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर गांव निवासी राम प्यारे की 60 वर्षीय पत्नी केवला देवी अचानक गश खाकर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी लाए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद भी उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रायबरेली एम्स के लिए रेफर कर दिया।

# जांबाज़ अखाड़ा परिषद को मिला जगद्गुरु परमहंस आचार्य का आशीर्वाद




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ ।** धर्म एवं राष्ट्र हित के कार्यों में लीन रहने वाले जनपद प्रतापगढ़ की प्रखर संस्था जांबाज़ हिंदुस्तानी सेवा समिति के महाकुंभ कैंप में तपस्वी छावनी अयोध्या के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी परमहंस आचार्य जी पहुंचे।उन्होंने समिति द्वारा महाकुंभ पर्व में किए गए सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि आज हर सनातनी को जांबाज़ बनने की जरूरत है।उन्होंने बांग्लादेश और पाकिस्तान सहित भारत के विभिन्न राज्यों में हिंदुओं की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए हिंदुओं को एकजुट होने की बात कहीं।समिति को दिए अपने आशीर्वचन में जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि आज जब सम्पूर्ण विश्व की निगाहें प्रयागराज में आयोजित विश्व के सबसे बड़े धार्मिक मेले की ओर लगी हैं। ऐसे में सनातन धर्म हेतु कार्य करने वाली संस्थाओं का दायित्व और बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के पर्व में अनेकों संस्था अच्छा सेवा कार्य कर रही हैं किंतु जांबाज़ हिंदुस्तानी सेवा समिति के सेवा कार्य निश्चित रूप से प्रशंसनीय हैं।आज विश्व महाकुंभ के इस दिव्य आयोजन की सराहना इसलिए कर रहा है क्योंकि अनेकों संस्थाएं इस महाकुंभ में जो निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रही है वो अचंभित रहने वाला है। जांबाज़ हिंदुस्तानी सेवा समिति के धार्मिक विंग जांबाज़ अखाड़ा परिषद द्वारा महाकुंभ में अनवरत भंडारा,वीर हुतात्माओं हेतु हवन यज्ञ,पालघर के संतों को न्याय हेतु प्रखर आवाज,वीर हुतात्मासों को समर्पित विशाल चित्र प्रदर्शनी सहित अनेकों कार्यों की जगद्गुरु ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।उन्होंने जांबाज़ अखाड़ा परिषद को हर संभव सहयोग एवं मार्गदर्शन की बात भी की।स्वागत संबोधन में समिति के अध्यक्ष आलोक आजाद ने जगद्गुरु द्वारा धर्म एवं राष्ट्र हेतु किए गए प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संतों के चरण रज जिस स्थान पर पड़ जाते हैं वह हर स्थान ईश्वरीय वरदान प्राप्त कर लेता है।उन्होंने कहा कि आज जगद्गुरु के आगमन से समिति धन्य हो गई हैं।इससे पूर्व जगद्गुरु परमहंस आचार्य जी का स्वागत समिति के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष आलोक आजाद की पुत्री तनु एवं मनु ने जगद्गुरु के समक्ष राम कथा का संगीतमय वाचन कर उनको भावविभोर कर दिया।वही पांच वर्षीय बालिका परी ने भी अपने संस्कृत श्लोकों को सुनाकर जगगुरु को मंत्र मुग्ध कर दिया।जगद्गुरु ने कहा कि इन बच्चियों को इनके परिवार द्वारा प्रदत्त संस्कार अनुकरणीय हैं और हर सनातनी परिवार को अपने बच्चों को ऐसे ही अच्छे संस्कार देकर धर्म शिक्षा देनी चाहिए।कार्यक्रम का संचालन समिति के उपाध्यक्ष आलोक तिवारी ने किया।कार्यक्रम का समापन समिति के शंखनादी प्रकोष्ठ द्वारा दिव्य शंखनाद से हुआ।इस अवसर पर जांबाज़ अखाड़ा के पीठाधीश्वर बाबा श्याम संगम दास,मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह,शंखनादी प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष योगेंद्र दुबे,विनोद मिश्र, नन्हें शंखनादी,प्रदीप मिश्रा,अजय मिश्रा,नीलम मिश्रा,अमिता मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने गैंगस्टर को किया गिरफतार

**अन्तू,प्रतापगढ़।** बीट आरक्षी के सर्तकता से 01 गैंगस्टर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। एसपी द्वारा अपराधी की पतारसी सुरागरसी के लिये थाना कोतवाली देहात के आरक्षी विपिन कुमार को प्रशस्ति पत्र, नगद पुरस्कार तथा चरित्र पंजीका में उत्तम प्रविष्टि हेतु दिये गये निर्देश।थाना कोतवाली देहात के बहादुर आरक्षी विपिन कुमार के सहयोग से आज दिनांक 21.02.2024 को थाना अन्तू पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 41৳25 धारा 2৳3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 थाना कोहड़ौर में 01 वांछित अभियुक्त गैंग सदस्य आदित्य शुक्ला पुत्र राकेश शुक्ला निवासी ग्राम बड़ा का पुरवा मजरे विक्रमपुर थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ उम्र 28 वर्ष को थाना क्षेत्र अन्तू के लोहंगपुर बाईपास मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया

# फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर को हराकर अयोध्या मंडल बना विजेता




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ ।** जिला खेल कार्यालय द्वारा ओपन आमंत्रण राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 फरवरी तक किया गया। ,प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर और अयोध्या मंडल के बीच खेला गया। दोनों ही टीमों ने जबरदस्त खेल का परिचय दिया।

,बेहद ही कांटे के मुकाबले में अयोध्या ने स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर को 21/25 25/16 25/14 25/22 से मुकाबले को अपने नाम कर लिया। ,प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक के रूप में राम शिरोमणि सिंह,पंकज दुबे,राम जनम चौहान रहे। आज समापन के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह रहे। जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत अभिनन्दन किया। जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष विक्रांत सिंह नवीन ने मुख्य अतिथि को बैज लगाकर स्वागत किया। अंतराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला ने जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव डॉक्टर डीपी सिंह का बैज लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर कुश्ती संघ के सचिव जय बहादुर सिंह,जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी , जिम ट्रेनर विक्रम सिंह के अलावा स्टेडियम के सभी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह ,बुद्ध प्रकाश ,शोभनाथ यादव पूर्व राष्ट्रीय निर्णायक विनोद यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एस बी आई ब्रांच के मैनेजर ने मारुति नंदन ट्रेडर्स का फीता काटकर किया उद्घाटन



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाबागंज विकासखंड के राजापुर बाजार में यूटीएल सोलर पैनल के एजेंसी का भारतीय स्टेट बैंक शाखा राजापुर के ब्रांच मैनेजर सत्य पाल सिंह ने शुक्रवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के बाद ब्रांच मैनेजर ने कहा कि देहात क्षेत्र में सोलर पैनल की बहुत ही जरूरत है। एजेंसी खुलने से स्थानीय लोगों को मदद मिलेगी। ,मारुति नंदन ट्रेडर्स एजेंसी के संचालक बालेंद्र भूषण मिश्रा ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान हरि शीला पेट्रोल पंप राजापुर के संचालक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य रंजन त्रिपाठी,पूर्व प्रधान राजापुर वरिष्ठ प्रबंधक संदीप सिंह, प्रधान संरक्षक राजापुर सुमित प्रताप सिंह, बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्र, संदीप पांडेय , कंदर्प नारायण शुक्ला, शिवसेवक राजेंद्र शुक्ला नरियावां, अनिरुद्ध नारायण अनुज शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार रूपेंद्र शुक्ला सहित क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में अधिवक्ताओं ने निकाला जुलूस , किया पुतला दहन

**● न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ ।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आवाहन पर आज जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन , जिला बार एसोसिएशन, वकील परिषद सहित अन्य अधिवक्ता संगठनों ने अधिवक्ता बिल संशोधन 2025 के विरोध में जुलूस निकाला और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कहा कि अधिवक्ता विरोधी सरकार लोकतंत्र पर प्रहार कर रही है और अधिवक्ताओं की आवाज को दबाने के लिए मनमानी तरीके से अधिवक्ता बिल संशोधन लाने का प्रयास कर रही हैं ।

अधिवक्ताओं ने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार अधिवक्ता विरोधी है । अधिवक्ता लोकतांत्रिक तरीके से इस बिल का विरोध करेंगे ।इस अवसर पर तीनों बार एसोसिएशन की संयुक्त बैठक जूनियर बार एसोसिएशन कार्यालय में हुई जिसमें सर्वसम्मत निर्णय गया कि बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर आज अधिवक्ता गण उक्त संशोधन बिल का विरोध करते हुए न्यायिक कार्य का बहिष्कार करेंगे । जुलूस निकालकर अधिवक्ताओं ने उप बंधक कार्यालय सहित कलेक्ट्रेट के समस्त कार्यालय और दीवानी न्यायालय में भी जुलूस निकालकर नारेबाजी किया ।

इस अवसर पर उक्त संशोधन बिल के विरोध में पुतला जलाया गया ।बैठक में लालगंज तहसील मुख्यालय पर ए सी जे एम न्यायालय स्थापित किए जाने का भी विरोध करते हुए उक्त आंदोलन को जारी रखने का निर्णय लिया गया । बैठक में अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन बृजेश सिंह गौतम , महामंत्री राजेश्वर सिंह, अध्यक्ष जूनियर बार एसोसिएशन भानु सिंह व महामंत्री विवेक त्रिपाठी , अध्यक्ष वकील परिषद आनंद पांडे , मंत्री विजय नारायण पांडे सहित भारी संख्या में अधिवक्ता गण एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी में सदस्यगण उपस्थित रहे। प्रस्ताव की प्रति जनपद न्यायाधीश जिलाधिकारी प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम एवं अध्यक्ष मोटर दुर्घटना दवाखाना एवं किशोर न्यायोद बोर्ड को प्रेषित की गई।

# चोरी के सामान के साथ अभियुक्त गिरफतार

**रखहा,प्रतापगढ़।**थाना कंधई पुलिस द्वारा चोरी की ट्रैक्टर की 01 पुलिया के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, प्रतापगढ़ श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में थाना कंधई के प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित के नेतृत्व में उ0नि0 मिथिलेश चौरसिया मय हमराह हे0का0 चन्द्रभान सिंह यादव, का0 राहुल कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर दिनांक 21.02.2025 को मु0अ0स0 37 ध् 25 धारा 303 (2) ध् 317 (2) बीएनएस थाना कंधई से संबंधित अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 नन्हकू निवासी खुसा का पुरवा थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की ट्रैक्टर की 01 पुलिया के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत सरायजमुआरी गेट के पास से गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारीध् बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई ।गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया गया कि दिनांक 20.02.2025 गाँव नवेरा थाना कंधई से मैंने चोरी की ट्रैक्टर की पुलिया चुराया था । लालच में आकर यह ट्रैक्टर की पुलिया मैंने चोरी कर लिया था और मैं इसे बेचने जा रहे थे । गलती हो गयी ।

# वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लीलापुर,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 राकेश सिंह भदौरिया मय हमराह हे0का0 शत्रुजंय शर्मा द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0अ0सं0 781৳88 धारा 325৳504৳506 भादवि थाना को0 नगर से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त भुवर सिंह पुत्र गामा सिंह निवासी कुडवा विक्रमपुर थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय हेतु वित्तीय नियमो का करें पालनः सीएमओ

**● शिकायत के बाद जांच कमेटी ने शासन द्वारा आवंटित बजट के सापेक्ष दी रिपोर्ट**

लोकमित्र

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सुनील गोयल निवासी भदरी हाउस के द्वारा शिकायत के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा तीन वरिष्ठ अधिकारियों की जांच कमेठी का गठन किया गया, जिसमें जांच कमेटी के रिपोर्ट के अनुसार शासन द्वारा आवंटित बजट के सापेक्ष जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय हेतु जेम बिड से ही समस्त वित्तीय नियमो का पालन करते हुए बिडर्स में पर्याप्त प्रतिस्पर्धा कराते हुए बिड की गयी। शिकायत में वर्णित साइनाइड स्टीलेशन आपरेटर्स क्यू 3 एक कटेगरी है जिसमें बिड किया गया है और यह कोई सामान नहीं है। क्योकि उस समय जेम पोर्टल पर बीओक्यू कटेगरी बिड बन्द थी एवं जेम पोर्टल के कस्टमर केयर द्वारा भी उचित कटेगरी उपलब्ध न कराने एवं कार्य हित एवं जनहित में सामाग्री का क्रय आवश्यक होने के कारण जेम पोर्टल पर साइनाइड डिस्टीलेशन आपरेटर्स क्यू 3 की कटेगरी में बिड को अपलोड किया गया था। उपरोक्त बिड में आनलाइन क्रय की जानी वाली सामाग्री का विवरण एवं मात्रा प्रदर्शित हो रही थी। उक्त क्रय क्यू 3 कटेगरी के माध्यम से किया गया है। जिसमें किसी भी बिडर्स द्वारा बिड में प्रतिभाग करने पर कोई प्रतिबंध नहीं था। जेम पोर्टल द्वारा समस्त बिड नियमानुसार किया गया है। जेम पोर्टल पर भारत सरकार के पत्र के अनुसार रू. दस लाख की सीमा के भीतर जेम पोर्टल पर तुलनात्मक विवरण के अनुसार जेम पर उपलब्ध एल. 1 र्म से सामाग्रियो के क्रय किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। उक्त दिशानिर्देश के अनुपालन के क्रम में जेम पोर्टल से तुलनात्मक विवरण के अनुसर जेम पर उपलब्ध एल 1 फर्म से ग्लब्स का क्रय किया गया है। शिकायत में वर्णित ग्लब्स दो अलग अलग कार्यक्रमो हेतु एवं अलग अलग साइज में क्रय किया गया है। शिकायत में वर्णित है कि ग्लब्स का भुगतान कर दिया गया है, जो पूर्णतः असत्य है तथा ग्लब्स का भुगतान लम्बित है।

अवधेश चौधरी चीफ फर्मासिस्ट एवं दीपक श्रीवास्तव जिला लेखा प्रबंधक एनएचएम प्रतापगढ़ के उपर शिकायती पत्र में लगाया गया आरोपी असत्य एवं निराधा है समस्त क्रय एवं भुगतान निर्धारित कमेटी के माध्यम से किया जाता है। क्रय एवं भुगतान में किसी व्यक्ति विशेष की भूमिका नहीं होती है। उपरोक्त दोनो कर्मचारी अपने राजकीय दायित्वो का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करते है।

सुनील गोयल द्वारा अपने पुत्र की फर्म जिंजर ए यूनिट ऑफ सत्यम फूड, बाबागंज के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतापगढ़ कार्यालय में सम्पादित किये जाने वाले प्रशिक्षण बैठक एवं कार्यशालाओं में लंचे एवं स्नैक्स पैकेट का कार्य करते थे इनकी फर्म द्वारा अधोमानक खाद्य सामाग्री उपलब्ध कराये जाने की शिकायत विभिन्न कार्यक्रम के नोडल अधिकारी द्वारा किये जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रतापगढ़ के पत्र द्वारा फर्म जिंजर ए यूटि आफ सत्यम फूड बाबागंज प्रतापगढ़ को नोटिस निर्गत किया गया था। सुनील गोयल द्वारा अपने परिवार की फर्मो मेसर्स आरएस ओवरसिस, भदरी हाउस, मेसर्स गोयल फर्नीचर, भदरी हाउस प्रतापगढ़ के माध्यम से विभाग के अन्य बिडो में भी प्रतिभाग करते है। परन्तु प्रपत्र पूर्ण न हाने की दशा में क्रय समिति द्वारा अनुत्तीर्ण किया गया था। सुनील गोयल कथित भाजपा नेता होने का अनावश्यक दबाव बनाते हुए विभाग में ठेकेदारी/सामाग्री आपूर्ति का कार्य अपने विभिन्न फर्मो के माध्यम से करना चाहते है। नियमानुसार उनसे सम्बंधित फर्मो के पात्र न होने पर तथ्य विहीन एवं कुटरचित आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियो एवं मुख्यमंत्री जी को झूठा पत्राचार करते है। साथ ही साथ समाचार पत्रो के माध्यम से भ्रामक तथ्यो को प्रकाशित करवाते है। सुनील गोयल द्वारा तथ्य विहीन कुटरचित एवं पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर आरोपो से विभाग एवं शासन की छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

# बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं को बेहतर बनाने के लिए हो रहा है सर्वे



लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू किए जाने को लेकर संबोधि संस्था सर्वे केन्द्रों पर पहुंचकर योजनाओं के मूल्यांकन के साथ ही और बेहतर ढंग से लागू किए जाने के उपाय के बारे में जानकारी कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को विकासखंड गौरा के गांव बेहदौल खुर्द, करका ग्राम पंचायत में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंच कर वहां चल रहे योजनाओं मातृ वंदना, अति कुपोषित बच्चों, पुष्टाहार, पोषण आदि के बारे में जानकारी के साथ ही फर्स्ट लाइन कार्यकर्ताओं जैसे आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, आशा, सुपरवाइजर, सीडीपीओ तथा डीपीओ से भी वार्ता कर इसको और बेहतर ढंग से बनाने के उपायों पर भी चर्चा करने के साथ उनका संकलन किया। संबोधि संस्था के सदस्य विजय कुमार ने बताया कि संबोधि संस्था द्वारा यह सर्वे का काम किया जा रहा है। सारे तथ्यों का संकलन कर इसे नीति आयोग के पास सौंपा जाएगा। जिससे इस कार्यक्रम को और बेहतर ढंग से लागू करने में मदद मिल सके। इस दौरान टीम में रोहित, साधना, लक्ष्मी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, अमन दुबे, कंचन यादव, सहायिका चमेला देवी, रामसवारी, प्रधानाध्यापक आशुतोष यादव, राजनाथ, नंदलाल तथा ग्राम प्रधान रीना यादव मौजूद रहीं। इसी तरह रामापुर आंगनबाड़ी केंद्र पर भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शान मोहम्मद मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान् अपर प्रधान परिवारिक न्यायाधीश महोदय कक्ष सं0–01 कानपुर नगर। वाद संख्या–194 सन, 2024**

**1–श्रीमती लक्ष्मी सिंह उर्फ पिंकी** उम्र लगभग 31 वर्ष पत्नी उधम सिंह पुत्री सुरेश बहादुर सिंह निवासिनी जी–1 टी–75 अर्मापुर स्टेट थाना अर्मापुर जनपद कानपुर नगर, **2–कशिका सिंह उर्फ दिव्या** उम्र लगभग 2 वर्ष पुत्री उधम सिंह संरक्षिका माता श्रीमती लक्ष्मी सिंह।

**–प्रार्थिनी / वादिनी** *बनाम*

**उधम सिंह** पुत्र रामप्रताप सिंह निवासी समसपुर सेकेण्ड बिलहा पोस्ट समसपुर थाना हथिगगांवा, कुण्डा प्रतापगढ़।

**–विपक्षी**

**ता0 पेशी–07 / 04 / 2025**

**प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 125 सी० आर० पी० सी०**

चूँकि आपके विरुद्ध–श्रीमती लक्ष्मी सिंह उर्फ पिंकी ने प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 125 सी०आर०पी०सी० हेतु वास्ते दिलाने गुजारा प्रतिमाह दाखिल किया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 07 / 04 / 2025 को स्वंय न्यायालय में उपस्थित होकर अगर आपको कोई आपत्ति हो तो प्रेषित करे आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षिय आदेश पारित होगा। आज दिनांक 01 / 02 / 2025 को न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी।

**आज्ञा से मुंसरिम / रीडर न्यायालय श्रीमान् अपर प्रधान परिवारिक न्यायाधीश महोदय कक्ष सं0–01 कानपुर नगर।**

# निःशुल्क विधिक सहायता का करें व्यापक प्रचार- अपर जिला जज

**● राजकुमारी मेमोरियल इंटर कॉलेज दिलीपपुर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित**




लोकमित्र ब्यूरो

**पृथ्वीगंज (प्रतापगढ़)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के तत्वावधान में राजकुमारी मेमोरियल इंटर कॉलेज दिलीपपुर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन अपर जिला जज सुमित पवार की अध्यक्षता में किया गया। इसमें अधिकार मित्र महेंद्र कुमार तिवारी ने यातायात और स्पॉन्सरशिप तथा बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।अधिकार मित्र दिनेश कुमार मिश्र ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 एवं माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण रखरखाव तथा कल्याण अधिनियम 2007 की विद्यालय के बच्चों एवं आम जनमानस को जानकारी प्रदान की। अधिकार मित्र अनिल कुमार पांडे ने गुड टच और बैड टच के बारे में बच्चों को बताया। शिविर की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला जज पवार ने निःशुल्क विधिक सहायता का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया। लोगों के हित के लिए अनेक कानून बने हैं लेकिन जानकारी न होने के कारण लोग इसका लाभ नहीं उठा पाते। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीश तिवारी ने शिक्षा और स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा बच्चों को ज्ञान कौशल और मूल्यों को सिखाती है जबकि स्वास्थ्य उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। दोनों के बीच एक गहरा संबंध है और एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। इसलिए हमें बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों पर ध्यान देना चाहिए और उन्हें एक स्वस्थ और शिक्षित भविष्य प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम में सुनील कुमार विश्वकर्मा, वीरेंद्र कुमार पांडे, अखिलेश प्रजापति, सुधांशु तिवारी, शिल्पा यादव, अंजली शर्मा, सुशील कुमार पांडे ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार दुबे ने किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# वैन से कुचल कर बालक की मौत

**बांदा।** मंदिर में चल रहे भंडारा में प्रसाद लेने जा रहे बालक को बेकाबू वैन ने कुचल दिया। उसकी मौत को गई। हादसे के बाद मौके से भाग रहे वैन चालक को ग्रामीणो ने दवोच कर पुलिस के हवाले कर दिया।चिल्ला थाना क्षेत्र के तारा गांव के किलुवा डेरा निवासी 11 वर्षीय जिगर पुत्र भीषम गुरूवार की शाम मंदिर में चल रहे भंडारा में प्रसाद लेने जा रहा था। तभी कानपुर की तरफ से आ रही वैन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनो ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे । तभी गांजी पुर के पास उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

9452526750, 9839665450,8565970115

**दैनिक लोकमित्र**

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का हुआ समापन, किया गया पुरस्कार वितरण



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट –** जिला मुख्यालय के बेड़ी पुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय 29वें वार्षिक क्रीडा समारोह के समापन सत्र का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विनय कुमार चौधरी द्वारा किया गया। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियो को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चौधरी ने कहा कि दो दिन तक चलने वाली इस खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया तथा अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिनमें कुछ विर्द्याथी विजयी हुए तो कुछ असफल रहे और सफलता को प्राप्त नहीं कर सके। बताया कि खेल प्रतियोगिताओं में विजय का उतना महत्व नहीं है जितना कि प्रतिभागिता का है। यदि खिलाड़ी सच्चे मन एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करता है, तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की भी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस दौरान हुई 10,000 मी छात्र वर्ग दौड में विष्णु कुमार ने प्रथम, अर्पित कुमार ने द्वितीय व विनोद कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मी छात्र वर्ग दौड में दुर्जन ने प्रथम, गोलू ने द्वितीय व रामबाबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मी छात्र वर्ग दौड में रामबाबू ने प्रथम, दुर्जन ने द्वितीय व गोलू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद छात्र वर्ग में विष्णु कुमार ने प्रथम, आवेश सिंह ने द्वितीय व विनोद कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। त्रिकूद छात्र वर्ग में विनोद कुमार ने प्रथम, लोकनाथ ने द्वितीय व रविकान्त ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो छात्र वर्ग में विष्णु कुमार ने प्रथम, अमित यादव ने द्वितीय व अभिषेक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हैमर थ्रो छात्र वर्ग में अभिषेक कुमार ने प्रथम, पीयूष कुमार ने द्वितीय व सचिन सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हैमर थ्रो छात्रा वर्ग में माधुरी यादव ने प्रथम, गीता देवी ने द्वितीय व नंदनी देवी धुरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो छात्रा वर्ग में माधुरी यादव ने प्रथम, प्राची देवी ने द्वितीय व महिमा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। त्रिकूद छात्रा वर्ग में रोशनी देवी ने प्रथम, गीता देवी ने द्वितीय व सियाललली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद छात्रा वर्ग में माधुरी यादव ने प्रथम, गरिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 800 मी छात्रा वर्ग दौड में महिमा देवी ने प्रथम, प्राची देवी ने द्वितीय व बबली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस मौके पर क्रीड़ा सचिव डॉ राकेश कुमार शर्मा, प्राध्यापक डॉ गौरव पाण्डेय, डॉ राजेश कुमार पाल, डॉ रामनरेश यादव, डॉ मुकेश कुमार, डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ नीरज गुसाए, डॉ गजेन्द्र सिंह, बलवन्त सिंह राजौदिया आदि मौजूद रहे।

# जिला कारागार में बंदियों को संगम के पवित्र जल से कराया गया स्नान



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट –** शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज संगम से लाए गए पवित्र जल से जिला कारागार में बंदियों को स्नान कराया गया। इस दौरान बंदियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ संगम से लाए गए पवित्र जल से स्नान और आचमन किया।शुक्रवार को जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार कन्नौजिया सहित अन्य सभी जेल अधिकारियों ने प्रयागराज संगम से लाए गए पवित्र जल का विधिविधान से पूजन व आचमन किया गया। जेल अधीक्षक ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में स्नान से कोई वंचित न रहे, इस उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री के निर्देशानुसार जेल में निरुद्ध बंदियों को इसका पुण्य प्राप्त कराने के लिए प्रयागराज संगम से लाए गए पवित्र जल से बंदियों को स्नान कराया जा रहा है। पवित्र जल से स्नान करने पर बंदियों में प्रसन्नता और उत्साह का संचार हुआ है। बंदियों ने बताया कि उन्होंने माता गंगा से अपने किए प्रत्येक गलती के लिए क्षमा प्रार्थना की और अच्छे जीवन के लिए प्रार्थना और कामना की। जेल अधीक्षक ने बताया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश के सभी कारागार में निरुद्ध बंदियों को महाकुंभ के दिव्य अवसर पर संगम के पवित्र जल से स्नान कराया जा रहा है।

# प्रयागराज महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए भोजन वितरण रहेगा जारी




**चित्रकूट ब्यूरो–** संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए लगातार अनवरत निःशुल्क भोजन प्रसाद सेवा जारी है।शुक्रवार को ट्रस्ट द्वारा संचालित प्रसाद वितरण शिविर मोहकमगढ़ तिराहे का रीवा संभागायुक्त बी.एस. जामोद, डीआईजी साकेत पाण्डेय, सतना जिलाधिकारी सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर उनसे वार्ता कर जानकारी ली। ट्रस्टी डॉ बी.के. जैन ने बताया कि शिविर में पिछले आठ दिनों से 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। कहा कि यह गुरुदेव का प्रथम उद्देश्य है कि भूखे को भोजन के संदेश की पूर्ति में ट्रस्ट के सभी कार्यकर्ताओं की सहभागिता है। अन्न सेवा का यह कार्य अनवरत जारी रहेगी। बताया कि महाकुंभ में चित्रकूट होकर आने जाने वाले तीर्थ यात्रियों को भोजन के लिए असुविधा न हो, इसलिए यह उपक्रम दो अन्य केंद्रों में भी किया जा रहा है।

# सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराएं अधिक से अधिक वाद- जिला जज

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** –राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद में कार्यरत प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ तृतीय चरण की बैठक आयोजित की गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद,




राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, आमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे बाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। जिला जज ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।इस मौके पर अपर जिला जज अनुराग कुरील, राज्य कर अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेन्द्र बहादुर सिंह, आबकारी निरीक्षक कर्वी प्रफुल्ल कुमार सिंह, दुग्ध विकास लिमिटेड प्रबन्धक जगदीश चन्द्र पाण्डेय, बीडीओ बीएल गुप्ता, प्राचार्य प्रतिनिधिक मानिकपुर कृष्ण कुमार, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी पवन कुमार त्यागी, प्रभारी बीएसए शशांक शेखर, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, सहायक निदेशक मत्स्य भानूचन्द्रा आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संशोधन बिल का किया कड़ा विरोध

**चित्रकूट–** जिला कचहरी परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन बिल के विरुद्ध कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध किया।बैठक में एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल लाकर सरकार वकीलों की आवाज को दबाने का काम करना चाहती है। सरकार को वकीलों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और बैठने की व्यवस्था की कोई चिन्ता नहीं है। अधिवक्ताओं ने इस बिल के विरुद्ध कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध किया। वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल वकीलों की शक्तियों को कम कर लोकतंत्र की हत्या का करने का एक प्रयास है। जितेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट ने कहा कि वकील हमेशा देश में अपनी कुर्बानी देते रहे हैं। वकीलों की आवाज को दबाने का कुत्सिक प्रयास घोर निंदनीय है। कुंवर रोहित सिंह ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल की जितनी निंदा की जाए कम है। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी, देवशरण मिश्रा, विकास निगम, अलौकिकानंद, लक्ष्मण त्रिपाठी, सुरेन्द्र पयासी, अरुण टाइगर, नरेन्द्र सिंह लल्ला, रामआसरे विश्वकर्मा, त्रिभुवन सिंह, लक्ष्मण कुशवाहा, माधव विश्वकर्मा, अजीत मिश्रा, अनूप गुप्ता, लवकुश गौतम, ओंकार तिवारी, अशोक कुमार, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्नातक छात्र ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा।** स्नातक छात्र ने कमरे के अंदर लोहे के पाइप पर रस्सी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।देहात कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी 18 वर्षीय अमन पुत्र दिलीप सिंह बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। गुरूवार की रात भूसा वाले घर में लोहे के पाइप से रस्सी से फांसी लगा लिया। सुबह खेत घर लौटे पिता जब मवेशियो के लिए भूसा लेने गया। देखा तो उसका शव फंदे पर लट कर रहा था। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाईयो में छोटा था।

# जुल्मेबाजों की सरकार से सतर्क रहने की जरूरत



**नरैनी।** विधान सभा क्षेत्र के गुढाकलां के मजरा बसराही में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन सुमन दिवाकर (सदस्य निगरानी समिति) द्वारा संपन्न हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष मुन्ना सिंह पटेल ने किया। पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम में सुमन दिवाकर ने संबोधित करते हुए कहा कि यह संविधान विरोधी सरकार है इसमें हर कोई परेशान है चाहे किसान हो ,मजदूर हो नवयुवक बेरोजगार घूम रहे, मंहगाई चरम सीमा में है हमे इस जुल्मेबाजी सरकार से सतर्क रहने की जरूरत है और आने वाले आगामी चुनाव में इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकें। सपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा ने कहा कि जितनी जिसकी संख्या भारी उतनी उसकी हिस्सेदारी और जाति जन गणना की बात कही । कार्यक्रम के दौरान अन्य सपाइयों ने संबोधित किया । कार्यक्रम में रामराज पटेल,चंद्रभान यादव, मोहम्मद सिद्दीकी, नंद किशोर यादव,रामविलास राजपूत,रामफल राजपूत,गंगा पटेल , हनीफ , धनीराम यादव,सुभीन यादव राजेन्द्र यादव,रुद्र आदि और तमाम भारी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित रहे। इधर, अतर्रा तहसील अंतर्गत अतर्रा ग्रामीण के अंश जोधा का पुरवा में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा पीडीए जन पंचायत चर्चा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अगुवाई समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विवेक बिंदु तिवारी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की नीतियों और विफलताओं पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों से समाजवादी पार्टी को मजबूती देने की अपील की। कार्यक्रम में प्रांतीय नेता बृजभूषण सिंह यादव, प्रधान आलोक यादव, सहित आदि ने भी अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड विकास सिंह, राकेश पटेल, राजेंद्र यादव, सुशील गौतम, अभयराम यादव, अजीत कुमार वर्मा, घनश्याम पटेल, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने विकास कार्यों की समीक्षा की

● 51 मदों में मण्डल के तीनों जनपदों को ए प्लस श्रेणी प्राप्त

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डल के तीनो जनपदों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सी.एम. डैश बोर्ड विकास में प्राप्त रैंकिंग के अनुसार शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों, कानून एवं व्यवस्था तथा विकास कार्यों के प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक आर.पी. सिंह, जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन, सोनभद्र बी.एन. सिंह, भदोही विशाल सिंह, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक मीणा, पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक, तीनों जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, अपर आयुक्त प्रशासन डॉ. विश्राम, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र सहित सभी मण्डलीय व जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा



बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास सम्बंधी कार्यों में 51 मदो में मण्डल के तीनों को ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुआ है इस क्रम में मण्डलायुक्त ने सभी मण्डलीय व जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को बी व सी श्रेणी प्राप्त हुई है वे अगले माह प्रगति में सुधार लाते हुए कम से कम से ए श्रेणी लाना सुनिश्चित करें।

मण्डलायुक्त ने आई.जी.आर.एस. की समीक्षा में असंतोषजनक फीडबैक काफी संख्या में पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण से पूर्व शिकायतकर्ता से वार्ता करें तथा स्थल पर जाकर ही अधिकारी शिकायतो का निस्तारण करें जिससे असंतोषजनक फीडबैक न प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूरी पारदर्शिता के साथ शिकायतों का निस्तारण करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पी0एम0 सूर्यघर योजना की समीक्षा करते समय मण्डलायुक्त ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्वंय इस योजना की समीक्षा करें एवं ग्राम पंचायतो में कैम्प लगाकर पात्र व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन करवाते हुए उन्हें लाभान्वित भी कराएं। मण्डलायुक्त ने मण्डल के तीनो जिलाधिकारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि इस योजना में वे भी रुचि लेकर लक्ष्य को प्राप्त करें। किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने संयुक्त निदेशक कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें एवं जिनका डाटा गलत हो गया था उन सभी डाटा को सही कराते हुए लाभान्वित कराएं। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी मीरजापुर के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। मध्यान्ह भोजन की समीक्षा के दौरान अपर निदेशक बेशिक शिक्षा को निर्देशित करते हुए कहा कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाएं। मण्डलायुक्त ने कतिपय अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी संतोषजनक नही दिए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मण्डलीय व जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में आने से पूर्व अपने विभाग की पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान त्योहारों के दृष्टिगत मण्डल में कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया। बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि अशोक उपाध्याय, अपर निदेशक स्वास्थ्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सी.एल. वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय श्रीराम लीला मंचन शुरू



**बबेरू।** क्षेत्र के मुरवल गांव में श्रीबजरंग रामलीला समिति की ओर से पांच दिवसीय रामलीला का शुभारंभ अवतार दास महाराज ने दीप प्रज्जवलित कर किया। पहले दिन श्री राम जन्म मुनि याचना फुलवारी की लीला संपन्न हुई जिसमें पात्र कलाकारों द्वारा कार्यक्रम संपन्न किया जिसमें राम का अभिनय हरेन्द्र ,लक्ष्मण रजनीश, दशरथ तुलसी दादा विश्वामित्र अमरजीत वशिष्ट पप्पू अंजना व्यास आशीष तबला अनिल सिह नाल योगेन्द्र कौमिक सुरेश अर्गन विमल रहे। विश्वामित्र को राक्षस परेशान करते और यज्ञ नही करने देते इसी को लेकर विश्वामित्र राजा दशरथ के पास पहुंचते है। और राक्षसो का विनाश करने के लिये राजा दशरथ से राम लक्ष्मण की मॉग करते है और राजा दशरथ राम लक्ष्मण देने को तैयार नही होते है लेकिन महर्षि वशिष्ट जी समझाने पर राम लक्ष्मण को लेकर विश्वामित्र राक्षसो का ताड़का और मरीच सुबाहु का वघ करते है विश्वामित्र की आज्ञा पाकर राम लक्ष्मण पुष्प वाटिका पहुंचे वही सीता गौरी पूजन को जाती है और वही राम लक्ष्मण से भेट हो जाती है। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद सिह अनिल कुमार खरे राम प्रकाशराम बाबू दुबे अंजनी कुमार सतीश त्रिपाठी विष्णु प्रकाश पप्पू चौरसियाशशीकान्त विज्ञान सिह कपिल राजपूत मौजूद रहे।

# मारपीट पर दो मामलों में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बांदा।** थाना बिसंडा के कैरी गांव मे दबंगों ने व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित रामकिशोर पटेल ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।पीड़ित के अनुसार 15 फरवरी की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर में मौजूद था। घर में नाना जी की तेरहवी होने के कारण सभी रिश्तेदार एकत्र थे। इसी दौरान गांव के राकेश, हिमांशू, भाऊलाल, कमलेश व अन्य लोग शराब के नशे में धुत होकर घर में घुस आए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए दरवाजा तोड़ दिया। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब पत्नी रोशनी बचाने आई तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया। थाना पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है।

# अधिनियम संशोधन पर अधिवक्ताओं ने जताई नाराजगी

● काली पट्टी बांधकर अधिवक्ताओं ने जताया विरोध

लोकमित्र ब्यूरो

**बांदा।** अतर्रा में अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन को लेकर बार एसोसिएशन संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को तहसील परिसर विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी राहुल द्विवेदी को सौंपकर बिल को वापस लेने की मांग की। बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष व महासचिव के नेतृत्व में तहसील पहुंचे अधिवक्ताओं ने कहा कि यह संशोधन अधिवक्ता हितों के विपरीत है। अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर सरकार से मांग किया कि प्रस्तावित




अधिनियम को तत्काल वापस लिया जाए। इस दौरान अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए बिल के विरोध में रोष प्रकट किया।

अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन न्याय व्यवस्था को प्रभावित करेगा और अधिवक्ताओं के अधिकारों पर आघात करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अधिवक्ता हितों की अनदेखी की तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इसके साथ ही बांदा मुख्यालय में भी बार संघ पदाधिकारियों ने अधिवक्ता अधिनियम संशोधन पर नाराजगी जाहिर की। बार संघ अध्यक्ष द्वारिकेश मंडेला, महासचिव मनोज निगम समेत अधिवक्ताओं ने विरोध किया।

# आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख

**नरैनी।** घरेलू गैस सिलेंडर के जरिए घर में आग लगने से पूरी घर गृहस्थी का सामान जल गया। गैस सिलेंडर से खाना बना रही महिला भी चपेट में आने से बची। तहसील क्षेत्र स्थित नहरी गांव के लक्ष्मी बाजार में मौजूद घर में सिलेंडर फटने से आग की चपेट में पूरा घर जल गया। घर के अंदर रखा गृहस्थी का सामान भी आग की आगोश में जलकर स्वाहा हो गया।नुकसान होने के बावजूद कोई भी पीड़ित के घर आंसू पोछने नहीं पहुंचा। पीड़ित विमला देवी पत्नी विनय कुमार ने बताया कि वह रोजाना की तरह घरेलू गैस सिलेंडर में गुरुवार की दोपहर 2 बजे के आसपास खाना बना रही थी।अचानक इसी दौरान रेगुलेटर में आग लग गई।कुछ देर बाद सिलेंडर फट गया और तेज धमाका हुआ।आग की लपटे पड़ोस तक फैल गई।आग के आगोश में घर में मौजूद लोग घबरा गए।पूरे पड़ोस में हाहाकार मच गया।आग से पूरा घर जल गया।इस दौरान घर में रखा अनाज बर्तन कपड़े सहित पूरा सामान नष्ट हो गया।पीड़ित परिवार ने मदद की मांग की है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# लालगंज पहुंचे राहुल गांधी ने महंगाई ,बेरोजगारी और अडानी को लेकर मोदी पर जमकर साधा निशाना

**▸▸ जनता से कांग्रेस की सरकार बनाने का किया आह्वान**






**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता रायबरेली के सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को लालगंज पहुंचे जहां उन्होंने एक गेस्ट हाउस में युवाओं से संवाद किया और बेरोजगारी ,महंगाई व अडानी अंबानी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी के पूरे भाषण में अमेरिका, ट्रंप, अडानी अंबानी, महंगाई बेरोजगारी और जीएसटी का बोलबाला रहा। इसके पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भीरा गोविंदपुर में अमर शहीद वीरापासी की मूर्ति का अनावरण किया और माल्यार्पण करते हुए नमन किया। इसके बाद राहुल गांधी रेल कोच कारखाना पहुंचे जहां उन्होंने बंद हाल में रेल कोच के अधिकारियों के साथ गुफ्तगू की। रेल कोच में अधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए उनके साथ केवल अमेठी सांसद केएल शर्मा और कांग्रेस के वेतन भोगी कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र शर्मा मौजूद रहे,बाकी कांग्रेस के दो दर्जन से अधिक नेता बाहर तांक झांक करते रहे। आधे घंटे मीटिंग के बाद रेल कोच से निकलकर सीधे लालगंज के शुभ मंगलम गेस्ट हाउस पहुंचे जहां युवा संवाद कार्यक्रम में भाषण देते हुए उन्होंने युवाओं से बीच-बीच में संवाद भी किया। कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा की सरकार केवल अडानी और अंबानी की सरकार है उन्हें गरीबों, मजलूमों , बेरोजगारी और महंगाई से कोई मतलब नहीं है। गरीबों के लिए जीएसटी बदलनी होगी। लोगों के लिए बैंक के दरवाजे खोलने होंगे, तभी आप भी अडानी और अंबानी की तरह सपने देख सकेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका जाते हैं और उनसे कहा जाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप से अडानी के भ्रष्टाचार की बात करो तो वह कहते हैं कि यह पर्सनल मामला है। राहुल गांधी ने कहा कि अदानी का भ्रष्टाचार पर्सनल नहीं हिंदुस्तान का मामला है जिस पर कार्यवाही होनी चाहिए। राहुल गांधी ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नोटबंदी की योजना ,गलत जीएसटी की वजह से जहां बेरोजगारी बढ़ी है वहीं छोटे दुकानदार तबाह हो गए हैं। जीएसटी कम करके छोटे व्यापारियों को फिर से सपोर्ट करना होगा, तभी रोजगार और व्यापार बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है, वहां पर गरीबों के लिए योजनाएं संचालित हैं। मोदी सरकार पब्लिक सेक्टर, स्कूल कॉलेज सहित अन्य सरकारी विभागों का प्राइवेट लाइजेशन करने पर जुटी हुई है। आज युवा पैसा लेकर डिग्री पाता है लेकिन डिग्री नौकरी नहीं दे सकती है। उन्होंने ऐसी डिग्री को कचड़ा बताते हुए कहा कि मोदी सरकार की गलत पॉलिसी की वजह से देश में बेरोजगारी बढ़ी है। राहुल गांधी ने कहा कि दवा करने के लिए प्राइवेट अस्पताल जाते हो तो लाखों रुपए खर्च होता है।प्राइवेट अस्पताल वाले आपकी जेब खाली कर देते हैं। सांसद राहुल गांधी ने उत्कर्ष सिंह नाम के युवक से पूछा कि तुम्हारी शर्ट कितने की है,उसने बताया कि 1000 रुपए की है तो राहुल गांधी ने कहा कि इसमें कितनी जीएसटी देते हो, 28प्रतिषत की बात आने पर राहुल गांधी ने कहा कि इतनी ही जीएसटी अदानी भी इस टीशर्ट पर देंगे। उन्होंने कहा कि आज जो जीएसटी अरबपति दे रहा है वही जीएसटी गरीब व्यक्ति भी देने को मजबूर है। यह सब मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते हो रहा है। अंत में उन्होंने कहा कि आप सरकार बदले हम हिंदुस्तान बदल देंगे। इस मौके पर कांग्रेस के महामंत्री महेश शर्मा, पूर्व विधायक अशोक सिंह, विधानसभा की प्रत्याशी रही सुधा द्विवेदी ,नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता, कांग्रेस के वरिष्ठनेता दीपेंद्र गुप्ता, संजू पांडे ,निर्मल शुक्ला, अतुल सिंह ,पूर्व मंत्री पंजाबी सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप बाजपेई ,सुशील पासी ,कामता प्रसाद गौड़ ,बबलू तिवारी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिक ने भी राहुल गांधी से लगाई फरियाद

**लालगंज रायबरेली।** सेना की नौकरी छोड़ चुके जौनपुर निवासी हरेंद्र यादव ने राहुल गांधी से मिलने का अनोखा तरीका निकाला और उनके गेस्ट हाउस के बाहर निकलते ही हैंड लाउडस्पीकर से सांसद राहुल गांधी से मिलने की गुहार लगाई। लाउडस्पीकर की आवाज सुनते ही राहुल गांधी की कार रुक गई और उन्होंने हरेंद्र यादव का प्रार्थना पत्र लेकर रक्षा मंत्री को पत्र भेजने की बात कही। हरेंद्र यादव ने बताया कि वह फौज की नौकरी करते थे लेकिन वहां पर फौजी अधिकारी उनसे बूट पॉलिश और घर का काम करते थे जिससे उन्होंने नौकरी छोड़ दिया। अब उन्होंने फौज से भ्रष्टाचार हटाने का बीड़ा उठा रखा है।

## सोलर पम्पसेट के लिए करें आवेदन, सोलर पम्प सेट के चयन व आवंटन की व्यवस्था प्रथम आवक व प्रथम पावक के आधार पर ही की जाएगीः अर्पित उपाध्याय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने बताया है कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित मध्यम गहरे/गहरे नलकूपों पर 7.5 एच0पी0 सोलर पम्प सेट स्थापना हेतु जनपद रायबरेली को 10 का अनुमोदन शासन स्तर से प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रति इकाई सोलर पम्प सेट स्थापना की कुल लागत 444094 रुपये एवं प्रति इकाई विभाग द्वारा लाभार्थी को दिया जाने वाला अनुदान 266456 रुपये व प्रति इकाई लाभार्थी द्वारा विभाग में जमा किया गया कृषक अंश 177638 रुपये है। उन्होंने बताया है कि इस योजना के अन्तर्गत वही कृषक पात्र होगें जिन्होंने विभाग द्वारा पूर्व में निर्मित मध्यम नलकूप व गहरे नलकूप का लाभ लिया है। सोलर पम्प सेट के चयन व आवंटन की व्यवस्था प्रथम आवक व प्रथम पावक के आधार पर ही की जायेगी, जिसे कार्यालय सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विकास भवन तृतीय तल कमरा संख्या 311 में सम्पर्क कर विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करते हुए इस योजना का लाभ लिया जा सकता है।

## सरकार सस्ते श्रम की सप्लायर भर रह गई है- विजय विद्रोही

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजय विद्रोही ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार सस्ते श्रमिको की सप्लायर भर रह गई है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में स्कीम वर्कर्स की पूरी तरह अनदेखी की गई है। इस बजट से महिला कामगारों के प्रति प्रदेश सरकार का चरित्र उजागर हो गया। इस बजट में सरकार ने स्कीम वर्कर्स खासकर स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ कही जाने वाली आशा ,संगिनी के लिए एक पैसे का कोई अनुतोष नहीं दिया गया।मिड डे मील वर्कर्स के मानदेय में बढ़ोत्तरी का कोई प्रावधान नहीं दिखा।यही नहीं उनकी सेवाओं को जारी रखने का कोई आश्वासन भी नहीं है।काम .विद्रोही ने कहा कि संविदा कर्मचारियों को अधिकतम 18000रु0 दिए जाने की घोषणा बेइमानी है। आगे चलकर इसे लागू करते समय उनके कामों की श्रेणी का निर्धारण करते हुए घूम फिर कर वे जहां आज हैं वहीं रह जाएंगे। उम्मीद को जा रही थी कि संविदा कर्मियों को समान काम का समान वेतन सिद्धांत लागू करते हुए स्थायी कर्मचारियों के समान सभी सुविधाएं दिए जाने की सरकार कोई योजना लेकर आएगी किंतु 15 लाख देने के जुमले की तरह सरकार ने एक जुमला उछाल दिया है। इसे देने के लिए भी बजट में धन का कोई आवंटन नहीं किया। इसी तरह आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के सम्बन्ध में सरकार ने भविष्य में एक निगम बनाने और उन्हें 16 से 20 हजार की अधिकतम सीमा तक सरकार द्वारा सीधे भुगतान की घोषणा की गई है । इसका भी आकलन श्रेणीगत ढंग से किया जाएगा ।इस बजट में अभी भुगतान के लिए धन का कोई आवंटन नहीं किया गया। कुल मिलाकर आंखों में धूल झोंकने के सिवा बजट में कुछ नहीं है।इस सम्बंध में भी उम्मीद की जा रही थी कि सरकार कम्पनी राज से लाखों कर्मचारियों को बाहर निकाल कर उन्हें राज्य कर्मचारी की श्रेणी में लाकर उनके बेहतर जीवन का कोई खाका खींचेगी । किंतु प्रदेश के मुख्यमंत्री का बयान बहुत हास्यास्पद है जिसमें सीधे सरकार द्वारा भुगतान के सम्बन्ध में घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि आउट सोर्सिंग कम्पनियों का कमीशन उनको मिलता नहीं रहेगा। कुल मिलाकर सरकार ने स्कीम वर्कर्स के न्यूनतम वेतन ,सामाजिक सुरक्षा, ईपीएफ ग्रेच्युटी, पेंशन, मातृत्व अवकाश जैसे बुनियादी प्रश्नों को कूड़ेदान में डाल दिया वहीं संविदा और आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के साथ भी विश्वासघात किया है।उन्होंने अंत में कहा कि शिक्षा, चिकित्सा के लिए आवंटित धन एक मजाक है। प्रदेश के 70 प्रतिषत प्राथमिक विद्यालय अभी टाटपट्टी में बच्चों को बैठाने के लिए विवश है इसी तरह 80 प्रतिषत विद्यालयों में टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। किंतु सरकार के इस बजट में ऐसी कोई इच्छा शक्ति नहीं दिखाई देती जिसके जरिए प्राथमिक शिक्षा को निजीकरण के इस दौर में प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।इस बजट ने इसे पूरी तरह से साबित कर दिया है कि उसका सरोकार धार्मिक उन्माद पैदा कर/रुवीकरण करने से ज्यादा कुछ नहीं है, रोजगार , श्रमिको की बेहतर जिंदगी और कानून के राज के बजाय कम्पनी राज को सुदृढ़ करते हुए श्रम की लूट के आबाद सिलसिले को आगे बढ़ाते जाने का है।

## तहसीलों एवं थानों में नहीं हो रही सुनवाई-इं.वीरेन्द्र यादव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर पीडीए चर्चा कार्यक्रम जनपद की विधानसभाओं के अनेकों सेक्टरों में आयोजित किये गये।पीडीए जनपंचायतों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेंद्र यादव ने कहा कि पीडीए चर्चा कार्यक्रमों में महिलाएँ,ग्रामीण,किसान,मजदूर,छात्र, नौजवान उपस्थित होकर स्थानीय समस्याओं को उठा रहे हैं लोगों का कहना है कि थानों,तहसीलों में जनसमस्याओं की सुनवाई नहीं हो रही है सरकार ने समग्र ग्राम योजना बंद कर गाँव की गलियों एवं नालियो के निर्माण रोक दिये,गन्ना किसानों की तौल सही समय पर नहीं हो पा रही,गाँवों में चोरियों की घटनाएँ बढ़ी हैं,बिजली कटौती अंधाधुंध हो रही।आमजनों का कहना है कि जबसे बीजेपी सरकार आयी है महंगाई बेरोजगारी बढ़ी है भाजपा प्रदेशवासियों का ध्यान मुद्दों से भटकाने में पड़ी रहती है।पीडीए चर्चा कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष राकेश यादव,ब्रजेंद्र चौधरी,जगदेव यादव,विजय बहादुर सिंह,डा.आई जावेद,दीपू शुक्ला,कृपा शंकर यादव,मुनेश्वर पासी,ब्रजेंद्र चौधरी,डा.जावेद,बबलू लोधी,राधे श्याम लोधी,आलोक यादव,चन्द्रप्रकाश आजाद,विन्देश्वरी पासी,नरेन्द्र यादव,महेश यादव,रामशरण यादव,हशनैन खान आदि ने जनपद के अनेकों सेक्टरों में पीडीए की जनपंचायतों को सम्बोधित कर पिछड़ों,दलितों,अल्पसंख्यकों एवं आधी आवादी की एकजुटता पर बल दिया।उपस्थित लोगों ने समाजवादी पार्टी सरकार में हुए कार्यो को याद किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही सभी ने आगामी चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

## जिलाधिकारी व एसपी बने श्रमदान अभियान का हिस्सा, की सई नदी के घाटो तथा प्राचीन शिवालय भवरेश्वर धाम की सफाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** महाशिवरात्रि के पूर्व 'स्वच्छता ही सेवा है, सफाई ही पूजा है' अभियान के तहत आज दूसरे दिन शुक्रवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भी प्राचीन शिव मंदिर श्री भवरेश्वर धाम पहुंचकर ''श्रमदान अभियान'' का हिस्सा बने, और अपने हाथों से सई नदी के घाटो तथा प्राचीन शिवालय भवरेश्वर धाम की सफाई करी। ''स्वच्छता ही सेवा है, सफाई ही पूजा है'' अभियान के श्रमदान का हिस्सा बनकर रायबरेली का तहसील प्रशासन और जिला प्रशासन सई नदी के तट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर भवरेश्वर धाम को संवारने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। तहसील और जनपद स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों तथा श्रद्धालुओं ने मिलकर आज दूसरे दिन भी मंदिर प्रांगण को पवित्र सई नदी के जल से धोया और सफाई कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान गुरुवार को उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव एवं तहसीलदार मंजुला मिश्रा समेत श्रद्धालुओं द्वारा श्रमदान के



तहत घाटों और मंदिर परिसर तथा सीढ़िओं की कराई गई साफ-सफाई को देख डीएम और एसपी ने सराहना करी। तत्पश्चात जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भवरेश्वर मंदिर में विराजमान भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ विग्रह का पवित्र सई नदी के जल से जलाभिषेक किया और मौके पर मौजूद एसडीएम समेत प्रशासनिक अधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने भी जल अर्पित कर पूजार्चना की।आपको बता दें कि, उत्तर प्रदेश के रायबरेली में महराजगंज तहसील क्षेत्र में सई नदी के तट पर स्थित भवरेश्वर मंदिर धाम पर आगामी महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं। महाशिवरात्रि को देखते हुए तहसील प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक यहां की व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। शुक्रवार को दूसरे दिन जिले की मुखिया जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह तीर्थ श्री भवरेश्वर मंदिर धाम पहुंचकर सई नदी और मंदिर के आसपास साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान के तहत श्रमदान का हिस्सा बनकर अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण भी किया और चाक-चौबंद व्यवस्था देख अधिकारियों तथा श्रद्धालुओं की तारीफ भी करी। इस दौरान डीएम और एसपी ने नाव द्वारा रायबरेली और लखनऊ की सीमा तक सई नदी का निरीक्षण किया। उन्होंने महाशिवरात्रि के पहले घाटों पर वेरीकेटिंग कराए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव से श्री भवरेश्वर मंदिर धाम को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने को लेकर प्रस्ताव भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि, च्यूंकि प्राचीन श्री भवरेश्वर मंदिर धाम तीन जिलों के बॉर्डर पर स्थित है, इस प्राचीन शिव मंदिर का बड़ा ही मार्मिक इतिहास है। यह मंदिर तीन जिलों के श्रद्धालुओं का ही नहीं, पूरे प्रदेश के श्रृद्धालुओं के आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि, महाशिवरात्रि से पूर्व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर जाने वाले मार्ग को समतल किया जाएगा और वैरीकेटिंग लगाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने कहा कि, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की जाएगी। तहसील प्रशासन को समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के लिए उन्होंने भी सराहना करी और विशेष रूप से साफ-सफाई पर ध्यान देने के निर्देश भी दिए। डॉ यशवीर सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को चकबंदी रखने के लिए क्षेत्राधिकार महराजगंज यादवेंद्र बहादुर पाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस मौके पर कानून को उमेश कुमार दीक्षित, बीडिओ बछरावां शिव बहादुर सिंह, अधिशासी अधिकारी बछरावां व महराजगंज राम आशीष वर्मा, लेखपाल राजेश कुशवाहा, विकास कुशवाहा, संदीप सिंह, पीयूष शुक्ला एवं अवनींद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## राही बीआरसी में आयोजित कार्यक्रम का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस प्रफुल्ल शर्मा ने किया शुभारंभ

### बच्चों का नामांकन बढ़ाने और आंगनबाड़ी केंद्रों से बेहतर समन्वय के लिए कार्यक्रम आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** केंद्र सरकार की तरफ से संचालित निपुण भारत अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र और बेसिक शिक्षा विभाग के बीच में समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को बीआरसी अमावां और राही में ष्हमारा आंगन, हमारे बच्चेष् उत्सव आयोजित किया गया। अमावां में कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप सिंह, सीडीपीओ रेनू शुक्ला और खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने किया। राही ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस प्रफुल्ल शर्मा (एसडीएम सदर) और बीईओ राही बृजलाल ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत बुनियादी साक्षरता एवं अंकीय दक्षता प्राप्त करने हेतु प्राथमिक एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए निपुण लक्ष्य निर्धारित हैं। जिनके लिए दोनों विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए मार्च 2026 को निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करना है। बीडीओ संदीप सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रांगण में आंगनबाड़ी केंद्र होने की वजह से बच्चों में शुरू से ही पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ती है। इसके साथ अब जब से रेडनेस कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों से बेसिक के शिक्षकों को जिम्मेदारी मिली है तब से बच्चों की नींव में मजबूती आई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को सुसज्जित करने में विकास विभाग की तरफ से अनवरत सहयोग किया जा रहा है। मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस प्रफुल्ल शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में परिषदीय विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए 3 वर्ष पूर्व से 'विद्यालय तैयारी कार्यक्रम' और 'पूर्व बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा कार्यक्रमों' के अंतर्गत शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के संयुक्त रूप से प्रशिक्षण के सत्र चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत से ही आज विद्यालय निपुण हो रहे हैं। बीईओ राही बृजलाल ने कहा कि आंगनवाड़ी में बच्चों को घर जैसी देखभाल और मां जैसा वात्सल्य देने के लिए उपस्थित आंगनबाड़ी सदस्यों और शिक्षकों को प्रेरित किया ताकि बच्चे को घर जैसे आनंद और स्वतंत्रता का एहसास हो।अमावां सीडीपीओ रेनू शुक्ला ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य समुदाय को जागृत करते हुए हमारे विद्यालय एवं आंगनवाडी में अधिक से अधिक नामांकन एवं ठहराव बढ़ाना बताया। नोडल शिक्षक आएशा अफरोज ने सरकार द्वारा विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी के प्रयोग हेतु दी जा रही शैक्षिक सामग्री, लर्निंग किट और बालवाटिका के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में विद्यालयों के निपुण बालक और बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक नीरज कुमार और अभिषेक द्विवेदी ने किया। इस मौके एआरपी रितेश, अब्दुल मन्नान, जेपी रावत, सलाउद्दीन अंसारी, डॉ. एसएस श्रीवास्तव, अजय सोनकर, शिक्षक नेता ब्रजेंद्र, शशि प्रकाश श्रीवास्तव, जगदीश, आरबी सिंह, दिलीप गुप्ता, सन्तन श्रीमौली, के ज्योति, संगीता, पूनम मिश्रा, सना, हनी गुलाटी, केके यादव, सत्यभामा, डॉ मनोज, कमल, ऊषा, शिवानी सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### आंगनबाड़ी केन्द्रों को लर्निंगलैब के रूप में करे विकसितः डीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा विकास खण्ड राही के आंगनबाड़ी केन्द्र चकशहाबुद्दीन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय आंगनबाड़ी केन्द्र पर कायाकल्प के सभी 18 पैरामीटर्स पूर्ण पाए गए 3 से 6 वर्ष तक के 18 बच्चें उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने बच्चों से अक्षर ज्ञान व गिनती ज्ञान के सम्बन्ध में जानकारी ली। बच्चों द्वारा 2 अक्षर वाले शब्द जोड़कर पढ़कर सुनाए गये तथा पुलिस अधीक्षक के द्वारा बच्चों से गिनती सुनी गयी। निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र पर संतोषजनक स्थिति मिली आंगनबाड़ी केंद्र पर 3 से 6 वर्ष के 25, 7 माह से 3 वर्ष के 45 व गर्भवती 10 धात्री 07 पंजीकृत पाए गए। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड राही



में 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों को लर्निंगलैब के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये गये, जिससे बच्चों को आधुनिक सुविधा में उपलब्ध कराते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सके। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार, खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मीरा सोनकर, आंगनबाड़ी केन्द्र सहायिका सुमन देवी आदि उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओ ने प्रदर्शन कर अधिकारियो पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन रायबरेली।** शुक्रवार को बार एसोसिएशन अध्यक्ष की अगुवाई मे अधिवक्ताओ ने प्रदर्शन कर अधिकारियो पर भ्रस्टाचार का आरोप लगाया है। अधिवक्ताओं ने कस्बे के तहसील चौराहे से बस स्टेशन तक पैदल मार्च कर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 का विरोध प्रदर्शन किया।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लालता प्रसाद यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने इस दौरान विधेयक को वापस लेने की मांग की।अध्यक्ष ने बताया कि विधेयक में अधिवक्ताओं पर कई तरह के प्रतिबंध हैं और यह उनके खिलाफ एक ष्काला कानूनष् बनाने की योजना है।अधिवक्ताओ ने आरोप लगाया कि तहसील के लेखपाल, कानून-गो एवं उच्च अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।और जनता का शोषण कर रहे हैं।इस प्रदर्शन में अधिवक्ता मु0 तारिक, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, पवन श्रीवास्तव, राजीव द्विवेदी, सेवालाल गुप्ता, सन्त कुमार, के0बी0सिंह, कुलदीप त्रिपाठी, जगदीश प्रसाद मौर्या समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित होकर उन्होंने अपनी मांगों को जोरदार तरीके से रखा।

## आरेडिका में नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गाँधी का दौरा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद रायबरेली राहुल गाँधी तथा सांसद अमेठी केएल शर्मा ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली का दौरा किया। श्री गाँधी एवं शर्मा ने कोच फैक्ट्री के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान आरेडिका प्रशासन के द्वारा फैक्ट्री में उत्पादित होने वाले विभिन्न कोचों जैसे स्लीपर, एसी3 इकोनॉमिक, हमसफर, अन्त्योदय, एसी पेन्ट्रीकार, नॉन एसी चेयरकार, तेजस, राजधानी, भारत गौरव, मोजाम्बिक, वन्देभारत आदि के निर्माण के सभी चरणों के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ-साथ अन्य विषयों जैसे- पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, हरित ऊर्जा, कर्मचारियों की सुविधाओं एवं रेल कोच के विकास संबंधी कई मुददों पर चर्चा हुई। श्री गांधी ने भारतीय रेल को भारत का आधारभूत ढांचा और स्वदेशी तकनीक, स्वदेशी उत्पादन, कोच निर्माण में कार्य करने वाले रेलवे तथा संविदा कर्मचारियों की जानकारी ली। ज्ञात हो कि आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली की स्थापना सन 2007 में तत्कालीन सांसद रायबरेली श्रीमती सोनियां गाँधी के द्वारा की गई थी। श्री गाँधी ने सम्बोधन में कहा है कि रेलवे लोगों की मूलभूत आवश्यकता है तथा रेलवे में क्रांतिकारी बदलाव हुआ है। उन्होने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आरेडिका कोच के निर्माण कार्य में योगदान दे रहा है जबकि अधिकांश क्षेत्र में केवल ट्रेडिंग का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य ट्रेडिंग की तुलना में कठिन कार्य है क्योंकि इसमें डिजाइन, प्लानिंग, लॉजिस्टिक से जुडे सभी महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। समयाभाव के कारण इस बार फैक्ट्री भ्रमण नही कर सके लेकिन शीघ्र ही फैक्ट्री का भ्रमण करेंगे। विजिट के दौरान महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने सांसद राहुल गांधी को हमसफर रेल कोच का मॉडल प्रतीक स्वरूप भेंट किया।इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य इंजीनियर सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन

## जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज में उत्साहपूर्वक मनाया गया वार्षिकोत्सव वासंतिका

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव वासंतिका का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय कला संकाय की डीन प्रो.अनामिका रॉय, सम्मानित अतिथि के रूप में जगत तारन एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष प्रदीप मुखर्जी सम्मानित अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जगत तारन एजुकेशन सोसायटी के सदस्य अरिंधम घोष उपस्थित रहे।




कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से हुआ। इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.आशिमा घोष ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. अनामिका रॉय ने कहा कि जगत तारन महाविद्यालय की छात्राएं अत्यंत प्रबुद्ध हैं तथा उन्होंने महिलाओं की इस प्रबुद्धता के पीछे वैदिक काल से लेकर आज तक किये गए कठोर संघर्ष की सारगर्भित बातें बताई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के संगीत विभाग की छात्राओं ने रंगी सारी गुलाबी चुनरिया रे के माध्यम से डॉ.अंकिता चतुर्वेदी के निर्देशन में लोकगीतों के विविध रंगों की सुमधुर प्रस्तुति की तथा डॉ. फातिमा नूरी के निर्देशन में आशुतोष राणा की कविता काल और कल्कि का अभिनय पाठ किया। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि प्रदीप मुखर्जी ने छात्राओं को देश का भविष्य बताया।

इसके बाद महाविद्यालय में बी.ए., बी. कॉम. एवं एम.ए. में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं एवं खेलकूद में अग्रिम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं पदक प्रदान किए गए।

बी.ए. में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली प्रिया द्विवेदी एवं बी.काम. में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली रजनी तिवारी, एम.ए. अर्थशास्त्र में टॉप करने के लिए श्वेता केसरवानी, एम.ए. भूगोल के लिए स्मृति त्रिपाठी, हिन्दी के लिए अनन्या पाण्डेय एवं संस्कृत के लिए लक्ष्मी तिवारी को पुरस्कृत किया गया। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पलक और अनुष्का को श्रीमती कृष्णा चलवैजयन्ती सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक एवं बौद्धिक समिति की छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत एवं सम्मनित किया गया।

महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष प्रो. असीम मुखर्जी ने अध्यक्षीय वक्तव्य में महाविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मीनाश्री यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सांस्कृतिक क्रियाकलाप समिति की प्रभारी डॉ. नम्रता देव ने किया।

# हार्टफुलनेस कैंप में 28000 लोगों ने किया ध्यान



**फाफामऊ ।** माघ मेले में लगे हार्टफुलनेस कैंप में अभी तक 28000 लोगों ने ध्यान किया। हार्टफुलनेस संस्था के ग्लोबल गाइड कमलेश पटेल उर्फ़ दाजी के निर्देश पर मेले आए श्रद्धालुओं एवं कर्मचारियों को ध्यान कराया जा रहा है। कैंप में आए जिज्ञासुओं को ध्यान कराने के साथ-साथ संस्था के प्रशिक्षक एवं वॉलिंटियर विभिन्न कैंपों एवं मठों में जाकर ध्यान करा रहे हैं। कैंप के प्रबंधक मानिकचंद एवं शिवभान के अलावा अनेक प्रशिक्षक एवं वालंटियर इस कार्य को कर रहे हैं। अभी भी कैंप में यह कार्य लगातार जारी है। जिसका लाभ मिले में आए हुए लोग उठा रहे हैं।

# मार्च लगने के पहले गर्मी, चढ़ने लगा पारा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज )।** इस बार फरवरी महीना खत्म होने के पूर्व ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आमतौर पर इस समय तक हल्की ठंडक सुबह - शाम बनी रहती है लेकिन जैसे - जैसे सूर्य भगवान के दिखाई देते हैं वहीं ही अपनी गर्मी का तिव्र दिखने लगता है । इस साल मौसम ने अचानक करवट के बदलते ही दोपहर में धूप तीखी हो रही है । और सड़कों पर मार्च जैसी गर्मी महसूस की जा रही है।

मौसम विभाग के अनुसार, इस बार फरवरी में तापमान सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। दिन में तेज धूप और बढ़ती उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन, पश्चिमी विक्षोभ की कमी और बढ़ते प्रदूषण के कारण इस बार ठंड जल्दी खत्म हो गई । गर्मी ने समय से पहले दस्तक दे दी। इस मौसम में सुबह और रात में हल्की ठंड महसूस हो रही है । जबकि दोपहर में गर्म हवाएं महसूस हो रही हैं । मौसम के चढ़ाव - उतार के चलते सर्दी-जुकाम, गले में खराश और वायरल बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इस बदलते मौसम में इम्यूनिटी कमजोर होने से लोगों को सेहत से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

हल्की गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण लोग सुबह और शाम के समय घर से निकलना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। दोपहर में बाजारों और सड़कों पर चहल - पहल के बजाय कम हो रही है । वहीं, किसान इस समय सदमे में आ गए हैं। तापमान बढ़ने से दिक्कत हो रही है ।

असामान्य गर्मी को लेकर चिंतित हैं। गेहूं के फसलों पर तापमान के असर से उत्पादन पर भी प्रभाव पड़ सकता है।

कृषि विशेषज्ञ आशुतोष द्विवेदी का कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही तो आने वाले मार्च में तापमान और अधिक बढ़ सकता है। फरवरी के अंत तक दिन का तापमान 30 डिग्री से अधिक पहुंचने की संभावना है। यह गर्मी मार्च और अप्रैल के पिछले वर्षों की तुलना में पड़ने से लोगों को परेशान कर सकती है। गर्मी से बचने के लिए पानी और ठंडी और माठा जैसे चीजों का ज्यादा सेवन करें।

दोपहर की धूप से बचें । जबकि साठ वर्ष के बुजुर्ग और बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

फसलों की नियमित सिंचाई करें ताकि वे गर्मी के प्रभाव से बच सकें। वही गर्म मौसम में बोई गई सब्जी की खेतों में तीसरे दिन पानी से सिंचाई करना जरूरी है।

शरीर को हाइड्रेटेड रखें और हल्के, ढीले कपड़े पहनें । वही किसी कार्य से सुबह - शाम बाहर निकलने के पूर्व गर्म कपड़े पहने ताकि दिक्कत न हो। फरवरी के अंत में ही ऐसे हालात है तो मार्च , अप्रैल गर्मी किस हद तक बढ़ेगी, यह सोचकर ही लोग परेशान होने लगे हैं।

लोगों ने बताया कि विगत वर्ष की तुलना में इस साल बरसात कम होने से समय के पहले गर्मी अपनी तेवर दिखना शुरू कर दिया है। इस साल गर्मी पिछले वर्षों की तुलना में अधिक रहने की संभावना है, जिससे आम जनजीवन और कृषि दोनों पर असर पड़ सकता है।

# गेंहू की फसल नमी जरूरी समय पर करें कार्य-आशुतोष द्विवेदी



**लेड़ियारी ( प्रयागराज )** तापमान बढ़ने से समय पर बोआई की गई । किस्मों में कम से कम तीन बार सिंचाई करना चाहिए। जब तक गेहूं की फसल अच्छी तरह से तैयार न हो जाए। खेतों की नमी रहना आवश्यक है । जबकि सरसों में दूसरा पानी लगाएं । कृषि विशेषज्ञ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि नाईट्रोजन (यूरिया) खाद की अगर मात्रा शेष है । तो इस पानी के साथ डाल दें।यदि फसल में की कमी दिखाई दे तो उसमें 500 ग्रा. जिंक सल्फेट (21त्न) व 2.5 कि.ग्रा. यूरिया का घोल अलग-अलग बनाकर 100 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से स्प्रे करें।उन्होंने बताया कि मैंगनीज की कमी के कारण पत्तियों पर पीले रंग की धारिया पत्ती के सिरे से शुरू होकर नीचे की और बनती हैं। इसके लिए 500 ग्रा. मैगनीज सल्फेट 100 लीटर पानी में प्रति एकड़ की दर से उपयोग करें। सही समय पर बढ़ते तापमान से बचाव हो सके। गेहूं की पत्तियों पर हल्दी जैसा पाऊडर नजर आता है । तो यह पीला रतुआ रोग के लक्षण हैं,। इसकी रोकथाम के लिए 200 मि.ली. प्रोपीकोनाजोल 25त्न ई.सी. (टिल्ट) या मैंको जेब (डाईथेन एम-45) 800 ग्राम प्रति एकड़ का 200 लीटर पानी में मिलाकर डालने से वह गेहूं की फसल अच्छी तरह से अपने समय पर तैयार हो जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर 10 से 15 दिन के अन्तराल पर फिर दोबारा दवा का छीड़काव करना चाहिए ।

अगर गेहूं में बालियां निकलते समय झंडा पत्ता बालियों को निकलने में दिक्कत करे तो समझो मैंगनीज तत्व की कमी की वजह से ऐसा है । उसके लिए 500 ग्राम मैंगनीज सल्फेट 100 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ स्प्रे करें । सात दिन बाद एक बार उसमें उन गेहूं के फसलों पर दुबारा छिड़काव किया जाना जरूरी है ।

जबकि गेहूं बालियां निकालने लगे तो उस समय एनपीके 0~0~50 एक किलो या 13~0~45 भी ले सकते हैं। अचानक तेज तापमान से राहत मिलेगी और बोरोन 100 ग्राम प्रति एकड़ 150 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। गेहूं के दाने का आकार बढ़ेगा और अच्छा दाना तथा मोटा बनेगा । गर्मी के प्रति सहनशीलता बढ़ेगी । इससे उत्पादन भी अच्छा मिलेगा ।

# डिजिटल लाइब्रेरी व विवाह घर स्वीकृत होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष का हुआ सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोरांव(प्रयागराज)।** आज सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो कोरांव में प्रधानाचार्य अवधेश कुमार सिंह व विद्यालय के शिक्षकों द्वारा नगर पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी व विवाह घर स्वीकृत होने पर नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक आदरणीय गुलाब शंकर मिश्रा जी ने कहा कि अध्यक्ष जी ने हमेशा से संघर्षशील रहे हैं, अध्यक्ष जी की दूर दृष्टि ही है कि उन्होंने कोरांव के बच्चों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी स्वीकृत कराया, जिसके फलस्वरुप प्रयागराज या अन्य शहरों में पढ़ने जाने वाले क्षेत्रीय छात्रों की संख्या में कमी आएगी। साथ ही उन्होंने अध्यक्ष जी द्वारा विवाह घर कान्हा गौशाला अटल सरोवर वह वंदन योजना के तहत संस्कृत पाठशाला के सौन्दर्यीकरण की भी सराहना की उन्होंने कहा कि भगवान ने आपको मानव जीवन सेवा के लिए ही प्रदान किया है।शिक्षक अभयराज सिंह ने सराहनीय कार्य के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि कोरांव नगर का कोई कोना विकास से अछूता नही है। जहां लोग घुटनों तक किचन में चलकर जाते थे वहां आपने सड़क बनाकर लोगों को परेशानी से मुक्ति दिलाया। आपकी कर्मठता, लग्नशीलता की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। हम देख रहे हैं कि पिछले एक महीने से लगातार नगर पंचायत कार्यालय पर महाकुंभ में आ रहे हैं स्नानार्थियों का अतिथि देवो भव~ की तरह हर प्रकार से सेवा की जा रही है। शिक्षक यदुवीर सिंह ने कहा कि अध्यक्ष जी हमेशा शिक्षा के प्रति संवेदनशील रहे हैं, मुझे याद है कि 2015 में जब अपने क्षेत्र के सोमेश मिश्रा का चयन आईएएस में हुआ था उसे समय अध्यक्ष जी ने गुरुद्वारा प्रांगण में उनका सम्मेलन कराया था सम्मेलन इसलिए नहीं कराया कि हमारी जान पहचान हो बल्कि इसलिए कराया ताकि हमारे नगर व क्षेत्र के बच्चे उन्हें अग्रेसर के रूप में देखें और उनका अनुसरण करें उन्होंने कहा अध्यक्ष जी का सड़क, नाली, शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में कार्य साराहनीय रहा है।



प्रधानाचार्य अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय या नगर वासियों के लिए अध्यक्ष जी सरलता से उपलब्ध रहते हैं उन्होंने एक संस्मरण को याद करते हुए कहा कि एक बार हमारे मोहल्ले में सड़क पर मिट्टी की जरूरत थी हमारे कहने के दूसरे दिन ही सड़क पर मिटटी डलवा दिया गया। शिक्षा के प्रति बच्चों को प्रेरित करने के लिए अध्यक्ष जी ने हमारे विद्यालय के गरीब बच्चों की फीस निरंतर अपने द्वारा जमा करते हैं। इस मौके पर अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस सम्मान का असली हकदार नगर पंचायत की जनता है जिसने इस तरह कार्य करने के लिए हमें चुना उन्होंने कहा कि हमने जो कुछ भी सीखा है विद्यालय रूपी मंदिर से ही सीखा है । कार्य करने के लिए संघर्ष, धैर्य और सकारात्मक विचार विद्यालय रूपी मंदिर से ही प्राप्त हुआ है।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अनूप केशरी, सुमित कुमार पाण्डेय व विद्यालय के सम्मानित शिक्षक उपस्थित रहे।

# बोरा गोदाम में लगी आग, हजारों का हुआ नुकसान

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी थाना क्षेत्र के रीवा रोड चाका ब्लाक के सामने पटेल मार्केट स्थित बोरा के गोदाम में बुधवार की शाम एकाएक आग लग गई। जिसमें हजारों रुपए कीमती बोरा जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंची, कई घंटे लगातार मशक्कत करने के बाद आग को बुझाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को रीवा रोड चाका ब्लाक के सामने पटेल मार्केट स्थित बोरा गोदाम में एकाएक आग लग गई। आग की लपटे काफी ऊंचाई को चूमने लगी। इसी दौरान किसी ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। कई घंटे लगातार काफी मशक्कत करने के बाद आग को बुझाया गया। आग लगने से हजारों रुपए कीमती बोरा जलकर राख हो गया।

# जिला कारागार में सामूहिक रूप से बंदियो को कराया गया गंगा स्नान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी (प्रयागराज)।** कारागार मंत्री उत्तर प्रदेश की प्रेरणा से पुलिस महानिदेशक/ महा निरीक्षक कारागार, पुलिस उप महानिरीक्षक के दिशा निर्देशों के अनुक्रम में 21 फरवरी को जिला कारागार में बंदियो को सामूहिक रूप से स्नान कराने के उद्देश्य से संगम से गंगाजल लाकर गंगा स्नान कराया गया। इसके पहले बंदियो के द्वारा कलश स्थापित कर विधि- विधान पूर्वक पूजन- अर्चन किया गया। मंत्र उच्चार एवं मां गंगे के उद्घोष से समूचा कारागार परिसर गूंज उठा ।इस मौके पर जिला कारागार वरिष्ठ अधीक्षक श्रीमती अमिता दुबे, प्रशिक्षु अधीक्षक सुश्री प्रीति यादव, उप कारापाल सौरभ सिंह यादव, उप कारापाल किशन स्वरूप दिवाकर, उप कारापाल विजय प्रसाद, उप कारापाल श्रीमती बेबी अवस्थी, उप कारापाल सुशील श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट उपेंद्र कुमार पांडेय, गिरीश चंद्र मिश्रा के साथ-साथ कारागार के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गोपाल विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में छात्र छात्राओं की नम हुई आँखें

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोरांव(प्रयागराज)।** गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज अंग्रेजी माध्यम कोरांव प्रयागराज में इण्टरमीडिएट के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अध्यापक अध्यापिकाओं और छात्र छात्राओं ने नम आंखों से अपने भाव व्यक्त किए। कार्यकम में उपस्थित प्रधानाचार्य डॉक्टर साबिर अली और उप प्रधानाचार्य डॉक्टर कमलेश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में बताया कि अनुशासन जीवन को महान बनाता है और अनुशासन में रहने पर बिगड़े काम भी बन जाते हैं। विदाई समारोह में विभागाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव ने समस्त छात्र छात्राओं को तिलक लगाया और मुंह मीठा कराकर दही खिलाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोविन्द मिश्रा ने छात्र छात्राओं को बताया कि आप लोगों के संघर्ष का पड़ाव अब शुरू हुआ है जहां आपको खुद अपनी जिम्मेदारी समझनी है। अब आप लोगों को कोई डांटने वाला नहीं होगा अपने अच्छे बुरे की खुद पहचान करनी होगी। कार्यक्रम का कुशल संचालन विवेक उपाध्याय ने किया।




विदाई समारोह में कृष्ण भान, बालमुकुंद मिश्र, नवीन दुबे, मिथिलेश सिंह, पवन त्रिपाठी, सुरेन्द्र पाल, अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, अमन सिंह, अशोक कुमार पांडेय, वेद शर्मा, संतराम आदि समस्त अध्यापक अध्यापिका के साथ अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में योगेश पाण्डेय भगेसर उपस्थित रहे।

# मार्ग पर गिट्टी डालकर डामरीकरण नहीं हुआ

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** कोलसरा गांव में डिनर बस्ती से स्कूल तक जाने वाली मार्ग पर एक माह पूर्व कार्यदायी गिट्टी डालकर डामरीकरण करना भूल गए जिम्मेदार जिससे आने - जाने वाले नौनिहाल अक्सर गिरकर चोटिल हो रहें हैं। लोगों ने इसकी शिकायत दर्ज कराई लेकिन आज तक नहीं बनाएं जाने से छात्र - छात्राओं को दिक्कत उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मोहन लाल के घर से संविलयन विद्यालय परिसर तक एक माह पूर्व गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। जिससे आने जाने - वाले बस्तियों के लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। जबकि दो पहिया वाहन चालक अक्सर गिर जाते हैं। तो परिजनों को सूचना मिलने पर उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल जाना पड़ता है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई दफा संबंधित विभाग को शिकायत दर्ज कराई गई। लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।



लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत कोलसरा के ग्राम सभा से लाखों रुपये की लागत से सात सौ मीटर तक यह सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जबकि सड़क बनाने का धन तो आया लेकिन प्रधान ने धन निर्गत के बाद भी सड़क नहीं बनवाया जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान उक्त धन को निकालकर बंदर बांट कर लिए जाने से डिनर बस्ती मार्ग अधूरा पड़ा हुआ है। जिससे स्कूल तक बच्चों को कठिनाइयों से जूझते हैं।

# जिसके पास गाय और भूमि है उसे कभी हाथ नहीं फैलना पड़ता

**नैनी(प्रयागराज)।** जिस मनुष्य के पास गाय और भूमि है उसे कभी किसी के सामने हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। गाय की सेवा करना मां की सेवा करना है। भगवान श्री कृष्ण ने भी गाय माता की बहुत सेवा की थी। यह बातें गंगोत्री नगर स्थित वैष्णव वाटिका में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास राधिका देवी दास ने कही।



उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अनतार लेकर धर्म की रक्षा की है। भगवान श्रीकृष्ण ने पूतना का वध करके यही संदेश दिया है। अपनी अंगूली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर इंद्र के अहंकार का मर्दन किया था। इस अवसर पर बालकृष्ण द्विवेदी, संतोष पांडेय, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, विजय शंकर पांडेय, हरिहर प्रसाद श्रीवास्तव, शारदा प्रसाद यादव, अशोक कुमार गुप्ता, विजय नाथ मिश्र, राजेश कुमार श्रीवास्तव, रण बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संशोधन अधिनियम का जमकर विरोध

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ।** अधिवक्ता संघ तहसील फूलपुर ने केंद्र सरकार द्वारा पारित अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में काली पट्टी बांधकर जहां पूरे प्रदेश में उक्त अधिनियम का जोरदार विरोध हुआ । वही फूलपुर तहसील में भी अध्यक्ष शिवपूजन तिवारी के नेतृत्व में उक्त बिल का अधिवक्तागण ने जमकर विरोध करते हुए एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा गया। जहां प्रदेश भर में अधिवक्तागण इस काले कानून का विरोध कर रहे हैं। वही फूलपुर तहसील में भी सभी अधिवक्ताओं ने कहा कि यह बिल पूरे अधिवक्ता समाज के लिए कुठाराघात है।



जिसे अधिवक्ता समाज किसी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। अधिवक्तागण आशान्वित है, सरकार अधिवक्ता हित को ध्यान में रखकर उक्त बिल वापस करेगी। इस मौके पर उमाकांत अवस्थी एडवोकेट देवेश कुमार यादव महामंत्री भोलानाथ यादव राकेश कुमार यादव कुलदीप सिंह वीरेंद्र प्रताप सिंह के अलावा काफी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# समेकित शिक्षा के अन्तर्गत नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**घूरपुर (प्रयागराज)।** समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समेकित शिक्षा के तहत आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को विकासखंड जसरा के बीआरसी में पूर्ण हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी जसरा अखिलेश वर्मा की देखरेख में परिषदीय विद्यालयों के 60 नोडल टीचर्स का प्रशिक्षण 17 से 21 फरवरी तक बीआरसी के सभागार में दिया गया। इसमें दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए विभिन्न आयाम, सुविधाओं, उपकरण का प्रयोग व शैक्षिक गतिविधियों को कराया गया। स्पेशल एजुकेटर अरविंद मिश्र, ममता सोनकर व संध्या तिवारी ने समर्थ, स्कॉट एलाउंस, स्टाइपेंड, होम बेस्ड एजुकेशन आदि के बारे में बताया। प्रशिक्षण में बीआरसी जसरा के एआरपी सतीश कुशवाहा, जितेंद्र मिश्र, प्रमोद मिश्र, गिरीश सिंह, लक्ष्मी सागर आदि ने सहयोग प्रदान किया।



# शुआट्स में आईसीपीसी के सहयोग से उच्च स्तरीय राजनीतिक शिखर सम्मेलन का समापन

**नैनी ( प्रयागराज )।** अंतर्राष्ट्रीय कैंसर रोगी गठबंधन (आईसीपीसी) और शुआट्स, प्रयागराज द्वारा आयोजित 'समान कैंसर देखभाल के लिए राजनीतिक नेतृत्व को आगे बढ़ाना' विषय पर उच्च स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार को उच्च स्तरीय पैनलों और साझेदारी के माध्यम से स्थायी कैंसर देखभाल के निर्माण के लिए कार्रवाई योग्य रूपरेखा विकसित करने और कैंसर में नैतिक और रोगी-केंद्रित नवाचारों और व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल के लिए रणनीतियों की परिकल्पना करने के लिए रणनीतिक चर्चाओं के साथ संपन्न हुआ।

फ्रांस के इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) के प्रयोगशाला सेवाओं और बायोबैंकिंग के प्रमुख डॉ. ज़िसिस कोज़लाकिडिस ने कहा, कि कैंसर अनुसंधान में बायोबैंकिंग परिदृश्य अत्यधिक खंडित है, जिसमें उत्कृष्टता के द्वीप शामिल हैं। बर्सीलोना यूनिवर्सिटी स्पेन के प्रो. करीम लेकादीर ने सुरक्षित और सुलभ कैंसर देखभाल के लिए भरोसेमंद कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक को किफायती बताया और कहा, कि इसके साईड इफेक्ट भी कम होते हैं। डॉ. राधा रानी ने कहा, कि सरकारी एजेंसियों द्वारा प्रेरक समूहों और बेहतर सार्वजनिक जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रम के साथ मिलकर किए गए एकीकृत प्रयास से हमें इस विशाल देश में कैंसर नियंत्रण के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी, उन्होंने कहा, कि एमबीबीएस अध्ययन पाठ्यक्रम में ऑन्कोलॉजी को शामिल किया जाना चाहिए। डॉ. दो हुएन नगा, चिकित्सा हेमेटोलॉजिक मैलिग्नेंसी विभाग के प्रमुख, राष्ट्रीय कैंसर अस्पताल, वियतनाम, और डॉ. बी.एस. श्रीनाथ, श्री शंकर कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, बैंगलोर में वरिष्ठ सलाहकार सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और संस्थान के प्रमुख (प्रबंध ट्रस्टी) ने 'अभिनव फंडिंग मॉडल और क्षमता निर्माण रणनीतियों पर प्रकाश डालना' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया, कि प्रभावी कैंसर अनुसंधान सुनिश्चित करने के लिए, फंडिंग मॉडल को रणनीतिक क्षमता निर्माण, लचीलापन और नवाचार को बढ़ावा देने का समर्थन करना चाहिए। ऐसी नीतियां जो धन का उचित वितरण सुनिश्चित करती हैं, अनुदान आवेदनों को सरल बनाती हैं, और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देती हैं, अनुसंधान दक्षता को बढ़ावा दे सकती हैं और नैदानिक सेटिंग्स में खोजों के अनुप्रयोग में तेजी ला सकती हैं।डॉ. बी. पॉल थलियाथ, अतिरिक्त निदेशक, क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, कमला नेहरू मेमोरियल अस्पताल, प्रयागराज, डॉ. सुधेंदु शेखर, निदेशक, ऑन्कोलॉजी सिग्नस अस्पताल, वाराणसी, डॉ. सोनिया तिवारी, कैंसर विशेषज्ञ, कमला नेहरू मेमोरियल अस्पताल प्रयागराज, डा. मैन्डी थू, उप निदेशक, नेशनल कैंसर सोसायटी, मलेशिया ने कैंसर देखभाल में नैतिक और रोगी-केंद्रित नवाचारों पर अपने विचार साझा किए हैं।फिलीपीन जनरल हॉस्पिटल में पैलिएटिव केयर स्पेशलिस्ट डॉ. मारिकार सबेनियानो, नेपाल के देवदाहा मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. शांता शर्मा, रोमानिया के क्लुज-नेपोका के ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट में पब्लिक हेल्थ एंड मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट डॉ. डेलिया निकोरा और प्रयागराज के त्रिशला फाउंडेशन की सचिव पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. वरिदमाला जैन ने पब्लिक हेल्थ और पर्सनलाइज्ड हेल्थकेयर पर चर्चा की। जीनोमिक्स, डेटा एनालिटिक्स और प्रिसिजन मेडिसिन में प्रगति पब्लिक हेल्थ स्ट्रैटेजी को अधिक लक्षित बनाने की अनुमति देती है, जो समुदाय की जरूरतों और व्यक्तिगत स्वास्थ्य जोखिमों दोनों को संबोधित करती है। दोनों दृष्टिकोणों को एकीकृत करके, हेल्थकेयर सिस्टम बीमारी की रोकथाम को बढ़ा सकते हैं, उपचार की प्रभावशीलता में सुधार कर सकते हैं। सम्मानित संसद सदस्यों और विधान सभा सदस्यों ने वैश्विक सहयोग के माध्यम से कैंसर देखभाल में समानता को बढ़ावा देने के लिए हितधारकों की प्रतिबद्धता की सराहना की। प्रयागराज के शहर उत्तरी विधायक इं. हर्षवर्धन बाजपेयी ऑनलाइन इस सम्मेलन में शामिल हुए और कैंसर देखभाल और रोकथाम के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों द्वारा दिए गए सुझावों की सराहना की। शुआट्स कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेंद्र बी. लाल ने समापन भाषण दिया। शिखर सम्मेलन इस मायने में उल्लेखनीय है, अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन नवंबर 2025 में और भी बड़े पैमाने पर आयोजित होगा, जिसमें सहयोग और प्रभाव को बढ़ाने के लिए नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, रोगी अधिवक्ताओं, उद्योग प्रतिनिधियों और शोधकर्ताओं के सहयोग से विकसित फ्रेमवर्क को क्रियान्वित किये जाने की पहल होगी।

# अगले चार साल में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा उत्तर प्रदेश - मुख्यमंत्री

**▶▶ हर सेक्टर में महिलाओं को मिले रोजगार**

**▶▶ महाकुम्भ से मिलेगा प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ का योगदान**



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये की थी, जो इस वित्त वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2029 तक एक ट्रिलियन डॉलर का हो जाएगा।समाजवादी पार्टी की सदस्य डॉ. रागिनी सोनकर के सवाल के जवाब में आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं। भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है। हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे। सच्चाई यह है कि देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वे आश्वस्त करना चाहते हैं कि वर्ष 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी भी बनेगा और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा।योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 10 प्रमुख क्षेत्रों को चिह्नित किया है। इन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, नगरीय विकास, राजस्व संग्रह, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और सेवा क्षेत्र शामिल हैं। प्रत्येक सेक्टर की मासिक समीक्षा की जाती है और मुख्यमंत्री स्वयं तिमाही समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को जमीन पर उतारा जा चुका है। कई उद्योगों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। इस निवेश से 60 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।उन्होंने कहा कि यह वही प्रदेश है जहां सीडी रेशियो 44 प्रतिशत था। आज यह 60 प्रतिशत क्रॉस कर चुका है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश का पैसा आज उत्तर प्रदेश में लग रहा है। यह रिजर्व बैंक की ही रिपोर्ट है कि पिछली पंचवर्षीय योजना में उत्तर प्रदेश देश का वो पहला राज्य है जिसने बैंको से सबसे अधिक लेन देन किया। जनधन अकाउंट उसके उदाहरण हैं। जिनका कभी बैंक में अकाउंट नहीं था आज उनके अकाउंट में लाखों रुपये जमा हैं। आज उनके अकाउंट में लाखों करोड़ रुपये उन बैंकों में जमा हैं इस बात का उदाहरण है कि व्यक्ति की क्रय करने की सामर्थ भी और जमा करने की सामर्थ भी बड़ी है यह प्रधानमंत्री मोदी के विजन के कारण संभव हो पाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित करने वाला राज्य बन चुका है। पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण यह सेक्टर बदहाल हो गया था, लेकिन वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के माध्यम से इसे पुनर्जीवित किया गया। कोविड काल में वापस लौटे 40 लाख प्रवासी श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर उन्हें एमएसएमई सेक्टर से जोड़ा गया, जिससे दो करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला। योगी ने बताया कि 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 'सीएम युवा उद्यमी योजना' शुरू की गई, जिसके तहत 5 लाख रुपये तक के बैंक ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। योजना के पहले चरण में 5 लाख रुपये और दूसरे चरण में 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। अब तक 96 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के अनुपूरक प्रश्न पर नेता सदन योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसानों की हालत 2017 से पहले बेहद खराब थी। आज किसान आत्महत्या नहीं कर रहा, बल्कि अपनी उपज का डेढ़ गुना मूल्य पा रहा है। धान की खेती में किसानों को प्रति क्विंटल 2300 रुपये मिल रहे हैं, जबकि लागत 1100 रुपये आती है। इसी तरह गेहूं पर भी सरकार किसानों को दोगुना मूल्य दे रही है। गन्ना किसानों के भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज किसानों को एक सप्ताह के भीतर भुगतान मिल रहा है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य बन चुका है और एथेनॉल उत्पादन में भी शीर्ष स्थान पर है। सरकार ने दलहन और तिलहन के लिए भी विशेष योजनाएं शुरू की हैं, जिससे किसानों की आमदनी में वृद्धि हो रही है।योगी ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को स्वावलंबन के दिशा में जो कार्य हुए हैं उसमें अकेले उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में 20त्न भार्ती अनिवार्य रूप से की गई है। हर एक सेक्टर में उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। सीएम योगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आप लोगों लगता है कि यूपी 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य नहीं हासिल कर पाएगा तो यह आपकी दुर्भावना हो सकती है, लेकिन सरकार की सद्भावना है कि उत्तर प्रदेश 5 वर्ष में इस टारगेट को अचीव करेगा। संसाधनों से भरपूर उत्तर प्रदेश को प्रकृति और परमात्मा की कृपा से ओतप्रोत इस उत्तर प्रदेश को जिसको आप लोगों ने समाजवादी पार्टी की सरकार ने और विपक्षी दलों की सरकार ने देश के बीमारू राज्यों की श्रेणी में लाकर के खड़ा कर दिया था, यह देश की छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा किया था, इन संसाधनों का हम भरपूर उपयोग कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था से उभरकर देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2029 तक उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनकर देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2023 में 65 करोड़ पर्यटक राज्य में आए और महाकुंभ में अकेले 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के इस पोटेंशियल को जिसको देश और दुनिया आज देख रही है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का आयोजन उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देगा।

# महाकुम्भ ने साबित कर दिया कि सनातन ही विश्व का भविष्य है - हिमंत बिस्वा सरमा



**● असम के मुख्यमंत्री सरमा ने परिवार सहित संगम में लगाई आस्था की डुबकी**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा परिवार सहित शुक्रवार को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचे और संगम में डुबकी लगाई। इस अवसर पर डॉ. सरमा ने कहा कि कुम्भ में स्नान करना बहुत बड़ा सौभाग्य है। परमात्मा को बहुत-बहुत आभार कि उन्होंने हमें स्नान करने का मौका दिया। कुशलता के साथ मेला प्रबंधन किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूरे प्रशासन को वे धन्यवाद देते हैं।डॉ. सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में फिर एक बार भारत की सनातन सभ्यता एवं संस्कृति उभर कर विश्व के सामने आई है। ये महाकुम्भ ने साबित कर दिया है कि सनातन ही अतीत है, सनातन ही वर्तमान है और सनातन ही विश्व का भविष्य है।संगम में स्नान के बाद मुख्यमंत्री सरमा ने अपने एक्स अकाउंट पर दो पोस्ट शेयर किये। उन्होंने हिंदी में लिखा, %%तीर्थराज प्रयागराज में परिवार सहित त्रिवेणी संगम स्नान करने का अपार सौभाग्य प्राप्त हुआ। जब तक सूरज-चांद रहेगा, तब तक सनातन धर्म रहेगा।

हर हर महादेव।अंग्रेजी में लिखे दूसरे पोस्ट में सरमा ने लिखा कि आज संगम में स्नान के अनुभव का वर्णन करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। यह सिर्फ नदियों का संगम नहीं है- यह करोड़ों संतानियों की आस्था, आध्यात्मिकता और विरासत का संगम है।

# प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ पहुंचकर परखी व्यवस्था, दिये निर्देश

**● महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान की तैयारी में जुटी योगी सरकार**

**● बेहतर यातायात और भीड़ प्रबंधन के लिए व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश**

**● बोले डीजीपी, सोशल मीडिया पर महाकुम्भ को लेकर भ्रामक जानकारी पोस्ट करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त**

**● हमारा प्रयास कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को न हो किसी प्रकार की असुविधा - डीजीपी**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** योगी सरकार आगामी 26 फरवरी को होने जा रहे महाशिवरात्रि के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ नगर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि हम बेहतर यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन अंतिम स्नान के साथ ही सप्ताहांत यानी शनिवार रविवार के लिए व्यवस्था कर रहे हैं।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। सोशल मीडिया पर महाकुम्भ को लेकर माहौल बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास में लगे तत्वों पर भी योगी सरकार कड़ी नजर रख रही है। हम लगातार इस पर नजर रख रहे हैं और हमने एफआईआर भी दर्ज की हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि अबतक पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने नाव से संगम घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को परखने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।बता दें कि पवित्र मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के संगम तट पर आयोजित विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ में अबतक करीब 59 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगा ली है। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुम्भ अब अपने अंतिम चरण में है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर आखिरी महत्वपूर्ण स्नान का आयोजन होना है, जिसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार ने कमर कस ली है। महाकुम्भ में प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। इनमें सनातन धर्म की विभिन्न शाखाओं, मत-सम्प्रदाय से जुड़े साधु-संतों सहित देश के हर कोने से आस्थावान सनातनी संगम में स्नान की कामना लेकर प्रयागराज पहुंचे। इसके अलावा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री, भूटान नरेश, विदेशी राजनयिकों, देश के दिग्गज उद्योगपतियों समेत फिल्मी दुनिया के नामचीन सितारों ने भी संगम में आस्था की डुबकी लगाई है।

# महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक-सीआर पाटिल

**महाकुंभ नगर,(हि.स.)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शुक्रवार को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे और त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगायी। उन्होंने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का पूजन किया।इस अवसर पर पाटिल ने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। यहां आकर भारतीय संस्कृति की दिव्यता और भव्यता का साक्षात दर्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक शक्ति का वैश्विक मंच पर भव्य प्रदर्शन हो रहा है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि विश्व बंधुत्व और भारतीयता का अमिट प्रतीक भी है। सनातन संस्कृति के इस महासंगम में लाखों श्रद्धालु अपनी आस्था की डुबकी लगा रहे हैं और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक चेतना का जीवंत स्वरूप है। यह भारतीय परंपराओं, अध्यात्म और सनातन संस्कृति की अद्भुत झलक प्रस्तुत करता है।

# त्रिवेणी के अमृत जल से स्नान कर पुण्य के भागीदार बने प्रदेश की जेलों में बंद कैदी

**● प्रयागराज की दोनों जेलों में 2400 से अधिक कैदियों ने किया त्रिवेणी जल से स्नान**

**● पावन जल का पुण्य स्नान कर भाव विभोर हुए कैदी, जेल के अंदर गूंजा हर हर गंगे का उद्घोष**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए संगम आने वालों का आंकड़ा 59 करोड़ पहुंच गया है। इस अमृत काल में पुण्य की डुबकी से कोई छूट न जाए, सभी की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए योगी सरकार ने प्रदेश की जेल में बंद कैदियों के लिए भी बड़ी पहल की है। प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल और जिला जेल के हजारों कैदियों को भी इसका अवसर मिला। यह पावन अवसर पाकर कैदी भाव विभोर हो गए।प्रयागराज महाकुम्भ में पुण्य की डुबकी लगाने को उमड़ रहे आस्था के जन सैलाब ने अब तक के सभी पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रशासन द्वारा आज जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक महाकुम्भ में करीब 59 करोड़ लोग संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। योगी सरकार ने प्रदेश में जेल में बंद कैदियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए अब उन्हें भी इस पुण्य के भागीदारी बनने का अवसर दिया है। प्रदेश की सभी 62 जेलों के कैदियों ने त्रिवेणी के पुण्य जल से स्नान किया है। इसके लिए जेल के अंदर ही बड़े-बड़े हौज बनाए गए, जिसमें त्रिवेणी से लाया गया पवित्र जल मिलाया गया। इसी जल से स्नान कर जेल में बंद कैदी भी पुण्य के भागीदारी बने हैं। प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल में भी इसके लिए भव्य व्यवस्था की गई। नैनी जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल बताते हैं कि नैनी जेल में इस समय 1700 से कैदी है इन्हें 1400 से अधिक कैदियों को त्रिवेणी के पावन जल से स्नान का अवसर मिला है। शासन के निर्देश पर त्रिवेणी से एक कलश में वहां का पावन जल लाया गया। जेल के अंदर विधि विधान से उसका पूजन किया गया और फिर इसी जल को जेल के अंदर बनाए गए कुंड में डाल दिया गया। इसी जल से जेल के कैदियों ने पुण्य स्नान किया है।प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल के अलावा जिले की जिला जेल के बंदियों को भी अमृत काल में संगम के पुण्य जल से स्नान का पुण्य लाभ अर्जित करने का अवसर मिला। प्रयागराज जिला जेल की वरिष्ठ अधीक्षक अमिता दुबे बताती हैं कि जेल में वर्तमान में 1300 से अधिक बंदी हैं।

# लखनऊ बार एसोसिएशन का एडवोकेट एक्ट संशोधन बिल 2025 के विरोध में प्रदर्शन



**लखनऊ,(हि.स.)।** लखनऊ बार एसोसिएशन एडवोकेट एक्ट संशोधन बिल 2025 के विरोध में हैं। अपनी नाराजगी जताते हुए भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर एकत्र होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की है। पहले वे सभी विधान भवन का घेराव करने जा रहे थे, लेकिन सत्र चलने की वजह से पुलिस ने बैरिकेडिंग के जरिए सभी को रोक दिया। इस दौरान पुलिस और अधिवक्ताओं की तीखी नोंकझोक भी हुई।लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश तिवारी और महासचिव बृजभान सिंह 'भानू' ने कहा कि प्रस्तावित कानून अधिवक्ता विरोधी है। इसके विरोध में एसोसिशन आज न्यायिक कार्य से विरत रहे और गांधी प्रतिमा पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दिखायी दिए। अधिवक्ता पहले विधान भवन का घेराव करने जा रहे थे, लेकिन यहां पर पहले से ही तैनात पुलिस कर्मियों ने सत्र चलने की बात कहते हुए सभी को रोका। इस दौरान वकील और पुलिस के बीच धक्का मुक्की हुई। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह बिल उनके अधिकारों और स्वतंत्रता को सीमित करेगा। इसके विरोध में कलेक्ट्रेट से लेकर गांधी प्रतिमा तक पैदल मार्च निकाला है। सरकार से मांग है कि इस प्रस्ताव को जल्द से जल्द वापस ले। प्रदर्शन को देखते हुए लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट अलर्ट है। लखनऊ के अलावा प्रदेश के सभी जिलों में इस बिल का विरोध हो रहा है।

# कांग्रेस ने भाजपा की बी टीम बनकर दिल्ली चुनाव लड़ा- मायावती



**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राहुल गांधी को सलाह देते हुए कहा कि वे पहले अपने गिरेबान में झांककर देखे तो अच्छा होगा। मायावती ने आरोपलगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा।मायावती ने शुक्रवार को सोशलमीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि लोगों में यह चर्चा आम है कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आमचुनाव में इस बार भाजपा की 'बी' टीम बनकर चुनाव लड़ा। इसके कारण भाजपा दिल्ली की सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाई। बसपा प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सर्वेसर्वा राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर व ख़ासकर हमारे ऊपर अंगुली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी जरूर झांक कर देखना चाहिए तो यह बेहतर होगा।

# महाशिवरात्रि को तीन करोड़ श्रद्धालु करेंगे संगम में स्नान



**महाशिवरात्रि के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से तैयार**

**लखनऊ,।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ का भव्य आयोजन करते वाली उत्तर प्रदेश सरकार अब महाशिवरात्रि के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने महाशिवरात्रि को लेकर अपने विभागों के उच्च अधिकारियों को तमाम आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। इसमें महाशिवरात्रि के दिन विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, प्रयागराज सहित प्रदेशभर से वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर दर्शनार्थ 12 सौ अतिरिक्त बसें चलाने, बड़े शिवालयों के आसपास पर्याप्त स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था रखने को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश मिले हैं।बता दें कि महाकुंभ के अंतिम पुण्य स्नान की तिथि महाशिवरात्रि ही है।

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज की पवित्र धरती पर चल रहे विश्व के सबसे बड़े मेले महाकुम्भ में देश–दुनिया के श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी है। अभी महाकुम्भ के अंतिम स्नान को पांच दिन बचे हैं, लेकिन शुक्रवार को सुबह से ही यहां ऐसे हालात हैं मानो स्नान पर्व का दिन हो। शुक्रवार दोपहर 2 बजे तक 84 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। महाकुम्भ के तीन अमृत स्नान और दो विशेष पर्व स्नान पर श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से अनुमान लगाया जा रहा है कि महाशिवरात्रि को अंतिम स्नान के दिन ढाई से तीन करोड़ श्रद्धालु संगम में पुण्य की डुबकी लगा सकते हैं। बता दें, 45 दिन के मेले में प्रतिदिन औसतन 1.52 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है।मुख्य स्नान पर्वों पर बढ़ी भीड़ ¬ महाकुम्भ की शुरूआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हुई। इस दिन 1.70 करोड़ ने संगम में पुण्य की डुबकी लगायी थी। इस स्नान के अगले ही दिन 14 जनवरी को मकर संक्रांति को प्रथम अमृत स्नान था। इस दिन 3.50 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाकर पुण्य की भागी बनें। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन दूसरा अमृत और महाकुम्भ का तीसरा स्नान था। इस दिन दुखद हादसा भी पेश आया था, जिसमें 30 श्रद्धालु जान गंवा बैठे थे। दूसरे अमृत स्नान के दिन 7.64 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 03 फरवरी बसंत पंचमी को तीसरा और अंतिम अमृत स्नान था। इस दिन 2.57 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाने प्रयागराज पहुंचे। 12 फरवरी माघ पूर्णिमा के दिन महाकुम्भ का पांचवां स्नान सम्पन्न हुआ। इस दिन 2.04 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। इसी दिन स्नान दान के साथ एक महीने से चले आ रहे कल्पवास का भी समापन हुआ।महाशिवरात्रि पर ढाई से तीन करोड़ श्रद्धालुओं का अनुमान ¬ तीन अमृत स्नान और दो विशेष पर्व स्नान पर श्रद्धालुओं का आंकड़ा देखकर ऐसा अनुमान है कि महाकुम्भ के महाश्विरात्रि पर होने वाले अंतिम स्नान पर ढाई से तीन करोड़ श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगाकर पुण्य कमाएंगे। सड़क, रेल और हवाई मार्ग के रास्ते तमाम परेशानियां उठाकर श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं।बसंत पंचमी के बाद भीड़ कम नहीं हुई ¬ प्राय¬ यह माना जाता कि बसंत पंचमी के स्नान के बाद मेले में भीड़ कम हो जाती है। क्योंकि बसंत पंचमी को अमृत स्नान के बाद अखाड़े अपने अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ।

3 फरवरी को बसंत पंचमी के स्नान के दो दिन बाद तक भीड़ थोड़ी कम रही। लेकिन 6 फरवरी से श्रद्धालुओं का जो रेला प्रयागराज पहुंचना शुरू हुआ, वो अब तक लगातार जारी है। 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा के स्नान में 2.04 करोड़ शामिल हुए थे। 13 फरवरी को 85.46 लाख, 14 फरवरी को 96.98 लाख, 15 फरवरी को 1.36 करोड़, 16 फरवरी को 1.49 करोड़, 17 फरवरी को 1.35 करोड़, 18 फरवरी को 1.26 करोड़, 19 फरवरी को 1.08 करोड़, 20 फरवरी को 1.28 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में डुबकी लगायी।58 करोड़ कर चुके स्नान ¬ मेला खत्म होने के 5 दिन और बचे हैं। दोपहर 2 बजे तक 84.41 लाख श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया। अब तक करीब 58.71 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। प्रतिदिन संगम पहुंचने वालों की संख्या के हिसाब से महाशिवरात्रि तक संगम पर स्नान करने वालों की संख्या 65 करोड़ के आंकड़े को पार कर नया इतिहास बनाएगी। आज शुक्रवार से महाकुम्भ में भीड़ बढ़ेगी, क्योंकि यह आखिरी वीकेंड है।

**सीमए योगी ने दिए निर्देश** – सीएम योगी ने गुरुवार को महाकुम्भ से जुड़े अफसरों के साथ मीटिंग की। कहा-बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम आ रहे हैं। व्यवस्था में चूक की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। ऐसी व्यवस्था बनाएं कि श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े।अमृत और विशेष पर्व स्नान पर श्रद्धालु की संख्या ¬13 जनवरी (पौष पूर्णिमा, महाकुम्भ की शुरूआत) को 1.70 करोड़14 जनवरी (मकर संक्रांति, प्रथम अमृत स्नान) को 3.50 करोड़29 जनवरी (मौनी अमावस्या, दूसरा अमृत स्नान) को 7.64 करोड़03 फरवरी (बसंत पंचमी, तीसरा और अंतिम अमृत स्नान) को 2.57 करोड़12 फरवरी (माघ पूर्णिमा) को 2.04 करोड़

## संक्षिप्त खबरें

### बीटेक स्टूडेंट ने किया सुसाइड

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब क्षेत्र में बीटेक सेकेंड ईयर के स्टूडेंट ने हॉस्टल में सुसाइड कर लिया। मृतक मऊ के मुबारक पुर घोसी का रहने वाला था। घटना शुक्रवार सुबह की है। उसकी आज प्रैक्टिकल परीक्षा होनी थी। सुबह 8 बजे जब साथी छात्रों ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद छात्रों ने हॉस्टल मालिक और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो अजय छत के पंखे से रस्सी के सहारे लटका मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और परिजनों को सूचना दी। फॉरेंसिक टीम ने मौके की जांच की। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने छात्र का मोबाइल और लैपटॉप जब्त कर लिया है। इंस्टीट्यूट के अनुसार अजय पढ़ाई में तेज छात्र था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### लोहा चोरी के आरोप में 2 गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ के बंथरा क्षेत्र में कानपुर एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है। पीएनसी कंपनी के ही कर्मचारियों ने ढाई-ढाई टन वजन के दो ग्रिलेज बीम चोरी कर लिए। कंपनी के लाइजन ऑफिसर सर्वजीत सिंह ने बताया कि 9 फरवरी को यह चोरी हुई थी। जांच में पता चला कि कंपनी के कर्मचारी किशन गुप्ता, सर्वेश सिंह और रजब ने मिलकर बीम चोरी किए। इन्होंने चोरी का सामान अहिमा मऊ मुर्गी मंडी के पास स्थित इमरान कबाड़ी को बेच दिया। खोजबीन के दौरान किशन गुप्ता और सर्वेश सिंह को एक ग्रिलेज बीम के साथ पकड़ा गया। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी हाइड्रा की मदद से बीम को ट्रेलर में लोड करके ले गए थे। पुलिस ने ट्रेलर को भी जब्त कर लिया है। हालांकि ट्रेलर का ड्राइवर रजब मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सर्वजीत की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। बरामद ग्रिलेज बीम और ट्रेलर को कब्जे में ले लिया गया है। किशन गुप्ता और सर्वेश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि बंथरा इलाके में कानपुर एलिवेटेड रोड का निर्माण पीएनसी कंपनी कर रही है। इस वजह से सड़क किनारे जगह-जगह कंपनी का लोहा रखा रहता है।

### भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर नगर निगम जोन 2 कार्यालय का घेराव

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम जोन 2 कार्यालय का व्यापारी घेराव कर रहे हैं। 100 की संख्या में व्यापारी जोनल कार्यालय पहुंचे हैं। पुलिस से भी व्यापारियों की जमकर नोकझोंक हो रही है। मौके पर व्यापारी लाउडस्पीकर लेकर पहुंचे हैं इसी से नारेबाजी कर रहे हैं। व्यापारियों का आरोप है कि टैक्स इंस्पेक्टर ने दुकान सील करने की धमकी दी है। पैसे भी मांगे जा रहे हैं। नगर निगम के टैक्स इंस्पेक्टर हरिशंकर पांडेय दो कर्मचारियों के साथ मास्टर कन्हैया लाल रोड पर टैक्स वसूली करने गए थे। दावा है कि दुकानदार उमेश ने टैक्स जमा होने की बात कही। इस दौरान टैक्स इंस्पेक्टर की तरफ से नोटिस दिया गया। इसके बाद बहस मारपीट तक पहुंच गई। मौके पर लोगों ने व्यापारी नेताओं और पार्षद को बुला लिया। इसके बाद नगर निगम कार्यालय का घेराव हुआ। ऐशबाग वार्ड में उमेश का 2 हजार स्क्वायर फीट का मकान है। नीचे बर्तन की दुकान है। उमेश का कहना है कि 2024 तक का पैसा जमा है। जबकि उनका 1 लाख 80 हजार रुपए टैक्स का नोटिस आ गया था। इसका विरोध किया तो अभद्रता की गई। इस दौरान कई और व्यापारियों ने गलत ढंग से टैक्स लगाने का आरोप लगाया है। व्यापारी 3 घंटे से जोन कार्यालय पर हंगामा कर रहे हैं। मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद हैं। व्यापारियों का कहना है कि जनता को परेशान करने वाले कर्मचारियों का जल्द ट्रांसफर किया जाए।

### कांग्रेस पार्टी के पूर्व नेता रोहित अवस्थी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से की मुलाकात

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व युवा नेता रोहित अवस्थी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से की मुलाकातकी, उन्हों ने कहा की मे पिछले एक दशक से में कांग्रेस में हूँ. कुछ दिन पहलेउन्होंने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मुलाकात कर के अपना इस्तीफा दिया थासौरव श्रीवास्तव ने कहा कि रोहित अवस्थी की राजनैतिक करियर की बात करें तो उन्होंने अगस्त 2016 मे कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ली थी उसके बाद वार्ड कमेटी से शुरुआत की जिला युवा कांग्रेस के तमाम पदों पर रहे एव उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव रहते रहते कई जिलों के प्रभारी भी रहे कोरोना काल मे विपक्ष द्वारा उठाये जा रहे पीपीई किट घोंटले के प्रदर्शन के दौरान कई दिनों के लिए जेल भी जा चुके है एवं तमाम राजनैतिक मुकदमे भी है उनकी पहचान सघर्षो से होती हैरोहित अवस्थी विक्रमादित्य मार्ग समाजवादी कार्यालय पहुंचकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की लगभग आधे घंटे की बैठक हुई जिसमे उन्हों ने अखलेश यादव को यकीन दिलाया किपार्टी की उचित विचारों से में जुड़ा रहूँगा।

### सीएम के खिलाफअभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने मुख्य मंत्री के खिलाफअभद्र टिप्पणी और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसने 19 फरवरी को मुख्यमंत्री से जुड़ा एक आपत्तिजनक टिप्पणी और वीडियो अपने फेसबुक अकाउंट पर जारी किया था। जिसके बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मामला दर्ज किया था। युवक खुद को मुस्लिम लीग का महानगर उपाध्यक्ष बताता है। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि 19 फरवरी को एक फेसबुक अकाउंट पर मुख्यमंत्री को लेकर गलत बयानबाजी और विडियो जारी हुआ था। जिसकी जानकारी होते ही फेसबुक अकाउंट चलाने वाले के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।शुक्रवार दोपहर आरोपी वीडियो और अभद्र टिप्पणी कर माहौल खराब करने वाले दुबग्गा जेहटा निवासी सलमान मंसूरी को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में उसने बताया कि वह मुस्लिम लीग का महानगर उपाध्यक्ष है। वह अपने धर्म के प्रचार के लिए यह सब कर रहा है। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया।

### राजधानी में 2 दिवसीय बॉडी बिल्डिंग मुकाबला

**लखनऊ।** लखनऊ में 2 दिवसीय बॉडीबिल्डिंग फेडरेशन कप का आयोजन किया जा रहा है। संबंधित कार्यक्रम को लेकर इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन ने प्रेस वार्ता किया। प्रेस को संबोधित करते हुए यूपी बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष साजिद अहमद कुरैशी ने बताया कि यह 14 वां फेडरेशन कप है जो 22 और 23 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया जा रहा है। साजिद अहमद कुरैशी ने बताया कि यह बॉडी बिल्डिंग अपने आप में अनोखा कार्यक्रम होगा। इसमें देश के शीर्ष पुरुष और महिला बोडीबिल्डर्स, एथलीट के लिए एक भव्य मंच तैयार किया गया है। फेडरेशन कप में देश भर के 300 से अधिक एथलीट के बीच में महामुकाबला देखने को मिलेगा। इस मुकाबले में हिस्सा लेने वाले सभी बॉडी बिल्डर को सम्मानित किया जाए। वहीं विजेता को 10 लख रुपए और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके बुलेट समेत अन्य महत्वपूर्ण इनाम वितरित किये जायेंगे। इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन के महासचिव चेतन एम पठारे ने कहा कि युवा बॉडीबिल्डर के लिए यह मंच बेहद उपयोगी है। जो युवा बॉडीबिल्डर है वो मंच के माध्यम से अपने मजबूत शरीर और शक्ति को प्रस्तुत करके अपना लोहा मनवा सकते हैं। युवाओं के भविष्य को ऊंचाइयों तक ले जाने में ये मंच चार चांद लगाएगा । मुकाबले में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक बॉडीबिल्डर की डाइट समेत तमाम सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।


### शिक्षा मित्रों का नही बढ़ेगा मानदेयः संदीप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ाने का फिलहाल कोई इरादा नहीं है। बजट सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य डॉ. मान सिंह द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा मित्र मानदेय आधारित संविदा कर्मी हैं और उनके वेतन में किसी प्रकार की वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।इससे पहले ध्रुव कुमार ने सवाल किया था कि यदि बजट में संविदा कर्मियों का मानदेय 20 हजार रुपए करने की घोषणा की गई है तो क्या शिक्षा मित्रों को भी इसका लाभ मिलेगा? इस पर मंत्री संदीप सिंह ने कोई ठोस उत्तर नहीं दिया। यह मामला शिक्षा मित्रों के भविष्य और उनके मानदेय के संबंध में महत्वपूर्ण सवाल खड़ा करता है।

# मैं एमएलए की हाजिरी लगाने नहीं बैठा हूं

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा सत्र के चौथे दिन चालू सदन से विधायकों के निकलने पर स्पीकर सतीश महाना भड़क गए। बोले-मैं यहां किसी की हाजिरी लगाने के लिए नहीं बैठा हूं। मैं नियमों के हिसाब से सदन चलाऊंगा। मैं चाहता हूं कि सदन में ज्यादा से ज्यादा सदस्य बोलें। वह सदन में कम सदस्यों के उपस्थिति और कुछ सदस्यों द्वारा यह कह जाने पर कि देख लेना मैं जा रहा हूं कहने से खफा थे। सदन में उनकी नाराजगी के बाद सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों की संख्या अचानक बढ़ गई और सदस्य बैठक कर सदन चलाने के लिए समय बढ़ाने की मांग करने लगे। विधानसभा में करीब तीन बजे का समय होने को आ रहा था। सदन के अंदर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर की अधिकतर कुर्सियां खाली थीं। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा चल रही थी। इसी बीच विधानसभा अध्यक्ष पहुंचे और सदस्यों की कम संख्या देखकर बोले-मैं नियमों के हिसाब से ही सदन को चलाऊंगा। मैं चाहता हूं कि सदन में अधिक से अधिक सदस्यों को बोलने का मौका मिले। ऐसा नहीं



चलेगा कि उनके पास सदस्य आए और बोले कि मुझे शादी में जाना है, मेरी हाजिरी लगा दीजिएगा। मैं यहां विधायकों की हाजिरी लगाने के लिए नहीं बैठा हूं।

ज्यादातर विधायक अपनी-अपनी समस्या की पर्ची बताकर निकल गए हैं। मेरे पास सभी विधायकों की लिस्ट है। इस पर सपा विधायक ने सदन को छह बजे तक चलाने का आग्रह किया तो स्पीकर महाना बोले, मैं ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं बनाना चाहता कि आप लोग चले जाएं और मैं यहां बैठा रहूं। सदन को समय से खत्म कर दूंगा। अगर इस बीच किसी को बोलने में रुचि होगी तो बोले नहीं बोलने में रुचि है तो मैं जबरदस्ती बुलवाने में तैयार नहीं हूं। मैं पिछले तीन साल से प्रयास कर रहा हूं कि सदन में बैठने लोग बोलें। ये मेरा व्यक्तिगत मामला नहीं है, और न ही मैं अपने लिए कोई काम कर रहा हूं। पहले भी मैं कई बार निवेदन कर चुका हूं मैं भी पूरा दिन बैठता हूं। मेरे से ज्यादा शादी-ब्याह में और कोई नहीं जाता होगा। सदन में ज्यादातर विधायकों के न बोलने पर महाना ने कहा, सदन में जिसको बोलने का मौका मिलेगा तो वह बोलेगा। समय नहीं बढ़ा सकता। समय मैं बढ़ाता हूं तो वह इसलिए नहीं कि जो लोग बोल चुके हैं और बाकी लोग बैठे रहें। किसी की कोई मीटिंग, किसी को कहीं जाना है तो सब लोग जा सकते हैं। मेरे अकेले की जिम्मेवारी नहीं है। सुरेश खन्ना को लेकर सतीश महाना बोले, मैं संससदीय कार्य मंत्री को कैसे मनाता हूं, ये केवल मैं ही जानता हूं। उनको सारे विभागों का प्रश्न देखते हैं। एक-एक विभाग के 80-80 प्रश्न देखते हैं। बीच सदन से जाने वाले विधायकों को लेकर स्पीकर ने कहा, मेरे पास आज लंबी लिस्ट है। मैंने सबका नाम नोट किया है, जो लोग मुझे बोलकर गए हैं कि मैं जा रहा हूं देख लेना। मैं उनको बताना चाहता हूं मैं यहां देख लेने के लिए नहीं बैठा हूं। अगर आप लोग जैसे चाहते थे सदन चले वैसे ही फिर चलवा देंगे। महाना की नाराजगी देखकर एक सपा विधायक सीट से उठे और सदन को छह बजे तक चलवाने का आग्रह किया। इस पर स्पीकर महाना ने कहा, मैं ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं बनाना चाहता कि आप लोग चले जाएं और मैं यहां बैठा रहूं। दो बजे तक लोग नहीं रहेंगे तो दो बजे के बाद सदन नहीं चलाऊंगा। पूरी विधानसभा मुझे चलानी होती है न कि चार लोग। मैं किसी पक्ष की बात नहीं कर रहा। सोमवार से सदन नियम के हिसाब से चलाऊंगा।

विधानसभा अध्यक्ष की नाराजगी के बाद सदन फिर भर गया और चलने लगा। विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद एक-एक कर संकल्पों को लिया। इस पर मंत्रियों द्वारा जवाब दिया गया। अधिकतर संकल्प वापस ले लिए गए, लेकिन सिराथू कौशांबी की सपा विधायक पल्लवी पटेल द्वारा प्रयागराज मंडल में कैंसर इंस्टीट्यूट खोलने का अनुरोध किया गया। सरकार की ओर से कहा गया कि वाराणसी, लखनऊ और कानपुर में इसके लिए इंस्टीट्यूट हैं। उनके द्वारा इसे वापस न लिए जाने के बाद संख्या बल के आधार पर इसे खारिज कर दिया गया।

## माध्यमिक शिक्षा निदेशक और डीआओएस को गलत सूचना देना पड़ा भारी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के माध्यमिक शिक्षा निदेशक और रायबरेली के डीआईओएस को गलत सूचना देना भारी पड़ गया। अब विधान परिषद सभापति ने दोनों अफसरों को 25 फरवरी को अपने कक्ष में तलब किया है। दो वर्षो में सदन में चार बार उठ चुके इस प्रकरण को शुक्रवार को शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने फिर से उठाया। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ सदन में असत्य एवं त्रुटिपूर्ण सूचना दिए जाने पर नियमों के उल्लंघन का प्रकरण है बल्कि सदन की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के तहत औचित्य का प्रश्न भी बनता है।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि रायबरेली के वसी नकवी नेशनल इंटर कालेज में प्रवक्ता (संस्कृत) के रिक्त पर 30 सितम्बर 1992 को प्रदीप कुमार की तदर्थ रूप में नियुक्ति की गई थी। बाद में वरिष्ठता के आधार पर 29 दिसम्बर 2016 को तत्कालीन प्रबन्धक द्वारा प्रदीप कुमार को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बना दिया गया। इस बीच वर्तमान प्रबन्धक ने 21 मई 2022 को प्रदीप कुमार को निलम्बित कर दिया। रायबरेली के जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआओएस) द्वारा निलम्बन का पहले अनुमोदन कर दिया गया और बाद में अनुमोदन को वापस ले लिया गया।

इस दौरान 21 माह से प्रदीप कुमार को वेतन का भुगतान तक नहीं किया जा रहा है। 6 फरवरी 2024 को सदन में जब इस मामले को उठाया गया तब माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री द्वारा यह कहा गया कि फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के आधार पर कुटरचित तरीके से नौकरी प्राप्त की गई थी, उ न्हें वेतन की कौन कहे उनसे रिकवरी के आदेश जारी होने वाले हैं। गौर करने वाली बात यह है कि अब तक न तो किसी बोर्ड ने और न ही किसी विश्वविद्यालय ने उनके शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच की है और न ही प्रदीप कुमार को अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की सत्यता के लिए विभागीय अथवा उत्तरदायी अधिकारियों की ओर से कोई नोटिस ही दी गई है। ऐसे में बिना किसी आधार के सदन को असत्य एवं त्रुटिपूर्ण सूचना दिया जाना नियमों का उल्लंघन है। पिछली बार की सूचना पर 9 फरवरी 2024 को पीठ द्वारा सरकार को निर्देश दिया गया था।

## निजीकरण की सोच सरकार समाप्त करें

**लखनऊ।** बिजली निजीकरण को लेकर कर्मचारियों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन अपने 45वें वार्षिक अधिवेशन में इसको लेकर आवाज बुलंद करने जा रहा है। एक निजी होटल में प्रेस वार्ता के दौरान कर्मचारी नेता ने कहा कि निजीकरण की सोच सरकार से बात करें। इससे देश गर्त में जाएगा। विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश अवस्थी ने बताया कि संगठन 23- 24 फरवरी को अपना 45वा वार्षिक अधिवेशन कैसरबाग स्थित गांधी भवन प्रेक्षा गृह में आयोजित कर रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार विभागों को निजी हाथों ने दे रही है। कर्मचारियों की मेहनत का पुरस्कार देने की जगह उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। कर्मचारियों की समस्याओं के जो भी समझौते प्रबंधक से हुए हैं उन्हें पूरा नहीं किया गया। संगठन के कर्मचारी हितों से संबंधित मांगों को जानबूझकर ठंडे बस्ते में डालकर कार्मिकों का मनोबल तोड़ने का काम किया जा रहा है।

## एथेना 2.0 - 2025 का हुआ भव्य उद्घाटन



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, लखनऊ के प्रबंधन अध्ययन संकाय ने सी.आई.आई - यंग इंडियंस - युवा के सहयोग से एथेना 2.0 - 2025 का भव्य उद्घाटन किया। इस वर्ष का आयोजन ÷शिक्षा, समर्थन और उत्सव÷ थीम के तहत किया गया, जो संयुक्त राष्ट्र के ÷सहकारी वर्ष÷ के अनुरूप है। यह आयोजन सहकारी संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है, जो आर्थिक स्थिरता, समुदायों के सशक्तिकरण और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में सहायक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह, प्राचार्य, ने की। अपने संबोधन में प्रो. सिंह ने कहा कि एथेना 2.0 सिर्फ एक शैक्षणिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक परिवर्तनकारी मंच है, जहां छात्र व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे, संवाद कौशल एवं व्यावसायिक समझ को विकसित करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सहकारी संस्थाएँ और ह्रछ्हक्क (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट) पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में कैसे मदद कर रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नवाचार के माध्यम से व्यवसाय को फिर से परिभाषित करने की शक्ति छात्रों के हाथों में है।

## यूपी सरकार ने 5600 श्रमिकों को रोजगार के लिए इजरायल भेजाः अनिल राजभर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि आउटसोर्सिंग ऑफ मैन पावर के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गयी है जिसके तहत 5,600 श्रमिकों को सफलतापूर्वक इजराइल भेजा गया है, तथा 5,000 अतिरिक्त श्रमिकों को भेजे जाने की प्रक्रिया चल रही है। राजभर ने यह भी बताया कि कहा कि विगत दो वर्षों में सेवायोजन कार्यालय में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों (इंटर, बीए, डिप्लोमा, बीटेक, एमटेक, पीएचडी की संख्या 5,68,062 है और विगत दो वर्षों (एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2024 तक) में सेवा कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों के माध्यम से 475510 अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार हेतु चुना गया है। विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को प्रश्नकाल में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य प्रभु नारायण यादव के प्रश्न के उत्तर में राजभर ने बताया कि राज्य सरकार ने रोजगार के अवसरों के लिए 5,600 श्रमिकों को सफलतापूर्वक इजराइल भेजा है तथा 5,000 अतिरिक्त श्रमिकों को भेजे जाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा, इजराइल में हमारे श्रमिक राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सरकार की रोजगार पहलों को आगे बढ़ाते हुए राजभर ने सरकार समर्थित संस्था राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ सहयोग की घोषणा की। उन्होंने बताया कि राज्य विदेशों में रोजगार के लिए आवेदन की सुविधा दे रहा है, जिसमें जर्मनी में 5,000 नर्सों की मांग शामिल है, जिनका पैकेज 2.5 लाख रुपये प्रति माह है। राजभर ने बताया कि वर्तमान में जापान में 12,000 केयरगिवर कर्मचारियों की मांग है, जिनका वेतन पैकेज 1.25 लाख रुपये प्रति माह है। उन्होंने पुष्टि की कि आवेदनों पर कार्रवाई की जा रही है और राज्य इस मांग को पूरा करने के लिए कुशल कर्मचारियों को भेजने के वास्ते सक्रिय रूप से कदम उठा रहा है। प्रभु नारायण यादव ने श्रम मंत्री से प्रश्न किया था कि प्रदेश के बेरोजगारों को रोजगार दिलाने हेतु श्रम विभाग द्वारा वर्तमान में कौन सी प्रमुख योजनाएं प्रचलित हैं? उन्होंने यह भी जानना चाहा कि प्रदेश में विगत दो वर्षों से (2022-2023, 2023-2024) शिक्षित बेरोजगारों (इण्टर, बी.ए., एम.ए., डिप्लोमा, बी.टेक., एम.टेक., पी.एच.डी.) की संख्या कितनी है तथा विगत दो वर्षों में श्रम विभाग द्वारा कितने लोगों को नौकरी दिलाई गई है? यदि नहीं, तो क्यों? श्रम मंत्री राजभर ने बताया कि सेवायोजन विभाग ने रोजगार की छूट, अभ्यर्थियों के लिए रोजगार मेलों के आयोजन, विदेश में रोजगार, सेवा मित्र व्यवस्था, करियर काउंसलिंग और आउटसोर्सिंग ऑफ मैन पावर के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की है।

## अधिवक्ता संसोधन बिल वापस लेने को लेकर वकीलों का प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ बार एसोसिएशन के वकीलों ने शुक्रवार को हजरतगंज में जमकर हंगामा किया। अधिवक्ता गांधी प्रतिमा पर एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। विधानसभा जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग कर वकीलों को रोक दिया गया। अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 का विरोध कर रहे थे। वकीलों का कहना है कि अधिवक्ता संशोधन बिल-2025 वकीलों के अधिकारों का हनन करेगा। उनकी स्वतंत्रता को सीमित कर देगा। उन्होंने सरकार से इस प्रस्ताव को जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे वकीलों ने जब विधानसभा की ओर कूच करने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। हालांकि, पुलिस



ने स्थिति संभाल ली और वकीलों को समझाने की कोशिश की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा बढ़ाई गई है। शांति भंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस दौरान वकील और पुलिसकर्मी काफी देर तक आमने-सामने रहे और नारेबाजी चलती रही। लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश प्रसाद तिवारी (एडवोकेट), महामंत्री बृजभान सिंह भानु (एडवोकेट), संयुक्त मंत्री आशीष राय (एडवोकेट) समेत सेंट्रल बार एसोसिएशन और अन्य सैकड़ों की संख्या में वकील प्रदर्शन में मौजूद रहे।

## कैदियों ने जेल में गंगा स्नान किया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** जिला कारागार के कैदियों ने शुक्रवार को महाकुंभ के पवित्र संगम जल से स्नान किया। जेल प्रशासन ने इच्छुक कैदियों के लिए विशेष व्यवस्था की। कार्यक्रम में कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा- संगम में 55 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। कैदियों को पुण्य स्नान से वंचित नहीं किया जा सकता। इसलिए बंदियों के लिए भी संगम का पानी लाकर स्नान के लिए दिया गया है। कारागार मंत्री ने इससे पहले शहर के गोसाईगंज स्थित जिला कारागार में सुबह विशेष स्नान कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रमुख सचिव कारागार अनिल गर्ग और महानिदेशक कारागार पीवी रामाशास्त्री भी उपस्थित थे।मंत्री दारा सिंह ने कहा यूपी प्रमुख सचिव ने नवरात्र में सभी बंदियों को फल की व्यवस्था की थी। इसकी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने सराहना की थी। इससे प्रेरणा लेते हुए



कैदियों को महाकुंभ स्नान का अवसर देने के लिए संगम से जल लाया गया है। कार्यक्रम के दौरान जेल परिसर में बड़े बर्तनों और हौद के पानी में त्रिवेणी संगम से लाए गए जल को मिलाया गया। इसके बाद कैदियों ने उस पानी से स्नान किया। इस अवसर पर कैदियों ने कहा- हम बाहर महाकुंभ की चर्चा तो सुन रहे थे। सुनने में आ रहा था कि भव्य महाकुंभ लगा है। दुख था कि संगम में स्नान नहीं कर पाएंगे पर इस बार जेल में ही संगम का जल से स्नान हो गया। हम बहुत खुश है। महानिदेशक कारागार पीवी रामाशास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम में 200 कैदियों ने संगम जल से स्नान किया। इसके साथ ही विशेष पूजा-अर्चना भी की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सभी जेलों में निरुद्ध कैदियों के लिए त्रिवेणी संगम के पवित्र जल से जेलों में ही स्नान एवं पूजा-अर्चना की व्यवस्था की गई है। सरकार का उद्देश्य है कि बंदी भी पुण्य प्राप्ति से वंचित न रहें, उनकी धार्मिक भावनाओं,आस्थाओं का पूरा सम्मान किया जाए।

## अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर वेबिनार का आयोजन

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर लखनऊ में एक वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय था भारतीय भाषाओं का संवर्धन और मातृभाषा इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता श्री मनोज भावुक, भोजपुरी फिल्म समीक्षक, संपादक एवं प्रो प्रणव मिश्रा हिंदी विभाग,बी एस एन वी कालेज हिंदी समिति सलाहकार महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो मंजुला यादव,प्रो अमिता रानी सिंह,डा अपूर्वा अवस्थी, श्रीमती अंकिता पांडे,डा मेघना यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए श्रीमती अंकिता पांडे ने कहा 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है।इसका प्रारंभ 1999मे यूनेस्को द्वारा किया गया था।भारत में सन् 2000से प्रारंभ हुआ। जिसका उद्देश्य हिंदी के साथ मातृभाषाओं का संवर्धन और संरक्षण किया जाय।

# जीरो टारलेंस शासन में जुगाड़ की दम पर 300 किमी की दूरी पर दोहरा चार्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने ऊर्जा मंत्री और प्रमुख सचिव ऊर्जा पत्र लिखकर नियम विरूद्ध एक उप निदेशक को तीन सौ किलोमीटर की दूरी का अतिरिक्त चार्ज दिलाये जाने का विरोध किया है। श्री पाण्डेय ने प्रदेश सरकार की जीरो टारलेंस नीति के तह्त इस तरह के अतिरिक्त कार्यभार को साठगांठ और भ्रष्टाचार का हिस्सा बताते हुए। तत्काल उक्त अधिकारी तथा अतिरिक्त कार्यभार दिलाने में सहयोगी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि उपनिदेशक को नियम विरूद्ध आगरा रीजन के साथ कानपुर मण्डल का अतिरिक्त चार्ज निदेशक,विशेषसचिव ऊर्जा द्वारा शासन के ऊर्जा अनुभाग-3 के पत्र संख्याआईध्886530ध्2025, दिनॉक 20-02-2025,दिया गया। कानपुर रीजनल कार्यालय के उप निदेशक एल.बी.गुप्ता, 31 दिसम्बर-2024 को सेवा निवृत्त हो गये थे। कानपुर मण्डल के कर्मचारियों को माह जनवरी, 2025 का वेतन भुगतान नही किया गया जबकि उप निदेशक जयदीप सिंह जो झॉसी मण्डल का कार्य कानपुर मण्डल के कार्यालय में ही बैठ कर देखते हैं। क्योकि झॉसी मण्डल में अभी कार्यालय नही है न ही स्टाफ है। उनको तत्काल चार्ज दे कर वेतन सम्बन्धी कार्य एवं जनहित के कार्य कराये जा सकते थे। परन्तु निदेशालय के निदेशक,शासन ने चार्ज नही दिया। जबकि जय दीप सिंह उप निदेशक ने कानपुर मण्डल कार्यालय में ही बैठ कर रीजनल झॉसी मण्डल के कर्मचारियों का वेतन आहरण वितरण समय से किया और अन्य कार्य को भी महाकुम्भ में अतिरिक्त ड्यूटी के साथ निस्तारित किया। लगभग 02 माह बाद साठ-गॉठ करके श्री सतीश चन्द्रा, उप निदेशक आगरा रीजन आगरा को दिनॉक 21 फरवरी2025 को कानपुर मण्डल का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। जबकि आगरा मण्डल से कानपुर मण्डल की दूरी लगभग 300 किलोमीटर है। ऊर्जा अनुभाग-3 कार्यालय ज्ञाप 20 फरवरी 2025 के द्वारा अक्षय कुमार आर्या, उप निदेशक लखनऊ रीजन को मुरादाबाद रीजन का , संजय कुमार माथुर उप निदेशक मुख्यालय लखनऊ को बरेली रीजन का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।जबकि इन दोनो लोगों में से एक को कानपुर रीजनल कार्यालय का चार्ज मात्र 80 किलोमीटर की दूरी होने के कारण दिया जा सकता था जो नही दिया गया। ऐंसे मे आगरा से कानपुर 300 किलोमीटर दूरी का चार्ज दे दिया गया है जो विचारणीय है। श्री पाण्डेय ने यह भी बताया कि महाकुम्भ में दो माह के लिए तैनात किये गयेमण्डलीय अधिकरियों का जार्च जब निदेशक गिरीश कुमार सिंह द्वारा वापस लिया ही नही गया तो अवशेष मात्र 04 दिनों के लिए 05 उप निदेशकों को उनकी तैनाती के स्थान पर अतिरिक्त चार्ज क्यों दिला दिया गया। इससे यह प्रतीत होता है कि आगरा के उप निदेशक को कानपुर का अतिरक्त चार्ज दिलाने के लिए ये कार्यवाही निदेशक,विशेष सचिव द्वारा उच्च अधिकारियों,विभागीय ऊर्जा मंत्र को गुमराह कर करायी गयी है। उन्होंने बताया कि विघुत सुरक्षा निदेशालय कर्मचारी संघ महासघ के घटक सदस्य है। ऐसे मे अगर उक्त प्रकरण में कार्यवाही नही की गई तो महासंघ आन्दोलन के साथ निदेशालय का घेराव करने को मजबूर होगा।

## हाथरस हादसा, जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ होगी कार्रवाईः ब्रजेश

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हाथरस हादसे को लेकर कमेटी ने विधानसभा में अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। उन्होंने आगे कहा कि जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मीडिया से मुखातिब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, हाथरस हादसे को लेकर कमेटी ने विधानसभा में अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जो जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

समाजवादी पार्टी नेता शिवपाल सिंह यादव ने हाथरस हादसे से निपटने के भाजपा सरकार के तरीके पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसके शासन में न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती।2 जुलाई, 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू भगवान, भोले बाबा उर्फसूरज पाल द्वारा आयोजित श्सत्संगश् में भगदड़ मचने से महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 121 लोग मारे गए थे। यह घटना जिले के फुलरी गांव में हुई थी।रिपोर्टों के अनुसार इस कार्यक्रम में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जबकि केवल लगभग 80,000 लोगों के आने की अनुमति दी गई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने हाथरस में भगदड़ की घटना से संबंधित 11 लोगों के खिलाफ 3200 पन्नों की चार्जशीट तैयार की।

बचाव पक्ष के वकील एपी सिंह के अनुसार, चार्जशीट में सूरज पाल उर्फ भोले बाबा का उल्लेख नहीं है, जिन्होंने हाथरस में श्सत्संगश् का आयोजन किया था। इस बीच, बसपा प्रमुख मायावती के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर बोलते हुए, यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि राहुल गांधी हताश थे और उन्हें नहीं पता कि कब क्या कहना है।

# न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 बुनियादी शिक्षा को करेगी मजबूत- घनश्याम

## पचपेड़वा बीआरसी में आयोजित हुआ ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन





**बलरामपुर।** शुक्रवार को शिक्षा क्षेत्र पचपेड़वा में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव एवं आदर्श बाल वाटिका लर्निंग कॉर्नर टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 पर चर्चा के साथ आंगनबाड़ी केदो एवं प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम वर्मा ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बाल वाटिका में बच्चों को स्कूली शिक्षा के लिए तैयार करना एवं स्कूल के परिवेश से परिचय कराना है। आंगनवाड़ी विभाग के सीडीपीओ अरुण कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्री प्राइमरी बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ लर्निंग कॉर्नर पर उन्हें खेल-खेल में शिक्षा के साथ उन्हें आगे की कक्षाओं में तालीम के लिए बढ़ाना है। कार्यक्रम को एकेडमिक रिसोर्स पर्सन सर्वेश्वर शरण शुक्ल ने संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में 54 विद्यालय के शिक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों शामिल हुई है। प्रत्येक न्याय पंचायत से बाल वाटिका कक्षा एक एवं कक्षा 2 के 5 निपुण बच्चों को आमंत्रित किया गया विकासखंड से कुल 11 नई पंचायत से 55 निपुण बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए हैं अवधेश चंद्र त्रिपाठी ने कार्यक्रम में कहा कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत बच्चों को अब तालीम दी जाएगी किसी के तहत बाल वाटिका में निपुण लक्ष्य पर आधारित गणित एवं हिंदी भाषा की दक्षताएं कक्षा एक एवं दो की दक्षताओं पर चर्चा की गई है एकेडमिक रिसोर्स पर्सन आलोक पाठक ने लर्निंग कॉर्नर पर चर्चा बच्चों का विद्यालय से जुड़ाव एवं ड्राप आउट पर चर्चा विभाग से प्रदान की गई पुस्तकों का अभ्यास करके सीखने की गतिविधि आदि पर विस्तार से चर्चा की है स्टेट रिसोर्स ग्रुप मेंबर आलोक शर्मा ने निपुण भारत मिशन को लोकेटेड आंगनबाड़ी पर अपने विचार रखते हुए जानकारी दी है शिक्षक नित्यानंद ने कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी शिक्षक अभिभावक एवं प्रमुख हितग्राही की भूमिका की सराहना की है। दीपक कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय बुनियादी साक्षरता के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दीहै। कार्यक्रम में अनूप कुमार वर्मा सुभाष साहनी बैजनाथ तिवारी शमी अल्लाह राजकुमार वर्मा सुरेश कुमार चतुर्वेदी अवधेश यादव अनिल कुमार पंकज पांडे रामशरण मुक्तिनाथ रविकांत मिश्रा रजनीश कुमार हरि सिंह आदि अध्यापक शामिल रहे हैं कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर पार्वती देवी ने को लोकेटेड आंगनवाड़ी में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दिए उन्होंने कहा कि करिए हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों को खेल-खेल में शिक्षा देकर बुनियादी शिक्षा मजबूत करना है।इसकी अतिरिक्त को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री सोनमती शांति देवी गीत देवी नीलम सोनी स्नेह लता नीम श्रीवास्तव प्रियंका आज शामिल रही है।

# गौरैया के लिए जागरूकता अभियान का शुभारम्भ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सुल्तानपुर।** कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा आमजनमानस को शाकाहार बनाने और देश से विलुप्त होती गौरैया के लिए जागरूकता अभियान गोसाईगंज स्थित निजी स्कूल अंगनाकोल में शुभारंभ किया है । गर्मी का मौसम निकट आ रहा है इस लिए आप सभी से संस्था अपील करती हैं, अपने घर की बालकानियों एवं उसके आस पास पक्षियों के लिए जलपात्र और घोसला लगाने का आवाह्न किया जा रहा है। शिक्षक साहित्यकार सर्वेशकांत वर्मा ने बताया कि शाकाहारी जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए कई सार्वजनिक शैक्षिक और उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह एक अंतरराष्ट्रीय अभियान है जो लोगों को अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण-स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए मांस का सेवन बंद करने के लिए प्रोत्साहित करता है। मीट मांस को छोड़कर अपनाओं शाकाहार, दर्द उन्हें भी होते उनकी सुने गुहार नारे के साथ रैली निकली । इस मौके पर संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने बताया कि बढ़ती आबादी के कारण जंगलों का सफाया हो रहा है। ग्रामीण इलाकों में पेड़ काटे जा रहे हैं। ग्रामीण और शहरी इलाकों में बाग-बगीचे खत्म हो रहे हैं। इसका सीधा असर इन पर दिख रहा है। गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। इसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे, उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था। इस मौके पर प्रबंधक शीतला प्रसाद पांडेय ने बताया कि लोग बर्तन-भांडे पीटते हुए शहरों और गाँवों में इतना हंगामा मचाते कि गौरैया लगातार उड़ते रहने पर मजबूर हो जातीं, मक़सद था--उन्हें बैठने और खाने न देना, दो-तीन दिन तक लगातार बिना खाए-पिए उड़ने की वजह से गौरैया बड़ी तादाद में मरने लगी.इसलिए संस्था आम जनमानस के सहयोग से पक्षियों के लिए घोसला और जल पात्र लगाने के लिए प्रबंध कर रही है। इस मौके पर आरती पांडेय , मोनू यादव, वृजेन्द्र मिश्रा, संतोषी, आरती आदि लोग उपस्थित रहे।

# संघर्ष जितना बड़ा होगा, सफलता उतनी शानदार मिलेगी - डॉ संगीता



**सुलतानपुर ।** आपको शिक्षा के साथ संस्कार भी मिला है । मेहनत और अनुशासन जरूरी है। चाहे कुछ भी बनिए परंतु एक अच्छा इंसान बनना जरूरी है। संघर्ष जितना बड़ा होगा सफलता उतनी शानदार मिलेगी । यह विचार छात्राओं के आशीर्वाद समारोह मे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ संगीता श्रीवास्तव ने कही।

नगर में स्थित रामराजी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज मे गुरुवार को कक्षा 12 की छात्राओं का आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम का आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रबंधक डॉक्टर तूलिका गुप्ता ने कहा कि सकल पदारथ है जग माही कर्महीन नर पावत नाही। मेहनत से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है । उन्होंने आगे कहा कि यहां से जाने के बाद सबका अपना अलग- अलग क्षेत्र होगा । आगे चलकर कोई डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर नेता, अभिनेता बनेगा ।

समारोह की अध्यक्ष एवं विद्यालय की कोषाध्यक्ष मनीषा गुप्ता ने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रीति प्रकाश ने छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया । छात्रा आस्था ने अपने गीत आँखों मे आँसू है, फिर भी विदा करते है के गीत ने सबको भाव विभोर कर दिया। आचार्य द्य रोली श्रीवास्तव एवं चित्रा मिश्रा ने छात्राओं को परीक्षा में होने वाली सावधानियां पर विस्तार से बताया। इसके पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्य रेखा सिंह ने आए हुए अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया।

# तुझ में रब दिखता है,, की धुन पर खूब थिरके के नन्हे मुन्ने

## सेंट जॉर्ज कान्वेंट स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने मचाया धूम







**बलरामपुर।** घुसाह में संचालित सेंट जॉर्ज कान्वेंट स्कूल एवं मॉडर्न सिटी मोंटेसरी स्कूल का द्वितीय वार्षिक उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभागी प्रदर्शित किया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमांडेंट सौरभ पांडेय एवं विशिष्ट पूर्व अध्यक्ष शाबान अली भाजपा नेता डीपी सिंह एमएलकेपीजी कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर जेपी पांडेय एवं पायनियर पब्लिक स्कूल प्रबंधक डॉक्टर एमपी तिवारी मृगेंद्र उपाध्याय एडवोकेट रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन निश्चित तौर पर भविष्य का शुभ संकेत है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि नन्हे मुननों की मनमोहक प्रस्तुति उनकी प्रतिभा का परिचय दे रही है मंच पर आकर विभाग तरीके से बच्चे कार्यक्रम की प्रस्तुति कर ले तो समझ लीजिए उनके अंदर विकास निरंतर हो रहा है। कार्यक्रम में सरहद से जुड़ी हुई मनमोहक नाटक प्रस्तुत करके बच्चों ने प्रतिभा प्रदर्शित किया है। मेरी जान तिरंगा है

मेरी शान तिरंगा है पर बच्चों की समूह नृत्य ने उपस्थित जन समूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। नर्सरी एवं यूकेजी छात्रों ने तुझ में रब दिखता है गाने की मनमोहक प्रस्तुति की है। पुष्पराज पर बच्चों ने लूंगी डांस तथा केसरी के लाल की प्रस्तुति पर उपस्थित अभिभावक भावुक है। कक्षा 6 के छात्र-छात्राओं ने कव्वाली प्रस्तुत कर प्रतिभा को प्रदर्शित किया है इसके अलावा स्कूल के कल भर उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र से अतिथियों के हाथों सम्मानित कराया गया है विद्यालय प्रबंधक जीडी पांडे एवं प्रिंसिपल रजनी कसेरा ने आए हुए अतिथियों को स्मृति भेंट कर उन्हें सम्मानित किया है कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति करने वाले छात्रों में अभिनव उपाध्याय आयुषी पांडे अनविका नाथ रेयांश श्रीवास्तव सूर्यांश सिंह अंबिकेश प्रताप समृद्धि सिंह सर्वेश यादव अंशिका शुक्ला होम पांडे अभिनव मोदनवाल बिजलेश्वरी सैनी आयुषी पांडे दिव्यांश चौहान सरोज आयुष तिवारी आदि को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने पर मेडल एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है बेस्ट यूनिफॉर्म अवार्ड बेस्ट राइटिंग अवार्ड बेस्ट सिंगिंग अवॉर्ड बेस्ट डांसिंग अवार्ड बेस्ट डिसिप्लिन अवार्ड बेस्ट आर्ट अवार्ड बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड से विद्यालय के बच्चे सम्मानित हुए हैं। अंशिका शुक्ला आराध्या सिंह प्राची गुप्ता की मनमोहक प्रस्तुति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम मचादी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक जीडी पांडे ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को सम्मानित करते हुए सदैव अपेक्षित सहयोग देते रहने की अपील की है।

# इंटर भौतिक विज्ञान में चार छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

## तीन केंद्र पर 452 परीक्षार्थी हुए शामिल





**बलरामपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद के संचालित बोर्ड परीक्षा में इंटर भौतिक विज्ञान में चार छात्रों में परीक्षा छोड़ दी है। 452 परीक्षार्थी तीन केंद्र पर परीक्षा दिए हैं। शुक्रवार को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल केंद्र पर इंटर भौतिक विज्ञान में 175 पंजीकृत छात्रों में एक अनुपस्थित रहे हैं 174 छात्रों ने परीक्षा दी है इसी क्रम में केंद्रीय विद्यालय में 143 छात्रों में एक छात्र भौतिक विज्ञान परीक्षा में अनुपस्थित रहा है इस केंद्र के छात्रों ने परीक्षा समाप्त होने के बाद बताया कि अन्य विषयों के अतिरिक्त इस विषय का प्रश्न पत्र काफी कठिन था। सभी प्रश्नों का उत्तर देने में काफी कठिनाई हुई है। शारदा पब्लिक स्कूल केंद्र पर 138 छात्र पंजीकृत थे इनमें दो अनुपस्थित रहे हैं। तीनों केंद्र पर 456 पंजीकृत छात्रों में 452 इंटर भौतिक विज्ञान परीक्षा में शामिल हुए हैं। सभी केंद्र पर नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा होने की बात कही गई है। परीक्षा सीसीटीवी एवं पुलिस की निगरानी में तीनों केंद्र पर आयोजित हो रही है।

### जिम्मेदार के बोल

सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल केंद्र व्यवस्थापक मोहम्मद आसिम रूमी की माने तो जिले में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा नकल विहीन शांतिपूर्ण आयोजित हो रहीहै। परीक्षा के पूर्व प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति दी जा रही है। इंटर भौतिक विज्ञान में चार छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी है।

# पत्रकार के आकस्मिक निधन पर साथी पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**सुल्तानपुर।** दोस्तपुर निवासी पत्रकार नीरज मिश्रा के आकस्मिक निधन पर पत्रकार एसोसिएशन के सुपर मार्केट स्थित कार्यालय पर डॉ0 अवधेश शुक्ल की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में मौजूद पत्रकारों ने खबरों से खार खाए प्रभारी निरीक्षक दोस्तपुर पंडित त्रिपाठी द्वारा उन्हें तथा उनके पुत्र उज्ज्वल मिश्रा को प्रताड़ित करने तथा उज्ज्वल को ई ओ दोस्तपुर नगर पंचायत से तहरीर लेकर, गंभीर धाराओं में फर्जी मुकदमा लिखकर जेल भेज देने के लिए कड़े शब्दों में निंदा की। सभी ने एक स्वर में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की। शोक सभा में उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उक्त मौके पर नवीन शर्मा,नीरज तिवारी,इम्तियाज रिजवी,बृजेश उपाध्याय,अवधेश गुप्ता,राजीव

# हाई स्कूल अंग्रेजी में 300, इंटर अर्थशास्त्र में 24 ने दी परीक्षा

## जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज केंद्र पर आइसीएसई बोर्ड परीक्षाएं जारी



**बलरामपुर।** शुक्रवार को आईसीएसई हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा जीसस एंड मैरी स्कूल केंद्र में आयोजित हुई हाई स्कूल अंग्रेजी साहित्यिक विषय में स्टार वर्ड्स पब्लिक स्कूल तुलसीपुर का एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा है।

केंद्र व्यवस्थापक क्रेग बटरफील्ड ने बताया कि प्रथम पाली मेंजीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज केंद्र पर स्टार वर्ड्स पब्लिक स्कूल तुलसीपुर के 125 पंजीकृत छात्रों में 124 में परीक्षा दी है एक परीक्षार्थी अंग्रेजी साहित्यिक विषय में अनुपस्थित रहा है वही जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज के हाई स्कूल इंग्लिश साहित्यिक विषय में 176 छात्रों में सभी परीक्षा में शामिल रहे हैं। इसी क्रम में द्वितीय पाली में इस केंद्र पर जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज के अर्थशास्त्र के 24 परीक्षार्थी एवं गोंडा के यशमय स्कूल के 6 छात्र पंजीकृत रहे हैं सभी ने परीक्षा दी है। परीक्षा प्रभारी हाशिम खान ने बताया कि केंद्र पर नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजित हो रही है।

केंद्र के प्रवेश द्वार पर ही छात्रों की सघन तलाशी के बाद परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति दी जा रही है। परीक्षा में किसी भी तरह का मोबाइल अथवा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने की पूरी तरह से मनाही है। सीसीटीवी एवं पुलिस निगरानी में केंद्र पर हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा चल रही है। केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि इस केंद्र पर स्टार वर्ड्स पब्लिक स्कूल तुलसीपुर, यशमय स्कूल गोंडा एवं जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।

# अधिवक्ता एक्ट में संसोधन के विरोध में बार एसोशिएसन ने दिया ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** एडवोकेट एक्ट में हुए संशोधन के विरोध में शुक्रकार को तहसील बल्दीराय के अधिवक्ताओं ने न्यू बार एसोशिएसन के अध्यक्ष मनोज सिंह के नेतुत्व में विधि मंत्री भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी की न उपस्थिति में पूर्ति निरीक्षक बल्दीराय निर्भय सिंह को सौंपा। अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ताओ ने ज्ञापन में अधिवक्ता के पूरे परिवार को एडवोकेट एक्ट का प्रावधान देने, लोकतांत्रिक स्वरूप को यथावत बनाए रखने, 10 लाख का मेडिकल क्लेम देने और अधिवक्ता की मृत्यु पर बीमा की धनराशि देने तथा नियम बनाने का अधिकार जो पूर्व में एडवोकेट एक्ट में था उसे बहाल करने, पंजीकरण के समय की धनराशि 500 वापस किए जाने समेत अन्य मांगो को पूरा करने के लिए सरकार से मांग की है।

इस अवसर पर बार एसोशिएसन बल्दीराय अध्यक्ष मनोज सिंह, महामंत्री वृजेश यादव, ध्रुव राज पांडे, अनिल यादव, बृजेश दुबे, आनंद तिवारी, अखिलेश पाठक, आशीष सिंह, सर्वोदय सिंह, श्रीकांत दुबे, द्वारिका यादव, अविनाश तिवारी, राजेश प्रताप सिंह, कृष्णकुमार तिवारी, कफील खान, अजय दुबे, बृजनंदन सिंह, गिरजा शंकर, रामकुमार यादव, वृज किशोर मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आरोहणी सभा के माध्यम से केजीबीवी में मीटिंग संपन्न



**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बल्दीराय में बृहस्पतिवार को शिक्षक/ अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता वार्डन तारा वर्मा ने की । वार्डन तारा वर्मा ने मीटिंग में आये हुए अभिभावकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया । इस अवसर पर विद्यालय में अच्छी शिक्षा एवं अन्य प्रकार के विकास पर आपस में चर्चा परिचर्चा की गई । बैठक में वार्डन तारा वर्मा ने कहा कि बच्चियों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए शत प्रतिशत उपस्थित होना चाहिए । तभी वह पढ़ाई का लाभ ले सकती है । उन्होंने कहा कि 80 फ़ीसदी उपस्थिति अनिवार्य है । अभिभावक इस बात पर पूरा ध्यान दें की छात्राओं में लर्निंग गेप नहीं होना चाहिए ताकि वह परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकें.कहा गया कि विद्यालय से अपनी बच्चियों को अभिभावक अनावश्यक रूप से घर न ले जाएं.छुट्टी में ही बच्चियों को घर ले जाएं अनावश्यक रूप से बार-बार घर आने-जाने से छात्राओ में लर्निंग गेप हो जाता है. इसके अलावा कहा गया कि बच्चियों से मिलने के लिए जो दिन निर्धारित किया गया है उसी दिन आकर मिले. बैठक में अन्य कई बातों पर चर्चा की गई. इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ सहित अभिभावक गण मौजूद रहे ।

# पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों का एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

**जौनपुर।** पी0एम0 श्री0 योजनान्तर्गत जौनपुर में चयनित 38 परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों/सहायक अध्यापकों के क्षमता संवर्द्धन, एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य से 01 दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की उपस्थिति एवं नेतृत्व में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के आडोटरियम हाल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने दीप प्रज्वलित करके किया। डायट की छात्राओं ने माँ सरस्वती वंदना तथा मुख्य अतिथि के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत करते हुए बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग के प्रति आपके मार्गदर्शन से जनपद जौनपुर प्रदेश में सबसे अलग मुकाम पर है। उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डॉ0 विनोद कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग को प्रगति पर लाने हेतु पीएम श्री विद्यालय के शिक्षकों को नेतृत्व करने अद्भुत अवसर है।

मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने जनपद जौनपुर के पी0एम0श्री0 योजनान्तर्गत जौनपुर में चयनित 38 परिषदीय विद्यालयों के 138 प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी जनपद के 2800 से अधिक विद्यालयों के प्रेरणास्त्रोत बने। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी जनपद में अध्ययनरत लगभग 4 लाख से अधिक बच्चों के भविष्य के निर्माता है, जो जनपद के साथ प्रदेश के भी भविष्य के खेवनहार है। यदि आप सभी पांच-पांच बच्चों को भी तैयार करें तो जनपद जौनपुर के साथ पूरा उत्तर प्रदेश देश के विकास में सबसे अग्रिम पंक्ति में आ जायेगा।

## बिना फिटनेस का कोई भी प्राइवेट डग्गामार वाहन सड़क पर न चलने पाये-एडीएम

### अपर जिलाधिकारी ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड द्वारा उदयन सभागार में महाकुम्भ-2025 के सम्बन्ध में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित किया कि जहॉ-जहॉ पर भी डायवर्जन किया गया है, वहॉ पर रिफलेक्टर/साइनेज बोर्ड अवश्य लगवाये जायें। उन्होंने ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित किया कि जनपदीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लॉन तैयार किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्हांने कहा कि राम वनगमन मार्ग में जहॉ-जहॉ पर भी डायवर्जन किया गया है, वहॉ पर रिफलेक्टर/साइनेज बोर्ड अवश्य लगवाये जायें। उन्हांने कहा कि सड़कों में जहॉ कहीं पर गड्ढे हैं, उन्हें चिहिन्त कर 02 दिवस के अन्दर



ठीक करवाने के निर्देश अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को दियें। उन्हांने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रोड किनारें स्थित शराब की दुकानों को शासन द्वारा निर्धारित सयम-सीमा के अन्दर ही खोला/बन्द किया जाय। उन्होंने रोड किनारे स्थित स्कूलों के पास संकेतक बोर्ड लगवाये जाने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। अपर जिलाधिकारी ने ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित किया कि बिना फिटनेस का कोई भी प्राइवेट डग्गामार वाहन सड़क पर न चलने पाये। उन्होंने कहा कि बिना फिटनेस के स्कूली वाहन कदापि संचालित न होने पायें, नहीं तो कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान चलाकर नशें की हालत में गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उन्हांने कहा कि टैम्पू/ऑटो चिन्हित आटो स्टैण्ड में ही खड़ी किये जाय, जिससे जाम की स्थिति पैदा न हों। उन्होंने ए0आर0टी0ओ0 को निर्देशित किया कि जनपदीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लॉन तैयार किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि ओवरलोड गाड़ियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर ओवरलोडिंग को रोका जाय। उन्होने कहा कि जनपद में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर समुचित कार्यवाही की जाय।इस अवसर पर ए0आ0टी0ओ0 तारकेश्वर मल्ल एवं अधिशासी अभियन्ता पी0डब्ल्यू0डी0 हरवंश सिंह, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे

## पूर्ण महाकुम्भ का अंतिम स्नान पर्व रचेगा नया इतिहास

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के अंतिम स्नान महाशिव रात्रि पर श्रद्धालुओं का हुजूम प्रयागराज के संगम की रेती पर बढ़ रहा है। मिर्जापुर प्रयागराज राजमार्ग पर वाहनों की कतार और पूरे यमुनापार में बनी जाम की स्थिति से स्पष्ट है कि महाशिवरात्रि के अमृत स्नान के लिए सनातनियों का भारी जमावड़ा होगा।इस राजमार्ग के यातायात प्रबंधन पर नई रणनीति नही अपनायी गयी तो आने वाले पांच दिन स्थानीय लोगों पर भारी पड़ेंगे।पूर्ण महाकुम्भ में संगम स्नान के लिए देश और दुनिया के श्रद्धालुओं की होड़ सी लगी है।मेले के प्राररम्भ से बीतते दिनों के साथ कुम्भ आयोजन को लेकर रोज नए रिकार्ड और नया इतिहास रचा जा रहा है।संगम की रेती से अखाड़े जा चुके हैं।कल्पवासियों ने भी महीने भर का संकल्प पूरा कर घरों को लौट चुके हैं।कुछ संतों और सन्यासियों ने अभी रेती पर डेरा जमाया है।

गिने चुने संतों के बीच आयोजन की रौनक बरकरार है।

## शिक्षक संघ की टीम को 32 रनों से हरा क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जीता मैच

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों के बीच सौहार्द स्थापित करने के उद्देश्य से सरदार वल्लभभाई पटेल क्रीडा स्थल सराय सुल्तान बहरिया में शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख शशांक मिश्रा की अध्यक्षता में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया । जिसमें कुल छः टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला लीग मैच क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं शिक्षक संघ के बीच खेला गया। जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्य टीम के कप्तान ब्लॉक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्रा द्वारा टास जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य की टीम ने आठ ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 90 रन का लक्ष्य रखा। शिक्षक संघ की टीम कप्तान चैंपियन पांडेय के नेतृत्व में बल्लेबाजी करने उतरी। लेकिन निर्धारित ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर केवल 58 रन ही बना पाई और 32 रनों से मैच हार गई। दूसरा मैच ब्लाक कर्मचारी टीम और प्रधान संघ के बीच खेला गया। कर्मचारी टीम के कप्तान दयाराम पटेल ने टास जीता



और बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। कर्मचारी टीम बल्लेबाजी करते हुए ऑल आउट होकर 51 रन बनाया। प्रधान संघ के कप्तान सहजादे की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर चार ओवर में ही 52 रन बनाकर मैच जीत लिया।। तीसरा मैच भाजपा बहरिया मंडल और सफाई कर्मचारी टीम के बीच हुआ। जिसमें भाजपा बहरिया मंडल के कैप्टन पंकज श्रीवास्तव की टीम ने टॉस जीतकर आठ ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 85 रन बनाया। सफाई कर्मचारी टीम के कप्तान संदीप साहू की टीम ने 8 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर केवल 45 रन ही बना पाई और 40 रन से मैच हार गई। सेमी फाइनल और फाइनल मैच शनिवार को खेला जाएगा। जिसमें सेमी फाइनल में पहुंची क्षेत्र पंचायत सदस्य टीम, प्रधान संघ टीम और भाजपा बहरिया मंडल की टीम के बीच सेमी फाइनल मैच खेला जाएगा। सेमी फाइनल के बाद विजयी टीमों के बीच फाइनल मैच होगा। कॉमेंटेटर अनवर सिद्दीकी एवं गुलाम सरवर ने क्रिकेट मैच का स्कोर बताकर दर्शकों का मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर पंकज मिश्रा, मुनीषानंद मिश्रा, अनिल कुमार पटेल, द्वारिका मौर्या,सोनू,अज्जू मलिक,राजेश कुमार शुक्ला,सौरभ सिंह, रवि कुमार मौर्य, असगर अली, राजेश मौर्या,अजय पटेल, अमित पटेल, राकेश गुप्ता, दीपेंद्र कुमार गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष राजकुमार यादव के अलावा भारी संख्या में लोगों इस दौरान मौजूद रहे।

## बजट के आकार में राज्य सामर्थ्य की झलक-योगेश शुक्ल

### पूंजीगत व्यय की भूमिका से प्रदेश में बढ़ेगा पूँजी निवेश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने प्रदेश के बजट पर अपनी राय देते हुए कहा कि इसमे बहुमुखी विकास के साथ शिक्षा पर फोकस किया गया है। शिक्षा और जागरूकता के जरिए प्रदेश विकास को नई ऊँचाई देने की सोच इस बजट में साफ नजर आती है। इसमे कृषि और किसानों के उत्थान को वरीयता दी गयी है।श्री शुक्ल ने कहा यह बजट समावेशी भाव और संकल्प पत्र को अमलीजामा पहनाने में साधक होगा।

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने बताया कि इस बजट में पूँजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। पूँजीगत परिव्यय के अन्तर्गत अवसंरचना निर्माण, विस्तार और निवेश संबंधी व्यय आते हैं, उद्योग, आवागमन, उत्पादों की



बाजार तक पहुंच तथा प्रदेश में पूँजी निवेश को आकर्षित करने जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों में पूँजीगत व्यय की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है।

इस बजट में प्रदेश विकास की सोच और पूजी निवेश के लिए एक बेहतर माहौल देने की कोशिश है। इस दूरदर्शी सोच वाले बजट में हर वर्ग का खास ख्याल किया गया है।श्री

**➪भाजपा संकल्प पत्र को आकार देने में सक्षम है यह बजट**

शुक्ल ने बताया कि,बजट में अवस्थापना विकास हेतु 22 प्रतिशत, शिक्षा हेतु 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं हेतु 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों हेतु 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये है।शोध एवं विकास तथा सूचना प्रौद्योगिकी पर भी इस बजट में विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। 2024-25 के बजट के सापेक्ष इसमें 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ,उत्तर प्रदेश के बजट के आकार में यह बढ़ोत्तरी राज्य के सामर्थ्य के अनुरूप है, यह बजट अर्थव्यवस्था को विस्तार देने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## बजट भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में साबित होगा मील का पत्थर- कमलेश मिश्र

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** केंद्रीय बजट 2025 भारत को विकसित राष्ट बनाने में मील का पत्थर साबित होगा इस बजट में देश के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्यान सूत्र पर आधारित बजट देश को समर्पित किया है। जिसमें ग्यान में ग का अर्थ गरीब य का अर्थ युवा अ से अन्नदाता और न से नारी को समर्पित है। उक्त उद्बोधन भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा द्वारा नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में व्यापारियों एवं प्रेस के बंधुवो को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी बताया कि बजट में स्वास्थ्य ,शिक्षा, रोजगार निवेश सभी का विशेष ध्यान रखा गया है और गरीबो को निशुल्क मकान देने के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने केंद्रीय बजट को भारत की जनता खासकर




मिडिल क्लास के लोगों के लिए ऑक्सीजन बताया और 12 लाख तक की कर छूट को देश की उन्नति का एक पिलर बताया।

उन्होंने यह भी बताया कि 2014 से पहले का बजट जहां एक पार्टी अपने तुष्टिकरण के लिए बनाती थी वहीं आज 2014 के बाद नरेंद्र मोदी सरकार ने विकसित भारत को ध्यान में रखकर अपने बजट बनाए हैं उन्होंने बताया भारतीय जनता पार्टी भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए संकल्पबद्ध है इसलिए वह प्रतिवर्ष अपने बजट में देश की व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देती है इसी सूत्रा के आधार पर 2025-26 का केंद्रीय बजट देश को समर्पित किया गया है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि केंद्रीय बजट भारत के भविष्य की उज्जवल आधारशिला है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सकारात्मक विजन से भारत 2047 मे विकसित राष्ट बनने की ओर अग्रसर है 2025 का बजट विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है उन्होंने बताया कि गरीब युवा नारी और किसान को समर्पित यह बजट देश के प्रत्येक क्षेत्र में आर्थिक संपन्नता बनाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी , नमिंद्र अवस्थी अभिषेक गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका खैराबाद प्रतिनिधि वीरेंद्र पुरी, गोपाल टंडन प्रेमचंद अग्रवाल सागर गुप्ता अभिषेक भारती सुरेश तिवारी, सुधाकर शुक्ला जिला उपाध्यक्ष इन्दु सिंह, जितेंद्र मल्होत्रा विश्राम सागर राठौर कंचन प्रभा पांडे रमेश भार्गव दीपू आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक नैमिष रत्न तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिले के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं महत्वपूर्ण व्यक्ति उपस्थित रहे उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की प्रशंसा की ।

## संशोधनों के विरोध में वकील हुए लामबंद

**आगरा।** केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम में अधिवक्ताओं के खिलाफ प्रस्तावित संशोधनों के विरोध में आगरा कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन की एक सभा आयोजित की गई ।अधिवक्ताओं ने एक स्वर से प्रस्तावित संशोधनों का विरोध करते हुए एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के नाम का जिलाधिकारी आगरा को सौंपा ।ज्ञापन में कहा गया है कि अधिवक्ता समाज न्यायिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। जिसे केन्द्र सरकार द्वारा कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है और अधिवक्ताओं के विरूद्ध दमनकारी कानून पारित किया जा रहा है।अधिवक्ता समाज एक स्वर से काले कोट के खिलाफ काला कानून वापस लेने की अबिलम्ब मॉग करता है तथा उ0प्र0 शासन से मॉग करता है कि अधिवक्ता अधिनियम में दमनकारी संशोधन अबिलम्ब वापिस हो अन्यथा अधिवक्ता समाज संपूर्ण देश में सत्याग्रह आन्दोलन करने के लिए विवश व वाध्य होंगे।

## तेजाब फैक्ट्री में लगी भीषण आग हजारों टन केमिकल से हुआ हादसा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** शहर के बाहर स्थित देहात कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक तेजाब फैक्ट्री में आग लग गई। जिससे आस-पास हड़कंप मच गया। हाईवे पर भी वाहनों का लंबा जाम लग गया। जानकारी पाते ही मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियां पहुँच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।घटना देहात कोतवाली क्षेत्र के बिजावर में स्थित द



लक्ष्मी आर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड तेजाब फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। फैक्ट्री में रखे हजारों टन केमिकल और तेजाब की चपेट में आने से स्थिति गंभीर हो गई है। फैक्ट्री के अंदर रखे कई ड्रम फटने की आवाज से आस-पास इलाके में अफरा-तफरी मच गई। फैक्ट्री के अंदर से निकलता धुंआ कई किलोमीटर तक दिखाई दिया। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। आग की घटना के बाद आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। मौके पर एसडीएम सदर के साथ पुलिस बल भी तैनात है। प्रशासन की टीम स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## मकान सत्यापन विवाद के बाद युवक का अपहरण पुलिस ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** मकानों के सत्यापन और जियो टैगिंग के दौरान हुए विवाद में तीन लोगों ने एक युवक का अपहरण कर लिया। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को कुछ ही घंटों में बरामद कर लिया, वहीं दो अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया। तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तलाश जारी है।

19 फरवरी को लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैतियापुर में मकानों के सत्यापन के दौरान महेश और सत्यापन करने वाले लोगों के बीच विवाद हो गया।

विवाद के बाद, सत्यापन करने वाले लोगों ने रंजिश के चलते महेश को लालपुर बाजार से लखनऊ की बस पकड़ने के दौरान मारपीट कर अपहृत कर लिया।महेश की मां ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की और तलाश शुरू की। पुलिस ने कुछ ही समय में महेश को ग्राम बसंतीपुर, हजाराबाग से सकुशल बरामद किया और दो आरोपियों, लकीराज और रामेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया। घटना में शामिल मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने सीज कर दिया है। तीसरे फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## पायल कपूर की आंखे देखेंगी दुनिया संक्षम संस्था ने कराया 252वां नेत्रदान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।**प्रेम नगर निवासी पायल कपूर का 32 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई। जिसके बाद उनके भाई आकाश कपूर, शम्मी कपूर, एवं सुरेंद्र कपूर ने सक्षम संस्था के पदाधिकारियों को फोन के माध्यम से अवगत कराया। इसके बाद सक्षम संस्था के जिला मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल व संदीप भरतिया आंख ने आंख अस्पताल के डॉक्टरों की टीम प्रेम नगर पहुंचे। जहां डॉ. रमेश बिंदल, पल्लवी, पारुल मितेश और डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता एक छोटे से ऑपरेशन के द्वारा नेत्रदानी की दोनों कॉर्निया सुरक्षित कर ली। महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने नेत्रदानी परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा



नेत्रदान एक बहुत ही सरल प्रक्रिया है। जिसमें नेत्रदानी की पूरी आंख ना निकाल के केवल एक झिल्ली निकाली जाती है जिसे हम कॉर्निया कहते हैं। यही कॉर्निया जब दूसरे व्यक्ति को लगाई जाती है। कोषाध्यक्ष अक्षत अग्रवाल ने बताया कि नेत्रदान के प्रति सभी लोग बहुत जागरूक हो रहे हैं। जब किसी के घर में कोई मृत्यु हुई हो और वह नेत्रदान करना चाहते हो तो मृतक की दोनों आंखें बंद करके आंखों के ऊपर गिला कपड़ा रख देना चाहिए। नेत्रदानी की पूरी आंखें न निकाल करके केवल कार्निया निकाली जाती है। इस अवसर पर सुभाष अग्निहोत्री ने कहा कि नेत्रदान का संकल्प करें मृत्यु के बाद मृत्युंजय बने, साथ उन्होंने कहा जीते जी हमने बहुत परोपकार के कार्य किए होंगे, लेकिन जाते-जाते अगर हम नेत्रदान कर दे तो दो लोगों के जीवन में हमेशा के लिए रोशनी आ जाएगी। जिससे बड़ा कोई दान हो ही नहीं सकता। विकास अग्रवाल ने कहा कि सक्षम संस्था के द्वारा यह 252 वॉ नेत्रदान करवाया गया है।

## संशोधित अधिवक्ता बिल मंजूर नहीं- देवानंद सिंह

### बांहों में काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन, अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के लगते रहे नारे

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर बार एसोसिएशन मेजा द्वारा नए अधिवक्ता बिल 2025 के विरोध में बार एसोसिएशन मेजा के अध्यक्ष देवानंद सिंह के नेतृत्व मे अधिवक्ताओं ने बाहों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया है।अधिवक्ता एकता जिंदाबाद, नया कानून वापस लो के नारे लगाए गए। अध्यक्ष ने कहा कि नया बिल आधिवक्ताओं को मंजूर नहीं है।प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे बार अध्यक्ष देवानंद सिंह ने कहा कि सरकार संसोधित अधिवक्ता बिल थोपना चाहती है। नए बिल के जरिए आधिवक्ताओं की आवाज दबाने का कुत्सित प्रयास है और संवैधानिक अधिकारों का हनन होगा। हम अपने



हक और हित के लिए चुप नही बैठेंगे। यदि सरकार हमारी मांगों पर गम्भीरता से विचार नही करती तो प्रदर्शन आगे आंदोलन में बदल सकता है।प्रदर्शन में अधिवक्ता एकता के नारे लगते रहे। प्रदर्शन में एसपी मिश्रा व सतीश चंद दुबे व राम आज्ञा शुक्ला व आनंद कुमार पांडेय व दुर्गेश चंद्र तिवारी व उमाकांत मिश्रा सभी पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता योगेंद्र नारायण शर्मा, बैजनाथ यादव, राकेश प्रकाश सोनकर, कमला शंकर शुक्ला, अनिल कुमार यादव, अनिल कुमार पांडेय,राम तीरथ सरोज, संतोष पटेल एडवोकेट, उप मंत्री प्रवीण कुमार यादव, ऑडिटर हरिश्चंद्र यादव व कमल नारायण पांडेय, लोकेंद्र सिंह एडवोकेट, ओमप्रकाश मिश्रा, राजीव शुक्ला, राजीव गहरवार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता कानून संशोधन बिल 2025 के विरोध में गरजे अधिवक्ता, विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आवाहन में पूरे प्रदेश में अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में अधिवक्ताओं के द्वारा जमकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है एवं संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देकर न्यायिक कार्य से विरत रहें।

इसी क्रम में जनपद के तहसील मंझनपुर में भी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आवाहन में सभी अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार श्रीमती मधु जैन को ज्ञापन देकर सभी न्यायालयों के न्यायिक कार्य से विरत रहे।

इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील श्रीवास्तव , अधिवक्ता शत्रुघ्न मिश्र



,अधिवक्ता सुरेन्द्र कुमार मिश्र ,अधिवक्ता संजय कुमार मिश्र ,अधिवक्ता दीपक कुमार मिश्र ,अधिवक्ता लखन लाल गर्ग ,अधिवक्ता बलराम त्रिपाठी ,अधिवक्ता हरिमोहन मिश्र ,अधिवक्ता हरिशरण सिंह , अधिवक्ता रामबाबू मिश्र ,अधिवक्ता रविशंकर दुबे , अधिवक्ता शेषनारायण दुबे , अधिवक्ता ईश प्रकाश श्रीवास्तव ,अधिवक्ता राजेश शुक्ल, अधिवक्ता मानसिंह यादव ,अधिवक्ता अभिषेक खरे ,अधिवक्ता सियाराम सिंह , अधिवक्ता अरुण कुमार , अधिवक्ता सुनील कुमार , अधिवक्ता मो0 शरीफ , अधिवक्ता अशोक मिश्र , अधिवक्ता मो0 उस्मान , अधिवक्ता मनीष कुमार , अधिवक्ता शशिकांत आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## गाड़ी से टक्कर लगने के बाद कार सवार दबंगो ने बाइक सवार चेयरमैंन के भाई को जमकर पीटा




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा,कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के सिराथू कस्बा स्थित रेलवे पुल पर कार में टक्कर लगने के बाद कार सवार दबंगो ने बाइक सवार चेयरमैंन सिराथू के भाई को जमकर पीटा इसके बाद हंगामा खड़ा हो गया सिराथू संत मालूक दास रेलवे पुल पर घंटों जाम लगा रहा नगर पंचायत की तरफ से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे खराब थे ।

जिससे मारपीट की घटना वीडियो सीसीटीवी कैमरा फर्स्ट में कैद नही हुई गलत फहमी में लोगों ने समझा वही दोषी है लोगों ने गाड़ी में हमला कर दिया उग्र लोगों ने राहगीर की गाड़ी में तोड़फोड़ की दोनों तरफ के दरवाजा और सामने का कांच चकनाचूर हुआ आक्रोशित परिजनों और कस्बा वासियों ने सिराथू चौकी का घेराव किया हमलावर मार पीट करने के बाद कार छोड़ मौके फरार हो गए सैनी कोतवाली पुलिस इंस्पेक्टर बृजेश करवरिया ने लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की दोषियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया फिर लोगों ने अपने घर जाने का फैसला लिया सैनी कोतवाल भारी पुलिस बल के साथ चौकी सिराथू में मौजूद आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे है।

## समाजसेवी सूर्य बली मौर्य को भारी संख्या में लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** विधानसभा प्रतापपुर क्षेत्र के छतौना (कसौझा) गाँव निवासी समाजसेवी सूर्य बली मौर्य की श्रद्धांजलि समारोह में भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आपको बताते चलें कि छतौना कसौझा गांव निवासी अपना दल एस के जिला सचिव विनोद कुमार मौर्य के पिता पशु चिकित्सक डां0सूर्य



बली मौर्य की 6 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था। शुक्रवार को उनके आवास पर श्रद्धांजलि समारोह अर्पित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों के अलावा पार्टी के विधान सभा अध्यक्ष धर्म राज पटेल समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता और नेता गण उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में आए सभी लोगों का पार्टी के जिला सचिव विनोद कुमार मौर्य द्वारा आभार जताया गया।

## भगवत नाम महिमा का बखान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी ।** श्री संकीर्तन भवन धार्मिक न्यास ट्रस्ट झूंसी प्रयागराज में पूज्यपाद प्रभुदत्त जी महाराज के कृपापात्र स्वामी दयानंद जी महाराज के निर्देशन अंतरराष्ट्रीय मन्दिर प्रबंधक परिषद द्वारा कराए जा रहे 108 त्रिशूलों का पूजन के 21 दिवस के कार्यक्रम में महाराष्ट्र से आए हुए संत श्री आनंद जी महाराज उपस्थित



होकर भगवत नाम की महिमा पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्राचार्य डॉ सिया राम त्रिपाठी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में संस्था की मंत्री श्री मती रजनी मेहरोत्रा, श्री मती शकुन्तला शर्मा, प्रेम लाल मिश्र, राजेंद्र द्विवेदी, राम जी त्रिपाठी, अमन, आदित्य, सौरभ तथा अन्य सैकड़ों की संख्या में भक्त आदि उपस्थित रहे।